सुप्रभात

रांची, बुधवार

17.05.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 301




12 बागेश्वर बाबा ने पटना के महावीर मंदिर में लगायी हाजिरी

## न्यूज डायरी

### पूजा सिंघल की बिगड़ी तबीयत, रिम्स में भर्ती

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को मंगलवार देर शाम रिम्स में एडमिट किया गया है। उन्हें सिर दर्द, चक्कर आने सहित अन्य परेशानियों की शिकायत के बाद उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से रिम्स लाया गया है। रिम्स अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरूआ ने बताया कि पूजा सिंघल को फिलहाल न्यूरोलॉजी विभाग के डॉ सुरेंद्र की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। उन्हें पेइंग वार्ड में रखा गया है।

### इसी माह हो सकता है नये संसद भवन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** नये संसद भवन का उद्घाटन 30 मई के आसपास हो सकता है। नये संसद भवन की साफ-सफाई शुरू हो गयी है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस भव्य इमारत इस महीने के अंत तक तैयार हो जाने की संभावना है।

### नोकझोंक के बाद फंदे से झूला दंपती, पत्नी की मौत

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के गम्हरिया में आपसी कहासुनी के बाद दंपती ने फांसी लगा ली। इसमें पत्नी सोनी देवी की मौत हो गयी। जबकि पति मंटू चौधरी की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### राज्य सरकार ने हाई कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को देवघर स्थित त्रिकुट पहाड़ में हादसे से तीन लोगों की मौत मामले में स्वत: संज्ञान की सुनवाई हुई। राज सरकार ने कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल किया।

### नेता प्रतिपक्ष मामले की सुनवाई अब 15 जून को

**रांची।** एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को दलबदल मामले की सुनवाई हुई। विस्तृत सुनवाई की तारीख 15 जून तय है।

### पीएलएफआइ सदस्य हथियार के साथ धराया

**खूंटी।** पीएलएफआई सदस्य हेरमन बारला को रनिया पुलिस ने निचितपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस के अलावा संगठन का पर्चा और मोबाइल बरामद किया है।

### राहुल मामले में आज सुनाया जायेगा फैसला

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार तक दोनों पक्षों को दलीलों का सारांश दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। 2018 में चाईबासा में कांग्रेस की एक सभा में राहुल ने भाजपा नेता अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

---

सीएम ने दिल्ली में झारखंड भवन का किया निरीक्षण

# गड़बड़ी पर दिया जांच का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नयी दिल्ली प्रवास के दौरान निर्माणाधीन झारखंड भवन के सभी सात फ्लोर का निरीक्षण किया। सीएम ने इस क्रम में कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल, मुख्यमंत्री कक्ष, गेस्ट रूम, गवर्नर सुइट समेत अन्य स्थलों का बारीकी से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री असंतुष्ट नजर आये और 15 दिनों के अंदर झारखंड भवन निर्माण को लेकर जिम्मेवार अधिकारियों एवं सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा। बाद में सीएम ने भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों, सलाहकार और कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी की। जिसमें नई दिल्ली में बन रहे झारखंड भवन के निर्माण में खर्च होने वाले बजट की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने भवन की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं अतिथि सुविधा के लिए आवश्यक बदलाव करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। मालूम हो कि कोरोना काल की वजह से काम पर रोक और तकनीकी चुनौतियों के कारण झारखंड भवन निर्माण कार्य में विलंब हुआ। सीएम ने कहा कि झारखंड भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता अपनी पहचान स्थापित करे, ऐसा प्रयास करें। झारखंड भवन निर्माण कार्य में अगर अनिमियतता सामने आती है तो जिम्मेदार व्यक्ति बख्शे नहीं जायेंगे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा, भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार व अन्य मौजूद थे।

---

कर्नाटक : तीसरा नाम भी आने से बढ़ा संकट, खड़गे कर सकते हैं ऐलान

# डीके या सिद्धारमैया, सीएम के नाम से आज उठेगा पर्दा

- कांग्रेस ने बुलायी विधायक दल की बैठक, सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लगने की खबर

एजेंसी



**बेंगलुरू/नयी दिल्ली।** कर्नाटक में कांग्रेस का मुख्यमंत्री कौन होगा इस रहस्य से पर्दा जल्द उठ सकता है। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को बेंगलुरु में नये सीएम के नाम का ऐलान कर सकते हैं। वे ऐलान कर सकते हैं कि नये सीएम डीके शिवकुमार होंगे या फिर सिद्धारमैया। इस बीच, सीएम के लिए एक नया दावेदार भी सामने आ गया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जी परमेश्वर ने अपनी दावेदारी पेश कर कहा कि अगर पार्टी आलाकमान उन्हें सीएम पद की जिम्मेदारी देती है तो वह इसे संभालने के लिए तैयार हैं। (शेष पेज 11 पर)

#### सामने आया तीसरा दावेदार

इस बीच, कर्नाटक के सीएम के लिए एक नया दावेदार भी सामने आ गया है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जी परमेश्वर ने वस्तुतः अपनी दावेदारी पेश करते हुए कहा कि अगर पार्टी आलाकमान उन्हें मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी देती है तो वह इसे संभालने के लिए तैयार हैं। राज्य में 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को हुए चुनाव में कांग्रेस ने शानदार जीत हासिल करते हुए 135 सीट अपने नाम कीं, जबकि भाजपा और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा नीत जनता दल-सेक्युलर ने क्रमशः 66 और 19 सीट जीतीं।

---

# दिल्ली, गुरुग्राम और पटना सहित देशभर में 9 जगहों पर सीबीआइ रेड

**लैंड फॉर जॉब मामला**

- पटना, आरा, गुरुग्राम, रेवाड़ी, नोएडा और दिल्ली में प्रेम चंद गुप्ता, किरण देवी के घर की तलाशी

एजेंसी

**पटना, नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने नौकरी के बदले जमीन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को कई राज्यों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की विधायक किरण देवी और राज्यसभा सदस्य प्रेम चंद गुप्ता से संबंधित नौ ठिकानों पर छापेमारी की। दोनों नेता राजद सुप्रीमो लालू के बेहद करीबी बताये जाते हैं। सीबीआइ अधिकारियों ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में राजद विधायक किरण देवी और राज्यसभा सदस्य प्रेमचंद गुप्ता के परिसरों सहित विभिन्न राज्यों में कुल नौ परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि बिहार के आरा और पटना में किरण देवी और उनके पति अरुण सिंह के परिसरों एवं गुरुग्राम, रेवाड़ी, नोएडा और दिल्ली में गुप्ता के परिसरों की तलाशी ली गयी। ये सभी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बेहद करीबी बताये जाते हैं।

**किरण के परिजनों ने साधी चुप्पी :** सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने मंगलवार सुबह पटना के हार्डिंग रोड स्थित आरा के संदेश विधानसभा सीट से राजद विधायक किरण देवी के आधिकारिक परिसर पर छापा मारा। यहां से कुछ दस्तावेज एकत्र किए। सीबीआइ की तलाशी को लेकर किरण देवी के परिजन चुप्पी साधे हुए हैं। (शेष पेज 11 पर)

#### नियमों का उल्लंघन कर नियुक्ति का आरोप



रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद के इन दोनों नेताओं की कथित भूमिका सामने आने के बाद उनके परिसरों में तलाशी ली गयी। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहते हुए भर्ती के नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर मध्य रेलवे में नियुक्तियां करने का आरोप है। आरोप है कि नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक नोटिस जारी नहीं किया गया था, लेकिन पटना के कुछ निवासियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित विभिन्न जोनल रेलवे में नियुक्त

**राजद का आरोप :** सीबीआइ की तलाशी पर राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने आरोप लगाया, कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम से हिल गयी भाजपा नीत केन्द्र सरकार ने चुनावी मैदान के बाहर स्कोर तय करने के लिए एक बार फिर केन्द्रीय जांच एजेंसियों, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग का दुरुपयोग करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, हमारे नेताओं के घर आज की तलाशी ने एक बार फिर भाजपा का पदार्फाश कर दिया है कि वह विपक्षी नेताओं के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कैसे कर रही है।

---

### जैक बोर्ड का गठन

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरत विभाग ने जैक बोर्ड का गठन जैक को भेज दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना विभाग की ओर से जारी कर दी गयी है। इसमें कहा गया है कि झारखंड अधिविध परिषद जैक संशोधन अधिनियम 2006 की धारा 4(1) में प्रख्यापित प्रावधान के अंतर्गत विधि विभाग झारखंड द्वारा निर्गत एलजी झारखंड अधिनियम 2007 के आलोक में अधोलिखित सदस्यों से युक्त झारखंड अधिक परिषद का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष पदेन जैक के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो और उपाध्यक्ष विनोद सिंह होंगे।

- कई शिक्षाविदों के साथ तीन विभाग बनाये गये मेंबर

(शेष पेज 11 पर)

---

# अमन श्रीवास्तव मुंबई से गिरफ्तार

मुंबई एटीएस की मदद से पकड़ा गया कुख्यात गैंगस्टर : डीजीपी

- 23 कांडों के आरोपी को आज लाया जायेगा रांची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के छह जिलों की पुलिस के लिए सिरदर्द बना कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को मुंबई से सोमवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद झारखंड एटीएस की टीम उसे बुधवार को रांची लायेगी। राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि अमन श्रीवास्तव गिरोह झारखंड के टॉप 10 संगठित आपराधिक गिरोहों में से एक है। इसके मुखिया का पकड़ा जाना राज्य पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। बताया कि अमन श्रीवास्तव को मुंबई के वर्ली रेलवे स्टेशन से महाराष्ट्र एटीएस की सहायता से गिरफ्तार किया गया है।



प्रेस को संबोधित करते डीजीपी, साथ में संजय लाटेकर और सुरेंद्र झा।

**बड़ी सफलता, गैंग पर लगाम :** झारखंड के संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही एटीएस की टीम को साल की सबसे बड़ी सफलता हाथ लगी है। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी को लेकर झारखंड एटीएस पिछले छह महीने से लगातार काम कर रही थी। इस दौरान अमन के गैंग पर एटीएस लगातार प्रहार कर रही थी। यही कारण है कि एटीएस की टीम को सफलता मिली और आखिरकार एटीएस ने अमन श्रीवास्तव को शिकंजे में ले ही लिया। डीजीपी श्री सिंह ने बताया कि पिछले एक महीने से झारखंड एटीएस की टीम महाराष्ट्र में अमन को पकड़ने के लिए डेरा डाले हुई थी। (शेष पेज 11 पर)

---

# छवि रंजन भेजे गये जेल अगली सुनवाई 25 को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी व रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रिमांड अवधि खत्म होने के बाद इडी ने मंगलवार को उन्हें पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। पेशी के बाद अदालत ने छवि रंजन को 25 मई तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया। कोर्ट में पेश करने से पहले छवि रंजन की मेडिकल जांच करायी गयी। उनका बीपी, सुगर और पल्स सभी सामान्य था उनका कोविड टेस्ट भी निगेटिव आया। मामले में अगली सुनवाई अब 25 मई को होगी। अब छवि रंजन को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रहना होगा। गिरफ्तार किये जाने के बाद इडी ने छवि रंजन से लगातार दस दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। 16 मई छवि रंजन के रिमांड का आखिरी दिन था। (शेष पेज 11 पर)

**जेल अधीक्षक और जेलर को समन जारी होगा :** जेल में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन और प्रेम प्रकाश की हुई मुलाकात ने रांची जेल प्रशासन को सवालों के घेरे में ला दिया है। सोमवार को ईडी के द्वारा जेल से हासिल किये सीसीटीवी फुटेज ने भूचाल ला दिया है। इस मामले में दोनों की मुलाकात का खुलासा हुआ। इस मामले में पूछताछ करने के लिए इडी जल्द ही रांची के जेल अधीक्षक और जेलर को समन जारी करेगी।

### अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की होगी जांच

**रांची।** राज्य सरकार को मिल रही विभिन्न गड़बड़ियों-कमियों की शिकायत के बाद यह निर्णय लिया गया है कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जांच की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज-अस्पताल व सदर अस्पताल में चल रही स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों की स्थिति के निरीक्षण व जांच के लिए पांच अलग-अलग जांच दल का गठन किया है। विभिन्न जिलों के लिए टीम गठित की गयी है। 20 मई को एक साथ योजनाओं की जांच प्रारंभ होगी। (शेष पेज 11 पर)

- टीम गठित, गड़बड़ी की शिकायत पर निर्णय

---

रोजगार मेला : पीएम ने 71 हजार युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

# युवाओं को सशक्त बनाने का माध्यम है मेला

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी को मजबूत करने का प्रयास है। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रोजगार मेले के तहत सरकारी विभागों में नवनियुक्त भर्तियों को करीब 71,000 नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, आज 70 हजार से अधिक युवाओं को भारत सरकार के विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। आप सभी ने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। मैं आपको और आपके परिवार को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

रोजगार मेले का आयोजन देशभर में 45 स्थानों पर किया गया। भर्तियां इस पहल को समर्थन देने वाले केंद्रीय सरकारी विभागों और राज्य सरकारों व केंद्र शासित क्षेत्रों में की जा रही हैं। देशभर से चयनित नव-नियुक्तों को ग्रामीण डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक व टिकट लिपिक, कनिष्ठ लिपिक व टंकक, नर्सिंग अधिकारी, सहायक सुरक्षा अधिकारी, दमकल अधिकारी सरीखे विभिन्न पदों पर रखा जायेगा। रोजगार मेला, रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने के प्रति प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। मेले से यह संभावना है कि वह आगे रोजगार सृजन तथा युवाओं के सशक्तिकरण व राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये उन्हें सार्थक रोजगार अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभायेगा।




## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

(2nd Call)

Tender Notice No.-DWSD/GAR-SVS-22 / 2022–23 Dated – 15.05.2023

| Sl. No. | Name of Work | Group No. | No. of Schemes | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Tetardih, SVS under Ramkanda Block | Gar-21 | 06 Nos. | 48,63,995.00 | 97,500.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | | 17.05.2023/12:30 P.M. | | | | |
| 3 | Last date & time of Bid Submission | | 22.05.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | | 23.05.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (1) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (2) Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar. | | | | |
| 5 | Date & time of Opening Tender | | 24.05.2023/05:00 P.M. | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| 7 | Name & Address of Opening Officer | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement office | | 9973003856 | | | | |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | | 0651-2490920 | | | | |

नोट–(i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO. 297527 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



## E-Procurement cell
## Office of the Executive Officer
## Nagar Parishad Mihijam, Jharkhand
## Urban Development & Housing Department

e-procurement Notice

Very Short Tender notice

NIT No. - 13/2022-23 (2nd Call), Date:-13.05.2023

| SL. No. | E-TENDER REF NO. | NAME OF WORK | TENDER VALUE | TIME OF COMPLETION | EARNEST MONEY DEPOSIT | BID DOCUMENT FEES |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NPM/F2/22-23/06 | Rejuvenation of Bhandari Talab, Ramnagar Under Nagar Parishad Mihijam | Rs. 8846673.00 | 12 months | Rs. 177000.00 | Rs. 10,000.00 |
| 2 | Date of Publication of tender on website | | | 18.05.2023 | | |
| 3 | Closing date and time for receipt of tender on website | | | 25.05.2023 at 15.00 hours | | |
| 4 | Date and place of receiving tender fee, EMD | | | 26.05.2023 till 14.00 hours at tenders inviting office | | |
| 5 | Opening date and time of opening of technical bid | | | 26.05.2023 at 15.00 hours | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | | | Office of Executive Officer, Nagar Parishad Mihijam | | |
| 7 | Helpline number of e-procurement cell | | | +91 7781947390 | | |

NOTE:- AUTHORITY RESERVES THE RIGHT TO CANCEL TENDER WITHOUT SIGHTING ANY REASON THEREOF. FURTHER DETAILS CAN BE SEEN ON WEBSITE HTTP://jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Nagar Parishad Mihijam

PR.NO.297507 Urban Development and Housing(23-24):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा वितरण प्रमंडल, बूटी, राँची–834009

आवश्यक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि दिनांक–19.05.2023 को सुबह 8.00 बजे से शाम 8.00 बजे तक बूटी प्लांट के सम्प की सफाई होनी है, जिस कारण शहरी जलापूर्ति निम्नांकित क्षेत्र जैसे– जयप्रकाश नगर, बड़गाई, बरियातु, रिम्स, करमटोली, लालपुर, मेन रोड, हिन्दपीढ़ी, ओ.सी.सी. जिला स्कूल, किशुनपुर, खिजुरटोला, सुखशान्ति नगर, टंगराटोली, डुमरदग्गा, इरबा, बूटी, हनुमान नगर, एम.ई.एस. दीपाटोली, बांधगाड़ी, ढेलाटोली, इमामकोठी, कोकर, कोकर इन्डस्ट्रीयल ऐरिया, नयाटोली, पत्थलकुदवा, रांची रेलवे, ओल्ड एच0बी0 रोड, खोरहाटोली, कॉटाटोली, कसाई मोहल्ला, इदरीस कॉलोनी, हरिजन मोहल्ला, लोवाडीह, शांति नगर, आजाद कॉलोनी, इस्लाम नगर, खातून नगर, शंकर नगर, चुटिया सामलोंग का भाग, चुटिया मेनरोड का उत्तरी भाग, हाईटेंशन इन्सुलेटर कॉलोनी, धुमासा टोली, रिफ्युजी कॉलोनी, टंगटंग टोली, टुंकी टोली, कटहल टोली, कॉटाटोली, मकचुन्द टोली, चुटिया महादेव टोली, तेली टोली, चुटिया मेन रोड का दक्षिणी भाग, साई टोली, गोसाई टोली, बेनी साहु गली, पावर हाउस, किशन सिंह कॉलोनी, एफ0सी0आई0 गोदाम, भट्ठा टोली एवं आसन्न क्षेत्र। पीसरोड, इन्डस्ट्रीयल एरिया, कुम्हार टोली, पुरूलिया रोड, मोहरम बस्ती, जेवियर नगर, बिरसा मुण्डा सामाधी स्थल, कानवेंटलाईन, उद्धवबाबु लेन, थरपखना, बड़ई टोली, पी0एन0बोस कॉलोनी, ईस्ट जेल रोड, राधागोविन्द स्ट्रीट, गोपीनाथ लेन, मोतीबाबु लेन, कालीचरण लेन, साउथ समाज लेन न0–1,2, ताराबाबु लेन, महेन्द्र महिला कॉलेज काम्पाउण्ड, न्यु नगरा टोली, करमटोली, महिला महा विद्यालय, आदिवासी हॉसटल, वर्दमान कम्पउण्ड का हिस्सा, लालपुर, धोबी घाट रामेश्वरम्, गौतमबुद्ध रोड, अहिर टोली रोड, सैनिक स्कूल लेन, शिवदायल सहाय रोड, श्रद्धानन्द रोड, नौवाटोली, कालीबाबु स्ट्रीट, जगतपाल स्ट्रीट, नीलरतन, नामकुम खेलगॉव, एम.ई.एस. नामकुम, टाटीसिलवे एवं आसन्न क्षेत्र। रातु रोड लाईन से रातु रोड सम्प, मोरहाबादी सम्प, लालपुर सम्प इत्यादि क्षेत्रों में जलापूर्ति दिनांक–19.05.2023 को सुबह 8.00 बजे से शाम 8.00 बजे तक बाधित रहेगी। अगले दिन से सुचारू रूप से जलापूर्ति की जाएगी।

कनीय अभियंता    सहायक अभियंता    कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरिखा वितरण प्रमंडल, रांची

PR.NO.297536 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 06/2023-24 (Re Tender)

1 विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2 Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक :– 18.05.2023
3 ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 24.05.2023 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4 परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये दस्तावेज की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करने की तिथि / स्थान। :– दिनांक 26.05.2023 (अपराह्न 2:00 बजे तक) जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
5 निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 27.05.2023
6 निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
7 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | BOQ का राशि | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदर मेदिनीनगर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सिंगरा कला का निर्माण। | 55.50 | 53.81 | 1.11 | 10000.00 | 6 माह | 07/2023-24 DOPR/DE/ZP/PALAMU |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगा।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचला पट्ट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 297540 District(23-24).D



## कार्यालय
## प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल

–: आवश्यक सूचना :–

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 25.05.2023 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार / वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 11/2020 | 19.06.2020 | मनीषा देवी | Tractor Reg. No. JH-19B-3514 | कोयला–80 CFT |
| 02 | 09/2023 | 26.03.2023 | अरविन्द कुमार यादव, हिरमनिया देवी, अर्जुन यादव, छठन मेहता, बिनोद यादव | Tractor Reg. No. JH-19B-1625 Tractor Reg. No. JH-19D-6836 Tractor Reg. No. JH-08E-8314 Tractor Reg. No. JH-14C-2353 Tractor Reg. No. JH-08F-7712 | बालू–400 CFT |
| 03 | 10/2023 | 12.04.2023 | पंकज कुमार | Tractor Reg. No. JH-19B-5145 | बालू–100 CFT |
| 04 | 11/2023 | 12.04.2023 | कामेश्वर गंझू | Tempu Reg. No. JH-19A-5080 | कोयला–60 CFT |
| 05 | 12/2023 | 15.04.2023 | अमित कुमार सिंह | Tractor Reg. No. JH-19C-1940 | सखुआ बल्ली–30 पीस |
| 06 | 13/2023 | 15.04.2023 | शंकर भुईयां, रूपेश सिंह, इन्द्रदेव उरांव | --- | साल चौकठ विरान–08 पीस |
| 07 | 35/2022 | 11.11.2022 | इनोद तुरी | Truck Reg. No. JH-02AF-1522 | कोयला–25.02 MT |
| 08 | 15/2023 | 28.04.2023 | रियाजुल अंसारी | Tractor Reg. No. JH-19A-5973 | कोयला–02 टन |
| 09 | 16/2023 | 03.05.2023 | इसराफील मियां, जाकीर अंसारी, विजेन्द्र साव | Motorcycle Reg. No. HR-27N-4276 | कोयला–03 टन |
| 10 | 17/2023 | 07.05.2023 | जगरनाथ साव | Motorcycle Reg. No. JH-08B-7336 | कोयला–04 क्विंटल |
| 11 | 18/2023 | 10.05.2023 | लालदेव यादव | Motorcycle Reg. No. JH-19C-1648 | कोयला–02 क्विंटल |
| 12 | 19/2023 | 10.05.2023 | रूपेश कुमार | Pickup Van Reg. No. JH-01P-1314 | कोयला–100 CFT |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR 297524 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D


## भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित

# जनता की चाहत- तीसरी बार भी मोदी की सरकार हो सत्तारूढ़ : दीपक प्रकाश

**17 से 21 मई के बीच जिला कार्यसमिति की होगी बैठक, 18 से 24 के बीच विभिन्न मंडलों की कार्यसमिति निर्धारित**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति की एकदिवसीय बैठक मंगलवार को सरला-बिरला स्कूल सभागार में हुई। इस अवसर पर सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि देश की जनता की चाहत है कि तीसरी बार मोदी सरकार सत्तारूढ़ होगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष भारत के स्वाभिमान और सम्मान का वर्ष है। यह गांव गरीब किसान के कल्याण का वर्ष है। यह अंत्योदय से सर्वोदय का वर्ष है। यह देश को निराशा से आशा में बदलने का वर्ष है। यह बढ़ती अर्थव्यवस्था का वर्ष है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता इन उपलब्धियों के साथ 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महासंपर्क अभियान को सफल बनायेंगे। उन्होंने कहा कि यह महासंपर्क अभियान पार्टी को सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सर्व समावेशी बनाने के साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने कहा जनता झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए कमर कस चुकी है। उन्होंने कहा कि जनता भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से निजात चाहती है। डबल इंजन सरकार की विकास गाथा जनता याद कर रही है।

बैठक में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीचंद वाजपेयी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, नागेंद्र त्रिपाठी व कर्मवीर सिंह ने संबोधित किया।

बैठक में डॉ रवींद्र कुमार राय, डॉ यदुनाथ पांडेय, दिनेशानंद गोस्वामी, अभयकांत प्रसाद, राज पालीवार, गंगोत्री कुजूर, विनोद शर्मा, अपर्णा सेन गुप्ता, प्रणव वर्मा, आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, नवीन जायसवाल, मुनेश्वर साहू, काजल प्रधान, रीता मिश्रा, मिस्त्री सोरेन, शर्मिला रजक, दीपक बंका, सूरज चौरसिया, पंकज सिन्हा, राजश्री जयंती, शिवपूजन पाठक, कोचे मुंडा, सुरेंद्र महतो, अशोक बड़ाइक, प्रेम मित्तल, रमेश पुष्कर, राजीव तिवारी, तारिक इमरान, प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, मिस्फिका हसन, सरोज सिंह, अविनेश कुमार सिंह, कुणाल षाड़ंगी, रवि भट्ट आदि थे।

## देश प्रधानमंत्री नमो के हाथ में सुरक्षित : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत माता प्रधानमंत्री नमो के हाथों सुरक्षित है। श्री वाजपेयी मंगलवार को प्रदेश कार्य समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा और विकास के लिए नरेंद्र मोदी जी के प्रति जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि महा संपर्क अभियान में हम हर घर की चौखट पर जायें। उन्होंने नई पीढ़ी को डिजिटल माध्यम से जोड़ने का आह्वान किया।

विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में कश्मीर फाइल और केरला स्टोरी यदि पर्दे पर दिखाई जा रही तो यह नरेंद्र मोदी सरकार के कारण ही संभव है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास की पर्याय है। उन्होंने कहा कि महासंपर्क अभियान में केंद्र सरकार की उपलब्धियों और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ राज्य की भ्रष्ट सरकार की लूट और झूठ को भी उजागर करें।

रघुवर दास ने कहा कि मोदी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के साथ देश की विघटनकारी ताकतें भी आज मोदी सरकार के खिलाफ सक्रिय हो रही हैं। हमे उनके मंसूबों पर पानी फेरने के लिए संपर्क को संवाद को जनता से बढ़ाना है।

वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्ष आदिवासी दलित पिछड़े समाज के उत्थान का वर्ष है। यह समाज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास की मुख्यधारा में तेजी से जुड़ा है।

## देवघर त्रिकुट पहाड़ हादसा : राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में सौंपी रिपोर्ट

**रांची।** त्रिकुट पहाड़, देवघर में एक्सीडेंट से तीन लोगों की मौत मामले में मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल की गयी। कोर्ट को बताया गया त्रिकुट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया है क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाए। लेकिन अब तक दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ओर से नोटिस का कोई जवाब नहीं आया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 जुलाई निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में मामले में बीआईटी मेसरा व सिंफर की ओर से कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी गई थी। बता दें कि त्रिकुट पहाड़ पर रोप वे में अप्रैल 2022 में दुर्घटना में 3 लोगों की जान चली गई थी। इस पर कोर्ट में स्वतः संज्ञान लिया था।

## गर्मी की छुट्टी में भी सरकारी स्कूलों के कार्यालय खुले रहेंगे

**रांची।** गर्मी की छुट्टी में झारखंड के सरकारी स्कूलों के कार्यालय खुले रहेंगे। इसको लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दे दी गयी है। अधिकारियों से इसका पालन करने को कहा गया है। आदेश में सचिव ने कहा है कि कोर्ट के 15 दिसंबर, 2022 को पारित आदेश के अनुपालन में राज्य के माध्यमिक विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है। अनुशंसित योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री रांची के खेलगांव में 19 मई, 2023 को दिये जाने का कार्यक्रम निर्धारित है। सचिव ने निर्देश दिया है कि नियुक्ति की कार्रवाई के लिए राज्य के सभी माध्यमिक विद्यालय का कार्यालय ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय 25 मई, 2023 तक खुला रहेगा। नवनियुक्त शिक्षकों का जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 मई से 3 जून, 2023 तक निर्धारित है।

## खबर एक नजर में

### सुखदेव भगत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और लोहरदगा से विधायक रहे सुखदेव भगत को लोहरदगा में घेराव प्रदर्शन मामले में अंतरिम राहत मिली है। हाईकोर्ट ने सुखदेव भगत की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के दिन केस डायरी की मांग की है। सुखदेव भगत के खिलाफ खिलाफ एक घेराव कार्यक्रम के दौरान सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप है।

### हाई कोर्ट ने राहुल गांधी पर फैसला रखा सुरक्षित

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी से जुड़े मामले में रांची सिविल कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में प्रतिवादी नवीन झा को लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया था। भाजपा नेता नवीन झा की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज करायी गयी थी।

### नेता प्रतिपक्ष मामले में 15 जून को होगी सुनवाई

**रांची।** एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की बेंच में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 15 जून मुकर्रर की है। बता दें कि हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने सूचना आयुक्त समेत अन्य बोर्ड और निगम में नियुक्ति को लेकर जनहित याचिका दायर की है। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सुनवाई के लिए दो बिंदु तय किये हैं। विधानसभा अध्यक्ष को कोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लेने का निर्देश दे सकता है या नहीं और जब विरोधी दल ने अपना नेता चुनकर विधानसभा अध्यक्ष को नाम भेज दिया है तो क्या उसे अनिश्तिकाल तक पेंडिंग रखा जा सकता है।

### 30-31 मई को भाजपा की लॉच रैली

रांची। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में बताया गया कि 30–31 मई को लॉच रैली आयोजित होगी। 2 और 3 जून को लोकसभा स्तरीय विकास तीर्थ का आयोजन होगा। 4 जून को लोकसभा स्तरीय सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स मीट होंगे। 5–6 जून और 19–20 जून को विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। वहीं 7–8 जून को विधानसभा स्तरीय वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भोजन के साथ परिचर्चा होगी। जबकि 10–11 जून को लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा का आयोजन होगा। 12–13 एवं 14 जून को विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन होगा। 15 जून को लोकसभा स्तरीय प्रेसवार्ता आयोजित होगी। 30 जून को हूल दिवस कार्यक्रम शक्ति केंद्र पर आयोजित कर भाजपा सरकार द्वारा जनजाति समाज के उत्थान के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों की चर्चा होगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में तेजी लायें : राजेश्वरी

**सभी जिलों के मनरेगा मजदूरों की शत–प्रतिशत आधार सिडिंग करने का निर्देश**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण में तेजी लायें। वह मंगलवार को सर्ड सभागार में मनरेगा की योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने मनरेगा की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए सभी जिलों के परियोजना पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने ने बिरसा हरित ग्राम योजना, विकास योजना, आंगनबाड़ी योजनाओं में प्रगति लाने का निर्देश दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित हों और योजनाओं का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा।

मनरेगा आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा योजनांतर्गत सक्रिय मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित योजनओं का अवलोकन कर उन्हें पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर लंबित एटीआर के साक्ष्य भी अपलोड करने को भी कहा।

मनरेगा आयुक्त ने वित्त वर्ष 2019-20 की योजनाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान लंबित योजनाओं की जानकारी लेते हुए उसे कार्ययोजना बना कर सभी उप विकास आयुक्तों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।


मनरेगा आयुक्त ने अमृत सरोवर के कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) इत्यादि की भी समीक्षा की गई।

## साढ़े तीन साल बाद भी बोर्ड-निगम का बंटवारा सरकार से मिलकर नहीं कर पायी कांग्रेस

# बोर्ड-निगम में पद की उम्मीद लगाये नेता हो रहे मायूस, मुख्यमंत्री से लगा रहे हैं गुहार

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड में बोर्ड- निगम के खाली पदों को भरने की कवायद एक पहेली बनकर रह गई है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस और उनके नेता, जिन्हें गठबंधन सरकार में रहते प्रेशर पॉलिटिक्स में महारथी माना जाता है, आज खुद प्रेशर में हैं। झामुमो के साथ झारखंड की सत्ता में रहते गठबंधन सरकार के साढ़े तीन साल से ज्यादा हो गये हैं, बावजूद अब तक बोर्ड-निगम का गठन कांग्रेस पार्टी नहीं कर पायी है। इसकी नाराजगी प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधायकों में भी है। हालांकि विधायकों ने अपनी नाराजगी के लिए कभी भी बोर्ड-निगम बंटवारा नहीं होने को खुले तौर पर स्वीकार भी नहीं किया है। मालूम हो कि बोर्ड-निगम बंटवारे




को लेकर कांग्रेसी नेताओं द्वारा अब तक केवल डेडलाइन ही दी जाती रही है। पूर्व प्रदेश प्रभारी रहे आरपीएन सिंह ने जनवरी 2021 तक की डेडलाइन दी थी। कमोबस यही स्थिति वर्तमान प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के कार्यकाल में भी है। पद की आस लगाए बैठे नेताओं और कार्यकर्ताओं को अब तक आश्वासन की घुट्टी ही मिली है।

मालूम हो कि इधर हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद झारखंड में एक बार फिर बोर्ड निगम सुर्खियों में है। ऐसे में बोर्ड निगम के पदों को पाने की आस में सत्तारूढ़ दलों के निराश हो रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को उम्मीद जगी है, लेकिन सच यह है कि सरकार गंभीर ही नहीं हैं।

बता दें कि कांग्रेस में ऐसे दो दर्जन से अधिक नेता और कार्यकर्ता लंबे समय से उम्मीद लगा बैठे हैं कि बोर्ड निगम के खाली पदों पर उन्हें सेवा देने का मौका मिलेगा। इसी तरह झामुमो और राजद के कार्यकर्ताओं की भी मानसिक स्थिति है। नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री को इस संबंध में तत्काल निर्णय लेना चाहिए जिससे कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक काम कर सकें।

### टूट रही है उम्मीद


बार–बार के आश्वासन से बोर्ड निगम में जगह की आस में बैठे इन कार्यकर्ताओं की उम्मीद अब टूटने लगी है। इन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि अपनी ही सरकार में उन्हें इस कदर उपेक्षित क्यों किया जा रहा है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि इनकी नाराजगी बढ़ने से पहले पार्टी के बड़े नेताओं को इसे गंभीरता से लेकर पहल करें, जिससे इनका मनोबल गिरने के बजाय उपर उठा रहे।

### एक बार आश्वासन मिला कार्यकर्ताओं को

बोर्ड निगम के खाली पदों को भरने के लिए एक बार फिर सत्तारूढ़ दलों के बड़े नेताओं का आश्वासन मिला है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे का मानना है कि मई महीने के अंत तक बोर्ड निगम के खाली पदों को भरने का काम हो जाएगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री गंभीर हैं। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा है कि कांग्रेस कार्यकर्ता निराश नहीं होते हैं बल्कि अपनी भावना से पार्टी के आला नेताओं को अवगत कराते रहते हैं। कांग्रेस पार्टी को विश्वास है कि मुख्यमंत्री बहुत जल्द ही बोर्ड–निगम के बंटवारा को लेकर कोई निर्णय लेंगे। इधर सूत्रों का कहना है कि सत्तारूढ़ दलों के अंदर बोर्ड–निगम पर सहमति बन गई है। हाउसिंग बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग, खनिज विकास निगम, महिला आयोग, खादी बोर्ड सहित विभिन्न बोर्ड निगम के खाली पदों पर झामुमो, कांग्रेस और राजद के कार्यकर्ता–नेताओं को मनोनीत किया जाएगा। मगर कब, इसका जवाब नहीं मिलता।

# स्वस्थ जीवन के लिए अपने ब्लड प्रेशर को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें : डॉ कल्याण कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित एक कार्यक्रम में जनरल फिजिशियन एवं डायबिटोलॉजीस्ट डॉ कल्याण कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 17 मई को हाई ब्लड प्रेशर के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। आमतौर पर दो तरह से ब्लड प्रेशर को वर्गीकृत किया जाता है, प्राइमरी या एसेंशियल हाइपरटेंशन जो 95% मामलों में पाया जाता है। और इसके कोई कारण का पता नहीं चलता है। बाकी के मामलों में सेकेंडरी हाइपरटेंशन होता है, जो थायराइड की बीमारी, ह्रदय रोग की बीमारी एवं अन्य ग्रंथियों से संबंधित बीमारी के कारणों से होता है। जिसके लिए हमें जांच कराना चाहिए और यह रिवर्सिबल होता है। उन्होंने बताया कि असामान्य एवं असंतुलित जीवन शैली के कारण ज्यादातर लोगों में हाइपरटेंशन देखा जा रहा है। दुनिया में ह्रदय रोग एवं और असमय मौत के कारणों में एक कारण हाई ब्लड प्रेशर भी है। यह एक क्रॉनिक मेडिकल कंडीशन है जिसमें रक्त धमनियों में ब्लड का प्रेशर बहुत बढ़ जाता है जिसके कारण ह्रदय, मस्तिष्क, किडनी और आंख से संबंधित गंभीर बीमारियां हो सकती है। इन अंगों में नुकसान ब्लड प्रेशर के लेवल और उसकी अवधि पर निर्भर करता है। डॉ कल्याण ने बताया कि शुरूआत में हाइपरटेंशन के कुछ खास लक्षण नजर नहीं आते हैं। इसी कारण से मरीज समय रहते, शरीर पर होने वाले नुकसान को नहीं समझ पाते हैं। जिसकी वजह से यह समस्या धीरे-धीरे बढ़कर एक जटिल समस्या में बदल जाती है। इसीलिए 40 वर्ष के बाद मरीज को रूटीन हेल्थ चेक अप कराते रहना चाहिए ताकि छुपे हुए रोक को समय रहते पकड़ा जा सके।

### हाइपर टेंशन के लक्षण

मरीजों में पाए जाने वाले निम्न लक्षणों से हाइपरटेंशन का पता लगाया जा सकता है जैसे सिर दर्द, सिर चकराना, थकान, सुस्ती, नींद लगना, दिल की धड़कन बढ़ जाना, सीने में दर्द, तेज सांस लेना, आंखों से धुंधला दिखना आदि। डॉ कल्याण ने बताया कि मरीज को इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और शीघ्र ही स्वास्थ्य केंद्र में फिजीशियन से सलाह लेनी चाहिए।

### ऐसे कम करें हाइपर टेंशन के जोखिम

सेहतमंद जीवन शैली, नियमित व्यायाम ,संतुलित आहार- डीएएसएच (डाइटरी अप्रोच टू स्टॉप हाइपरटेंशन) डाइट, पर्याप्त नींद और वजन को नियंत्रित रखकर हाइपरटेंशन के जोखिम एवं उससे होने वाली जटिलताओं को कम किया जा सकता है। हाइपरटेंशन के मरीजों को समय-समय पर अपने चिकित्सक से सलाह एवं जांच करवाना चाहिए ताकि समय रहते विभिन्न अंगों के नुकसान को रोका जा सके।

# श्रीनाथ स्कूल आफ फाइन आर्ट के छात्रों ने सीखा मिट्टी के बर्तनों और सिरेमिक कलाकृतियां बनाना

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। श्रीनाथ विश्वविद्यालय आदित्यपुर के स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स ने मिट्टी के बर्तनों और सिरेमिक पर एक कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के संसाधन पर्सन बनारस हिंदू विवि, वाराणसी के प्रसिद्ध सिरेमिक कलाकार अरुण कुमार थे। उन्होंने श्रीनाथ विवि के फाईन आर्ट विभाग में छात्रों को स्लैब बनाने और पहिया घुमाने प्रदर्शन किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्लैब बिल्डिंग पॉटरी हाथ से निर्माण का एक रोमांचक रूप है जिसमें स्लिप और स्कोर का उपयोग करके दीवार के टुकड़ों को एक साथ जोड़ना शामिल है। स्लैब को विभिन्न तरीकों जैसे कि हाथ-रोलिंग, स्लैब रोलर्स, एक्सट्रूडर और हाथ टॉसिंग का उपयोग करके बनाया जा सकता है। पहिया फेंकना एक अन्य लोकप्रिय मिट्टी के बर्तनों की तकनीक है जिसका उपयोग आमतौर पर सिरेमिक मग, कटोरे और प्लेट बनाने के लिए किया जाता है। विभागाध्यक्ष नलिन चंद्रा ने इस विषय पर बात करते हुए कहा कि कार्यशालाएं छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और विषय वस्तु के बारे में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद करती हैं। अरुण कुमार ने सोडियम सिलिकेट के साथ फेंके गए बर्तन की सतह को ब्रश किया, और सतह को जल्दी से ब्लोअर से तब तक सुखाया जब तक कि सतह चिपचिपी न रह गई हो। यह वर्कशॉप छात्रों के लिए बेहद दिलचस्प थी क्योंकि उन्होंने अलग-अलग तकनीकें सीखीं।

स्पीड न्यूज

## मारवाड़ी समाज,कदमा ने 3000 राहगीरों में बांटा शीतल पेय व तरबूज



जमशेदपुर। शहर में पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम मारवाड़ी सम्मेलन कदमा शाखा ने मंगलवार को सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए, कदमा बस स्टैंड स्थित शीतला मंदिर के पास आने जाने वाले करीबन 3000 राहगीरों के बीच शीतल पेय जल,तरबूज और शरबत का वितरण किया गया। पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन प्री वैडिंग सूट आउट की फोटोग्राफी और वीडियो विवाह समारोह स्थल पर प्रदर्शन करने पर सामाजिक प्रतिबंध के समर्थन में कदमा शाखा द्वारा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल, महामंत्री विवेक चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश जी शाह और अशोक जी मोदी, कदमा शाखा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल,सचिव विनोद डंगबाजिया, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, कदमा शाखा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, बिस्टुपुर शाखा के अध्यक्ष सुनील सोंथालिया, मनोज अग्रवाल (अरुष), किशन संघी, अरुण सोंथालिया, मयूर संघी, कदमा शाखा अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष महावीर गुप्ता, अजय हरुपका, संजय हरुपका, विजय गोयल, दीपू डंगबाजिया, सांवर शर्मा, महावीर अग्रवाल सोनारी, बिमल गुप्ता, महावीर अग्रवाल अधिवक्ता सहित समाज बंधुगण ने हस्ताक्षर बोर्ड पे हस्ताक्षर करके समाज के उज्जवल भविष्य के लिए समर्थन दिया।

## 18 जून को अर्पण का महा रक्तदान शिविर



जमशेदपुर। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था अर्पण गर्मी में रक्त की कमी को पूरा करने हेतु पिछले कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी महा रक्तदान शिविर का आयोजन करेंगी। इस निमित्त मंगलवार को संस्था की ओर से साकची कार्यालय में मुख्य सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई. इस बैठक में संस्था द्वारा आगामी 18 जून को महा रक्तदान शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान एक-एक करके संस्था के प्रमुख सदस्यों ने अधिक से अधिक रक्त संग्रहित करने हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव प्रदान किये। इस बैठक के दौरान संस्था के जुगुन पांडेय, पप्पू राव, महेश मिश्रा, उपेन्दर साह, बिभाष मजूमदार, प्रिंस सिंह, नवीन तिवारी, त्रिनाथ मुखी, संतोष यादव, मनीष सिंह, दीपक सिंह,सूरज बाग, टोबी सिंह, सौरव चटर्जी, विकाश गुप्ता, धीरज चौधरी, शुभम लाला, विक्की तारवे, मोहन दास, सूरज चौबे, सूरज, सूरज यादव, शुरू पात्रों, राहुल पाल, सागर चौबे, अंकेश भुइयां, मनोज हलदार सनोज चंद्रा, सूरज पॉल, सिंटू, मनीष चौबे, आशुतोष बैनर्जी, बिट्टू मुखी सहित अन्य सैकड़ों सदस्य उपस्थित होकर रक्तदान शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## आदित्यपुर बाबा कुटी में ऑटो चालक ने दी जान

आदित्यपुर। आरआईटी थाना अंतर्गत बाबा कुटी में किराए के मकान में रहनेवाले एक 35 वर्षीय ऑटो चालक ने जान दे दी है। घटना के बाद परिजनों में मातम छा गया है। मृतक का नाम रूपम महतो बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही आरआईटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मृतक शादीशुदा था, और अपनी बीवी एवं दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। बीती रात पत्नी खाना- पीना खाकर बच्चों को लेकर छत पर सोने चली गई, सुबह उठकर देखा तो नीचे कमरे में रूपम पंखे के सहारे झूलता मिला। जानकारी के अनुसार मृतक नशे का आदी था और आए दिन नशे की हालत में अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था।

# सबरों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम होगा : डीसी

- सबरों के रहन-सहन पर जताई चिंता, मेडिकल जांच करवायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

### सबर परिवारों की सुध लेने बोड़ाम के काशीटाड़ सबर टोला पहुंचीं विजया जाधव



धूप में काशीटाड़ पैदल जाती डीसी विजया जाधव।



गांव में लगे शिविर में एक सबर बच्चे को दुलारती डीसी।

जमशेदपुर। बोड़ाम प्रखंड के बोंटा पंचायत अंतर्गत काशीटाड सबर टोला में सबर परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी लेने जिले की उपायुक्त विजया जाधव खुद सबर परिवारों के बीच पहुंचीं। मुख्य सड़क से करीब एक किलोमीटर अंदर दलमा पहाड़ की तलहटी में बसे सबर परिवारों की हालत देख उपायुक्त ने चिंता जाहिर की तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने, नियमित स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाने के निर्देश दिए। मौके पर सभी सबर बच्चों व महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। एक महिला कुपोषित पाई गई जिसे तत्काल एमटीसी में भर्ती कराने का निर्देश समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। सबर टोला में सभी का जॉब कार्ड बना हुआ था, गाय शेड के एक लाभुक को 7 दिनों के अंदर गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं स्वरोजगार के उद्देश्य से सभी 13 परिवारों को बकरी पालन से जोड़ने का निर्देश भी दिए। 7 परिवारों के पास आयुष्मान कार्ड है, छूटे हुए परिवारों का भी आयुष्मान कार्ड बनाने का निदेश दिया गया। डाकिया योजना के तहत सभी परिवारों को घर तक खाद्यान्न पहुंचाया जाता है। बिजली की व्यवस्था है, गांव में सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता आए, सबर परिवार इसका लाभ ले सकें इसके लिए बीडीओ, सीओ के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों को भी सबर टोल के विजिट करते रहने का निदेश दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को एक दिन छोड़कर सबर टोला में आने एवं बच्चों को अच्छी आदतें सिखाने, पोषाहार का नियमित वितरण करने व पठन-पाठन पर ध्यान देने का निदेश दिया गया। सभी परिवारों के सुयोग्य लाभुकों को पेंशन स्वीकृति तो मिली है लेकिन पिछले 6-7 महीनों से उन्होंने बैंक खाते से राशि नहीं निकाला है। बीडीओ बोड़ाम को सबर परिवारों को बैंक ले जाकर पेंशन की राशि निकलवाने का निदेश दिया गया।

### डीसी ने खड़े होकर बच्चों के बाल कटाये, दिये टॉफी व ओआरएस

सबर टोला के बच्चों ने कई दिनों से नहाया नहीं था, बाल बढ़े थे, फंगल इंफेक्शन और कुपोषण से पीड़ित पाये गए। मौके पर उपायुक्त ने आयरन व फोलिक एसिड सिरप का वितरण कराया तथा नाई बुलवाकर सभी के बाल कटवाये व नहाने के लिए साबुन दिए। बच्चों के नहाकर आने के बाद उनके उत्साहवर्धन के लिए खुद से सभी बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाया, तरबूज खिलाया तथा टॉफी और बिस्किट बांटे। साथ ही ताकिद करते हुए कहा कि बच्चों हमें रोज नहाना चाहिए, खाने से पहले और बाद में हाथ धोना चाहिए।

उपायुक्त द्वारा सबर परिवारों के मुखिया से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने तथा किसी तरह की समस्या जीवनयापन में आ रही हो तो बीडीओ/सीओ के संज्ञान में लाने की बात कही गई।

### आवासों की होगी मरम्मती, कराया जायेगा चबूतरा का निर्माण

उपायुक्त ने गांव में घूमकर सभी परिवारों के रहन-सहन को देखा, उनके हालात की जानकारी ली। सभी आवास जर्जर पाये गए जिसपर मौके पर उन्होंने सभी आवासों का मरम्मतीकरण हेतु ए ई को प्राक्कलन बनाने का निदेश दिया। साथ ही सामुदायिक गतिविधि को लेकर सबर टोला में एक चबूतरा निर्माण कराने की भी बात कही। टोला तक जाने वाली सड़क में मरम्मती की आवश्यकता पाई गई। टोला के लोग हड़िया का नशापान करते हैं जिससे उनके आर्थिक, सामाजिक स्थिति पर पड़ रहे गहरे असर को देखते हुए उपायुक्त ने कहा कि सबर परिवारों को मुख्यधारा में लाने के लिए काउंसिलिंग कराई जाएगी तथा नशापान छुड़ाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

## मारवाड़ी अग्रवाल समाज की युवतियों ने देखी फिल्म द केरला स्टोरी



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के द्वारा मारवाड़ी समाज की अविवाहित युवतियों के लिये फिल्म द केरला स्टोरी का नि :शुल्क शो आयोजित किया गया। पी एंड एम मॉल के पीजेपी सिनेमा के स्क्रीन पांच की सभी 263 सीट बुक की गईं। कार्यक्रम संयोजिका रजनी बंसल, अंजू चेतानी, संगीता मित्तल, मनीषा मुरारका एवं अंकिता लोधा ने समाज की लड़कियों को आमंत्रित किया और पास वितरीत किये। अग्रवाल सम्मेलन के संरक्षक अशोक चौधरी ने कहा कि किशोर व युवा होते बच्चों को चाहिये कि वे हर बात अपनी मां से साझा करें। मां ही एक ऐसी रिश्तेदार या दोस्त अथवा सलाहकार होती है जो अपने बच्चों को सही मार्गदर्शन दे सकती है। विजय मित्तल ने कहा कि नौजवान पीढ़ी प्रेम का गलत अर्थ निकाल बैठी है। कार्यक्रम में बतौर अतिथि अशोक भालोटिया, राजकुमार अग्रवाल चंदूका, कमल किशोर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, ओम प्रकाश रिंगसिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, नरेश मोदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष संदीप मुरारका, महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, कोषाध्यक्ष पीयूष गोयल, उपाध्यक्ष सन्नी संघी, सुरेश शर्मा लिपु , दीपक चेतानी, अग्रवाल युवा मंच अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महेश भाऊका, गौरव अग्रवाल, राहुल चौधरी, सतीश शर्मा गुड्डू का विशेष योगदान रहा।

## टीएमएच के जीएम ने टाटा वर्कर्स यूनियन का किया दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। टाटा मेन हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर डॉ. सुधीर राय के साथ सीएमआईएस डॉ. विनीता सिंह, सीनियर डॉक्टर्स, डॉ. मनोज कुमार रजक, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. आसिफ अहमद, डॉ. कुमार दिवाकर और डॉ. पंकज सिंगोडिया और चिकित्सा सेवाओं के यूसीएम छोटेलाल, राकेश कुमार सिंह, ब्रतती चक्रवर्ती, निशा निधि और मीनू कुमारी ने मंगलवार को टाटा वर्कर्स यूनियन का दौरा किया। टीएमएच की टीम ने उनके आगमन पर संघ परिसर में गोपाल बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर टीम ने संवाद सत्र के लिए सम्मेलन कक्ष में यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी, महासचिव सतीश सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट शैलेश सिंह व सहयोगी पदाधिकारियों से मुलाकात की। टीएमएच की टीम को यूनियन और कंपनी के 100 वर्षो के संबंधों के इतिहास पर बनी फिल्म की स्क्रीनिंग की गई, जिसे टीम ने खूब सराहा। यूनियन अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में डॉक्टर-रोगी संबंध के महत्व और कर्मचारियों के साथ-साथ समाज के प्रति डॉक्टरों की सेवाओं के महत्व पर जोर दिया था। जीएम (एमएस) डा सुधीर राय ने टाटा वर्कर्स यूनियन के कामकाज की बहुत सराहना की और कहा कि यह दुनिया के प्रमुख और ऐतिहासिक यूनियनों में से एक है। इस अवसर पर सतीश कुमार सिंह, महासचिव, शैलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष ने भी अतिथि दल को संबोधित किया। मौके पर शाहनवाज आलम, शत्रुघ्न कुमार रॉय, संजय कुमार सिंह, संजीव तिवारी, नितेश राज और हरि शंकर सिंह उपस्थित थे।

## एनटीटीएफ में नामांकन के लिये लगेंगे 500 रुपये, ऑनलाइन ली जायेगी प्रवेश परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। गोलमुरी स्थित तकनीकी संस्था एनटीटीएफ में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। फॉर्म की कीमत 500 रूपये है। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन होगी जिसमें मैथ, साइंस ,इंग्लिश के साथ ही रिजनिंग से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे। यहां दाखिले के लिए उम्मीदवार की अधिकतम उम्र 21 वर्ष है। एनटीटीएफ के जमशेदपुर केंद्र में दाखिल लेने के लिए मैट्रिक परीक्षा में न्यूनतम 45 फीसदी मार्क्स जबकि मैथ और साइंस में 50 फीसदी मार्क्स होना अनिवार्य है। जमशेदपुर के बाहर के संस्थानों में दाखिले के लिए न्यूनतम 35 फीसदी अंक जबकि मैथ्स व साइंस में 40 अंक जरूरी है। संस्था में दाखिले को लेकर एक बैठक की गई जिसमें प्रिंसिपल प्रीता जॉन ने दाखिले को लेकर कई मानक तय किए बताया गया कि जमशेदपुर में एनटीटीएफ के दो ब्रांच है गोलमुरी के अलावा बमार्माइंस ब्रांच में भी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से एडमिशन होगा। इस दौरान संस्था में 3 साल की पढ़ाई के बाद बेहतर प्लेसमेंट किस प्रकार किया जाए इसे लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। मौके पर रमेश राय, वरुण कुमार, बी पी आचार्य, प्रीति, पी मंजुला, शिवप्रसाद, राजीव रंजन, पंकज के गुप्ता, दीपक सरकार, अनिल कुमार जवाली उपस्थिथ थे।

इन ट्रेड में है सीटें :- गोलमुरी ब्रांच में ट्रेड
>> डिप्लोमा इन टूल एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग में 65 सीट, डिप्लोमा इन एलटेक्ट्रॉनिक्स एंड एम्बेडेड सिस्टम में 65 सीट, डिप्लोमा इन कंप्यूटर इंजीनियरिंग एंड आई टी इंफ्रास्ट्रक्चर में 65 सीट, डिप्लोमा इन मेचट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड स्मार्ट फैक्ट्री में 105 सीट
डिप्लोमा इन मेकेट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग एंड स्मार्ट फैक्टरी में 35 सीट।

## अंधविश्वास मुक्त भारत के निर्माण के लिए अभियान चलोगा अर्जक संघ, प्रेमनगर में मनाया मानवता दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। अर्जक संघ जमशेदपुर के द्वारा प्रेम नगर फुटबॉल मैदान में त्रिविध बैशाख पुर्णिमा के उपलक्ष्य में अर्जक पर्व मानवता दिवस का आयोजन किया गया। जैसा कि विदित है कि भगवान बुध्द के जन्म, ज्ञान प्राप्ति तथा उनके निधन की घटना एक ही तिथि में घटित हुई थी, इसलिए तीनों घटनाओं को एक साथ मानवता दिवस के रुप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुवंश सिंह और संचालन विश्राम राम ने की। वक्ताओं ने कहा कि भगवान और ईश्वर दोनो के अलग-अलग माने हैं किन्तु ब्राह्मणों ने तथागत का ब्राह्मणी करण करने के क्रम में शब्द जाल तैयार कर दिये। ईश्वर को भगवान कहकर शब्दों के सही अर्थों में घालमेल कर दिये। बुध्द ने ईश्वर के अस्तित्व को ही नकार दिये थे फिर वो भगवान कैसे? भगवान पाली भाषा से निकला शब्द है। ओमप्रकाश सिंह ने संविधान में स्थापित बुध्द विचार समता स्वतंत्रता न्याय और बंधुत्व के महत्व को बताये और कहे कि इन्हीं आदर्शों के चलते भारत का संविधान विश्व में सर्व श्रेष्ठ है। राम बल्लभ साहु संयुक्त महामंत्री अर्जक संघ ने कहा कि अर्जक संघ मानवता को बुध्द के विचारों के अनुरूप समाज में स्थापित करने में लगा हुआ है। मिथिलेश रजक, सरयु रविदास, चन्द्र शेखर रजक, रंजीत बास्के आदि ने भी सभा को संबोधित किए। अध्यक्ष रघुवंश सिंह ने मानवता दिवस समारोह गांव गांव में आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

# टाटा स्टील यूआईएसएल आरआरआर सेंटर लॉच करने को तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो




जमशेदपुर। स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए, स्वच्छ भारत मिशन शहरी 15 मई से 5 जून, 2023 के दौरान आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) केंद्र का उद्घाटन करने के लिए तैयार है। इस महत्वपूर्ण योजना में टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) ने मिशन लाइफ के रोड मैप की रूपरेखा तैयार करने के लिए 13 मई को व्यापक चर्चा की। आरआरआर केंद्र शहर के भीतर एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है, जिससे नागरिकों, संस्थानों और व्यवसायों को अपने अतिरिक्त प्लास्टिक, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान, जूते, बैग, किताबें, खिलौने और अन्य चीजों को जिम्मेदारी से उपयोग में लाने में मदद मिलती है। 3आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) लाइफस्टाइल अपनाकर, आरआरआर सेंटर का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति को एक स्वच्छ शहर बनाए रखने और पर्यावरण के संरक्षण के लिए ठोस योगदान देने के लिए सशक्त बनाना है। प्रत्येक वस्तु के पारिस्थितिक प्रभाव को समझते हुए, आरआरआर केंद्र न केवल एक भंडारण सुविधा प्रदान करता है बल्कि एकत्रित सामग्री को कम करने और रीसायकल करने के लिए अन्य हितधारकों के साथ सहयोग भी करता है। वर्तमान में, जमशेदपुर में टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा संचालित पांच प्रमुख आरआरआर केंद्र हैं, तथा कैंपेन के दौरान 15 आरआरआर केंद्र बनाये गए है। इन सुविधाओं में, एक इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट केंद्र है, जिसे टाटा स्टील यूआईएसएल और हुलाडेक रीसाइक्लिंग द्वारा संयुक्त रूप से प्रबंधित किया जाता है, जिसे विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट प्रबंधन और रीसाइक्लिंग को संबोधित करने के लिए डिजाइन किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन शहरी की सफलता और आरआरआर केंद्र के दीर्घकालिक संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, जेएनएसी और टाटा स्टील यूआईएसएल की एक समर्पित टीम मिलकर काम कर रही है। साथ ही महत्वपूर्ण पहलुओं को प्राथमिकता देने और शामिल सभी हितधारकों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के लिए नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं। सभी आरआरआर केंद्रों के लिए जियो टैग की शुरूआत से उनकी दृश्यता बढ़ेगी और संचालन सुचारू होगा। इन सामूहिक प्रयासों के माध्यम से, जमशेदपुर का लक्ष्य अन्य शहरों को समान टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए उदाहरण प्रस्तुत करना है।

खबर एक नजर में

## राजेश मार्डी को लाइफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड



जमशेदपुर। वीवीडीए झारखंड का 36वां वार्षिक सम्मान समारोह जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित माईकल जॉन ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रक्तदान से जुड़े सभी छोटे बड़े संस्थाओं एवं आयोजकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जमशेदपुर की सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार के संस्थापक सचिव राजेश मार्डी को इस वर्ष का वीवीडीए लाइफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड 2023 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वीवीडीए के अध्यक्ष इन्द्रजीत पाल व उपाध्यक्ष चंद्रेश्वर खां के हाथों प्रशस्ति सम्मान पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर योगदान एवं 70वीं बार रक्तदान करने पर सारजमदा निवासी आदिवासी युवा रक्तदाता, ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेश मार्डी को यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर ब्लड बैंक के जीएम संजय चौधरी सहित वीवीडीए के सभी सदस्यों ने राजेश मार्डी को बधाई दी है। सम्मान पाकर राजेश मार्डी भी बहुत खुश हुए और उन्होंने कहा कि इससे नई ताजगी के साथ काम करने में हौसला मिलती हैं। उन्होंने बताया कि हर जरुरतमंद इंसानों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सकें, यह हमारा सदैव प्रयास रहेगा।

## एक्सेल इंडिया मॉडल स्कूल में समर कैंप का समापन



जमशेदपुर। बिरसानगर मुराकाटी स्थित एक्सेल इंडिया मॉडल स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में केजी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा के बच्चों ने योग, प्राणायाम, जुंबा डांस के अलावा रोचक खेलों का आयोजन जिसमें फुटबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, वाटर बैलेंस, वाटर ड्रिजलिंग का आनंद उठाया। कैंप का दूसरा दिन रोमांच और ज्ञान से भरा था जिसमें बच्चों को सांपो के बारे में स्नेक सेवर टीम के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई जिसमें मिथिलेश श्रीवास्तव उर्फ छोटू स्नेक ब्वॉय, रजनी लेहल, तरुण कालिंदी उर्फ चीकू, राहुल सिंह शामिल थे। स्कूली बच्चों को सांपों के प्रकार और उनसे बचने के उपायों के साथ ही यह भी बताया कि सभी सांप जहरीले नहीं होते। उनको जब खतरा महसूस होता है, तभी डंसने की कोशिश करते हैं। बच्चों ने सांप को देखकर रोमांच का अनुभव किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल ममता कुमारी के अलावा शिक्षिकाओं में मुक्ता डे, मंजरी एक्का, रानी सिंह, आशा कुमारी, कबिता साहू, प्रितपाल कौर, जीएस शीला, पूनम तिवारी, मंजुलता साहू, कविता नायक, पिंकी कुमारी, सुभद्रा कुमारी, शेफाली टुडू, अभिमन्यु सिंह, सीमा शर्मा, दुलारी टुडू, जानकी, प्यारी सोरेन एवं मालती करुआ उपस्थित थीं।

## बेटी को स्वावलंबी बनाओ मिशन के तहत दो बेटियों का हुआ सम्मान




इंजीनियर बिटिया मोहिता और नेहा को सम्मानित करते मानस सिंह।

जमशेदपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डॉ एम एस सिंह 'मानस' ने दो मेधावी बेटियां मोहिता सिंह और नेहा सिंह को सम्मानित किया। इस मौके वीरांगना प्रभा सिंह, कृष्णा सिंह और सरोज सिंह ने भी गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मोहिता सिंह इंजीनियरिग की पढ़ाई पुरी कर अमेरिका के कैलिफोर्निया में पदस्थापित है जबकि नेहा सिंह इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की पढ़ाई पुरी कर बैंगलोर में पदस्थापित है। अनिल सुरपथ स्थित मोहिनी अपार्टमेंट की निवासी और कृष्णा -कामेश्वर सिंह को तीन बेटियां हैं। बड़ी बेटी निवेदिता सिंह भी एमएसडब्लू की पढ़ाई कर कैनाडा में पदस्थापित है। समाज के लिए मिसाल बनी ये बेटियां कानवेंट की प्रोडक्ट रही हैं।

## पूर्व सैनिकों ने लिखा प्रधानमंत्री को चिट्ठी



जमशेदपुर। वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों के संदर्भ में पूरे देश में विभिन्न सैनिक संस्थाओं के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। यूनाइटेड फ्रंट के आव्हान पर विभिन्न सैनिक संस्थाएं प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री एवं राष्ट्रपति को ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्याओं से निरंतर अवगत करा रहे हैं। इसी क्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम ने भी प्रधानमंत्री के नाम व्यक्तिगत पत्र लिखकर वन रैंक वन पेंशन एवं समान मिलिट्री सर्विस पे की मांग की है। इसके अलावा पूरे देश में संवैधानिक तरीके से धरना एवं अपने जनप्रतिनिधियों को पुर्व सैनिकों के द्वारा अपना मांग पत्र सौंपा जा रहा है। यूनाइटेड फ्रंट झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला मंत्री दिनेश सिंह अशोक श्रीवास्तव प्रमोद कुमार कुंदन सिंह सतनाम सिंह उपेंद्र प्रसाद सिंह शेख अनवर ब्रजकिशोर सिंह नवल किशोर आदि ने इस अभियान की शुरूआत की।

## शांति निकेतन स्कूल के छात्र-छात्राएं यातायात नियमों से हुए अवगत



जमशेदपुर। बागबेड़ा कालोनी वारलेश मैदान के नजदीक शांति निकेतन मध्य एवं उच्च विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच यातायात जागरुकता अभियान चलाकर यातायात से संबंधित पाठ पढ़ाया गया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित यातायात थाना प्रभारी संगीता कुमारी, समाजसेवी शशी आचार्या, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने संयुक्त रूप से स्कूली बच्चे को यातायात से संबंधित कई सारे टिप्स दिए। यातायात थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने स्कूली बच्चों को 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को गाड़ी नहीं चलाने, हेलमेट पहनना अनिवार्य, हेलमेट में बेल्ट लगाना, यातायात सुरक्षा के सारे नियमों का पालन करने, नियमों के पालन नहीं करने वाले लोगों पर फाइन काटकर करवाई करने इत्यादि जैसे कई सारी पाठ पढ़ाई। इस दौरान स्कूली बच्चों से सवाल-जवाब भी किया गया। अंत में यातायात से संबंधित सारे नियमों का पालन करने का शपथ भी स्कूली बच्चों को दिलाया गया। इस मौके पर समाजसेवी शशि आचार्या, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, प्रधानाचार्य बी एन चौधरी, सह प्रधानाचार्य के पी सिंह, शिक्षक ओम प्रकाश शर्मा, अवधेश चौबे, शिक्षिका निकिता कुमारी, कमला देवी, सुधीर उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कुर्सी के लिए पसीना बहाते हैं सीएम और हम प्रदेश की भलाई के लिए : अमित महतो



**बिश्रामपुर (पलामू)।** सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो मंगलवार को अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया। जहां उन्होंने दौड़ेंगे हम, दौड़ेंगे आप तभी दौड़ेगा झारखंड कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर से पांडू तक 21 किमी की दौड़ लगाई। यहां बताते चलें कि खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने की मांग को लेकर अमित महतो पिछले 94 दिनों में 34 विधानसभा में 21 किमी दौड़ लगा चुके हैं। महतो ने कहा कि खतियान आधारित नियोजन नीति बनने के बाद ही प्रदेश का एक एक बच्चा नौकरी हासिल कर पायेगा। हमारा प्रयास है कि राज्य के हर कार्यालय की कुर्सी पर खतियानी लोगों का बेटा बैठे। चाहे वह कुर्सी अधिकारी की हो या चपरासी की। क्योंकि घर के बेटे को ही घर की चिंता होती है। बाहर वाले हमारी चिंता कैसे कर पायेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि हेमंत सोरेन कुर्सी बचाने के लिए पसीना बहाते हैं और हम प्रदेश को बचाने के लिए प्रतिदिन पसीना बहा रहे हैं। अगर मुख्यमंत्री ने खतियानी लोगों की भावना को नहीं समझा तो राज्य की जनता उन्हें भी कुछ नही समझेगी। मौके पर अजय बैठा सहित कई लोग मौजूद थे।

### नीलांबर पीतांबरपुर में अपराधी ने सोने और चांदी से भरा बैग लेकर भागा



**नीलांबर पीतांबरपुर।** जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 10 बजे स्कूटी से दो झोले में सोना चांदी से भरा और लगभग 80 हजार रूपए नकद लेकर दुकान खोलने गए थे। जैसे ही वे दुकान का शटर का ताला खोल रहे थे। इसी दौरान पीछे मुड़कर देखा तो आभूषण से भरा झोला गायब हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी झोला का कुछ पता नहीं चल सका है। उसके बाद ज्वेलर्स दुकानदार के संचालक दिलीप प्रसाद ने थाने में अरुण राय पिता रघुनंदन राय (पूणाडीह),साहेब पासवान पिता सत्यनारायण पासवान (सोतम डबरा), अमर लाल पिता श्रवण लाल (लेस्लीगंज) तथा भारत सोनी पिता गोखुल प्रसाद सोनी एवं एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि दुकान का ताला खोलने के समय उक्त लोगों के अलावा वहां पर कोई नहीं था। मुझे विश्वास है कि उन्हीं लोगों द्वारा आभूषण से भरा झोला को गायब किया गया है। इधर मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही गहनता से मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

### डीएवी के अमन पुष्कर ने मैथ्स ओलंपियाड में प्राप्त किया दूसरा स्थान




**मेदिनीनगर।** डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नयी दिल्ली के प्रधान, आर्यरत्न, पद्मश्री डॉक्टर पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जेपी शूर के आशीष की छत्रछाया में संचालित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के एकादश कक्षा के छात्र अमन पुष्कर ने अखिल भारतीय स्तर पर मैथ ओलंपियाड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली की अंगीभूत इकाई सीएइ के द्वारा दिसंबर 2022 में अखिल भारतीय स्तर पर मैथ्स ओलंपियाड का आयोजन किया गया, जिसमें एमके डीएवी के छात्र अमन ने यह सफलता प्राप्त की तथा अपना, अपने माता-पिता एवं विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एन खान ने 13 मई को अमन पुष्कर को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित होती है और उसमें चयनित होना आसान नहीं होता। अमन ने यह परिणाम अपने परिश्रम एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से प्राप्त किया। प्राचार्य ने उनके आगामी सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### रिपब्लिकन पार्टी, परिवहन मजदूर यूनियन और डीजल ऑटो चालक महासंघ ने किया घेराव



**मेदिनीनगर।** आंदोलन रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन, एवं झारखंड राज्य डीजल ऑटो चालक महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में पिंक बस की अनियमितता एवं अराजकता को लेकर उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। इसके पूर्व सभी मजदूर ऑटो चालक आम आवाम सैकड़ों की संख्या में टेंपो स्टैंड मेदनीनगर में एकजुट हुए । जिसका नेतृत्व मजदूर नेता सह झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राकेश कुमार सिंह ने की और संचालन ऑटो चालक महासंघ के पलामू अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने की। घेराव स्थल पर आयोजित सभा में मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि पिंक बस की समस्या, मनमानी, अराजकता पर मेदिनीनगर नगर निगम कि पूर्व मेयर अरुणा शंकर के द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से यह जानकारी दी गई है कि पिंक बस अब नगर निगम क्षेत्र से बाहर नहीं जाएगा जो बस नगर निगम से बाहर जा रहा था वह अब रांची रोड हवाई अड्डा एवं अन्य नगर निगम क्षेत्र के अंदर ही चलेगा। पिंक बस का परिचालन हो परंतु समय सीमा, रूट, हर रूट के बस संख्या का निर्धारण होते हुए यातायात कानून एवं परिवहन कानून के पालन के तहत हो। मेयर नहीं भूलें कि वह नगर निगम क्षेत्र के प्रतिनिधि चयनित हुई थी ना कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिनिधि। पूर्व मेयर को नगर निगम क्षेत्र के मजदूर नौजवान, आम आवाम गरीबों के कल्याण के बारे में अत्याधिक प्रयास और संघर्ष करना चाहिए। बैठक में रमाकांत दुबे ने कहा कि ऑटो चालकों का शोषण और पेट पर लात मारने का काम नगर निगम प्रतिनिधि ना करें अन्यथा आर पार की लड़ाई हम लड़ने को तैयार हैं।

### भाजपा नेता ने रक्तदान कर जन्मदिवस मनाया



**हरिहरगंज पलामू।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला मंत्री चंदन प्रजापति ने शनिवार को रक्तदान कर अपना 29 वां जन्मदिवस मनाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। डॉ अरविंद दास, वीर सूर्यांशु सिंह, विक्की सिंह, राहुल रंजन प्रजापति, गौतम कुमार उपस्थित थे।

### शिक्षकों ने आओ हम स्कूल चलें अभियान के तहत जनसंपर्क किया



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के द्वारा आओ हम स्कूल चले अभियान चलाया गया। इसके तहत प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद राय के नेतृत्व में शिक्षकों ने 10 से 12 मई तक विद्यालय के पोषक क्षेत्र सियारभुका, डेमा, अररुआ कला, चरकेरिया, विशुनपुर में जाकर छात्रों व अभिभावकों से मुलाकात किया। साथ ही विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान में डॉ राजकुमार, गोपाल शर्मा, नीरज सिंह, कन्हैया कुमार, सुप्रिया रंजन भारती, अबूसाद सहित कई शिक्षक शामिल थे।

# मुख्य मार्ग से ग्रामीण क्षेत्रों की सभी गली कूचों को जोड़ा जायेगा : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**मुख्य मार्ग से सिगसिगी स्वास्थ्य केंद्र तक बनेगा पीसीसी पथ विधायक पुत्र ने किया शिलान्यास**

खबर मन्त्र संवाददाता



**उंटारीरोड/बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी ग्राम पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र भवन तक आने-जाने हेतु कोई सड़क नही था। जिससे मरीजों और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र तक आने-जाने हेतु सड़क बनवाने की मांग स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से की थी। जिसके बाद चंद्रवंशी ने पीसीसी पथ निर्माण की स्वीकृति दिलवाई। अब यह स्वास्थ्य केंद्र मुख्य मार्ग से जुड़ जायेगा। इस पीसीसी पथ का शिलान्यास मंगलवार को विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नारियल फोड़ कर किया। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के सभी गली कूचों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जायेगा। गांव के भी हर रास्ते का पक्कीकरण कराया जायेगा। आने वाले समय में गांव का भी कोई रास्ता कच्चा नही रहेगा। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में लोगों को स्वास्थ्य केंद्र तक जाने में होने वाली परेशानी पीसीसी पथ बनते ही दूर हो जायेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, अनुज कुमार चौधरी, उपेंद्र मिश्रा, संवेदक धर्मेंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मधु तिवारी, सुनील तिवारी, सुरेंद्र मालाकार, नौशाद अंसारी, शमशाद अंसारी, अजय चौहान, दामोदर यादव, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# सुधा चौधरी ने सीएस को बताया जागोडीह की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पहुंच पा रही है स्वास्थ्य सुविधा

**पूर्व मंत्री ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जब वह आदिवासी बहुल पाटन प्रखण्ड के जागोडीह गांव में गयी तो लोगों से बातचीत के दौरान यह बात सामने आया कि गांव में स्वास्थ्य सुविधा का घोर अभाव है**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राज्य की पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण गांवों में लोग बीमार रहने के बावजूद अभाव में लोग अपना इलाज नहीं करा पा रहे हैं। पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जब वह आदिवासी बहुल पाटन प्रखण्ड के जागोडीह गांव में गयी तो लोगों से बातचीत के दौरान यह बात सामने आया कि गांव में स्वास्थ्य सुविधा का घोर अभाव है।

गांव में तीन चार लोग टीबी के बीमारी से पीड़ित हैं लेकिन अभाव में उनलोगों का इलाज नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा है कि यदि जांच हो तो और लोग बीमार मिल सकतें। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने पलामू के सिविल सर्जन को गांव की समस्याओं के बारे में दूरभाष के माध्यम से बताया। पूर्व मंत्री सुधा ने सीएस को बताया कि जागोडीह आदिवासी बहुल गांव है।

इस गांव में रहने वाले लोग अत्यंत गरीब तबके के लोग हैं। सिविल सर्जन ने पूर्व मंत्री सुधा चौधरी को आश्वस्त कराया कि जल्द ही जागोडीह सहित अन्य गांवों में कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा।

**युवा समाजसेवी सह झामुमो नेता ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री को लिखा पत्र**

# नगर निगम की जनता को भ्रमित करना बंद करें पूर्व मेयर : अभिषेक सिंह

**घर-घर जाकर इनके भ्रष्टाचार का पोल खोलेंगे**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** युवा समाजसेवी सह झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पत्र लिखा है। मंत्री के आप्त सचिव जनमेजय ठाकुर ने मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त रवि आनंद को पत्र लिखकर संबंधित विषयों पर यथोचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

नगर आयुक्त को प्रेषित पत्र में ठाकुर ने कहा है कि संलग्न परिवाद पत्र में वर्णित तथ्यों के आलोक में जांचोपरांत नियमानुसार कार्रवाई करने की कृपा की जाये। परिवाद पत्र में वर्णित बिंदू में अभिषेक सिंह ने कहा है कि वे विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं लेकिन पूर्व महापौर अरुणा शंकर विपक्ष के बारे में अनर्गल बयान देते रहती हैं। पिंक सिटी बस-समाचार पत्रों में छपे रिपोर्ट में मेयर का कहना है कि पिंक सिटी बस की सुविधा उनके निजी सहयोग से मुहैया करवाया गया है, इस बात में कितनी सच्चाई है? उन्होंने से मांग किया है कि इस मामले की जांच कर सार्वजनकि करें कि पिंक सिटी बस को खरीदने में सरकारी राशि खर्च हुआ है या मेयर के निजी सहयोग से बस क्रय किया गया है। उन्होंने कहा कि पिंक सिटी बस का परिचालन हमने कभी बंद करने के लिए नहीं बोला बल्कि पिंक सिटी बस सिर्फ एक ही रूट पर चलाया जा रहा है, निजी कॉलेज की छात्राओं के लिए मैं उसके खिलाफ हूं।

यदि आप महिलाओं के लिए इतना ही चिंतित और उनके विकास की बारे में सोचते हैं तो पिंक सिटी बस का परिचालन रजवाडीह बी एड कॉलेज, कजरी तथा जोड़ तक क्यों नहीं करवाया? सिटी बस शहर में भ्रमण करते रहेगी और स्टॉपेज पर रूकेगी। लेकिन पिंक सिटी बस पूर्व महापौर के कॉलेज के बाहर खड़ी रहती है और छात्राओं के छुट्टी होने का इंतजार करती है। पूर्व मेयर निगम को प्राइवेट लिमिटेड समझती हैं, निगम की आधी आबादी महिलाओं को भ्रमित कर रही है। यदि इतनी ही चिंतित होती तो 5 साल निगम में उपलब्ध होती न की आखिरी के 5 महीने। विडंबना है कि पूर्व मेयर को सिर्फ अपने इमेज की चिंता है। पूर्व मेयर सरकारी संपत्ति वह अपने निजी प्रयोग में ले सकती है जिसका उदाहरण निगम की गाड़ी पर खुद का फोटो और निजी खर्च का जिक्र करना जैसा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मेयर निगम की जनता को भ्रमित करना बंद करें। पांच साल सिर्फ कमीशन का खेल चला है, काम जीरो किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में मैं घर-घर जाकर इनके भ्रष्टाचार का पोल खोलूंगा।

# आपसी विवाद में दंपती ने लगायी फांसी, पत्नी की मौत, पति रेफर

**मामला शहरी क्षेत्र गम्हरिया का, पुलिस घटना की जांच में जुटी**

**मंटू चौधरी एवं उनकी पत्नी सोनी देवी ने आपसी विवाद को लेकर फांसी लगा लिए**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** मंगलवार को अहले सुबह शहर के गम्हरिया वार्ड नम्बर 4 में एक पति पत्नी की फांसी लगाने की मामला प्रकाश में आया है।

देखते ही देखते अनुमंडलीय अस्पताल में लोगो का हुजूम जमा हो गया। मिली सूत्रों से जानकारी के अनुसार शहर के गम्हरिया में मंटू चौधरी उम्र 32 वर्ष एवं उनकी पत्नी सोनी देवी 28 वर्ष अपने घर मे किसी आपसी विवाद को लेकर फांसी लगा लिए। जिससे सोनी देवी की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। वहीं मंटू चौधरी को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां चकित्सक ने उसकी गंभीर स्थति को देखकर मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया हैं। उसकी स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतिका सोनी देवी के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। वही मामले को गहनता से पड़ताल में लगा गयी हैं । हालांकि पूरे मामले में क्या है इसका खुलासा अभी नही हुआ है। इधर इस घटना से पूरे गांव मुहल्ले समेत घर में मातम का माहौल हैं। मृतक के करीब 6 से 7 वर्ष का एक लड़का है। लोगों में इस बात की चर्चा थी कि पति पत्नी के आपसी झगड़े में इस मासूम का क्या कसूर हैं।

# पूर्व मेयर निजी स्वार्थ पूर्ति को लेकर चियांकी रोड में पिंक बस को संचालित कराना चाहती थी : दीपक तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के झारखंड कोऑर्डिनेटर सह झामुमो नेता दीपक तिवारी ने प्रेस वार्ता कर पूर्व मेयर के कार्यप्रणाली को उजागर करते हुए कहा कि अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति करते हुए निगम क्षेत्र के बाहर चियांकी क्षेत्र में पिंक सिटी बस का संचालन कराना चाहती थी, जिसे बंद कराया गया तो पूर्व मेयर बौखला गई। उन्होंने कहा कि ऐसा कौन सा कारण था कि मेयर बस का संचालन रांची रोड चियांकी में ही कराना चाहती थी। उन्होंने कहा कि जनता को सब पता है कि पिंक सिटी बस नगर निगम के लोगों से वसूली गये टैक्स की राशि से क्रय किया गया है तो इसे निजी स्वार्थपूर्ति के लिए ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज, हेरिटेज स्कूल तक संचालन क्यों किया जा रहा था। यदि उन्हें नगर निगम के बाहरी क्षेत्र की जनता से इतना स्नेह है तो पांकी रोड, सिंगरा रोड, चैनपुर के निगम क्षेत्र से बाहर क्यों नहीं पिंक बस का संचालन किया गया। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि मेयर रहते अपने घर के आसपास चमक धमक बिखेरने का काम के साथ ही साथ सरकारी बस का लाभ अपने निजी संस्थान के कर्मचारियों व कर्मचारियों को देना चाहती थी। उन्होंने मेयर पर हमला करते हुए कहा कि वे बतायें कि राजनीति की शुरूआत किस पार्टी से की थी। पैसा व पहुंच के बल पर भाजपा का टिकट खरीदने वाले मुझे राजनीति न सिखायें। यदि उन्हें जनता के प्रति इतनी ईमानदार नियत रखती हैं तो नगर निगम बोर्ड में पारित टेंपू स्टैंड में निःशुल्क दवा केंद्र, भोजन केंद्र के लिए आवंटित दो दुकानों को ठंडे बस्ते में क्यों डाल दिये।

तिवारी ने कहा कि पूर्व मेयर द्वारा यह कहा जाना कि झामूमो, कांग्रेस , राजद जिलाध्यक्षों द्वारा चुप्पी साधने पर साधुवाद दिया गया, इस पर सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि पूर्व मेयर यह बतायें कि किस पार्टी के जिलाध्यक्ष ने उन्हें पिंक सिटी बस परिचालन पर बधाई दिया। वे पांच वर्षों तक जनता को छल्लने का काम किया। इसके बाद वे झूठा चकाचौंध दिखाकर जनता को भरमाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पूर्व मेयर और इनके रिश्तेदारों द्वारा निगम और चैंबर में जितना भ्रष्टाचार किया गया है,आने वाले समय में एक- एक कर सभी का सच उजागर करता रहूंगा। प्रेस वार्ता में झामुमो नेता परवेज अख्तर, सामाजिक कार्यकर्ता आनंद पांडेय मौजूद थे।

### चलनी दूसे सुप के : पूर्व महापौर




प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नेताजी के दिए बयान पर एक प्रेस वाले के पूछे जाने पर मुस्कुराते हुए कहा कि चलनी दूसे सुप के? पूर्व महापौर ने कहा कि मैं तो भाजपा में हूं भाजपा से राजनीति शुरू की। भाजपा ने मुझे पहचान दिया और भाजपा में ही रहूंगी। जहां तक बोर्ड द्वारा पारित टैक्सी स्टैंड में भोजनालय जिसे आप रोटी बैंक के नाम आवंटन कराना चाहते थे कि पीड़ा है, तो बोर्ड ने पता कराया लेकिन पूरे शहर में जिसके आप सेवादार बने हुए हैं कहीं भी आज तक रोटी का बैंक नहीं दिखा अगर है तो बताएं। आपका रोटी का बैंक शहर में कहां खुला हुआ है और कितने जरूरतमंद लोग प्रतिदिन भोजन उस बैंक मैं जाकर कर रहे हैं। रही बात मेरे मॉल, स्कूल, कॉलेज व शोरूम कि जहां मेरे परिवार ने हजारों लोगों को रोजगार दे रखा है तो जनाब सरकार आप की है। पहले भी जांच आप ने कराया फिर अच्छा से तसल्ली कर लें। ऐसे आप त्रिपाठी जी जिन्होंने आपको एयर एंबुलेंस से लिफ्ट कर लाखों रुपए खर्च करते हुए आप की जान बचाई, शहर में आपको एक पहचान दी, जब आप उनके नहीं हुए तो दूसरों के क्या होंगे नेताजी। चिंता ना करें नेताजी नाई नाई कितने बाल समय पर पता चल जाएगा।

### जनता दरबार में डीसी ने सुनी लोगों की फरियाद



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में मेदिनीनगर के संजय कुमार सोनी ने उपायुक्त से आर्थिक मदद की गुहार लगाया, संजय असाध्य रोग (कैंसर) से पीड़ित है और पैसे के अभाव में वह अपना इलाज करवा पाने में असमर्थ है। जिस पर उपायुक्त ने संजय को 20000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस का माध्यम से की। इसी तरह नावाबाजार थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सारो देवी ने उपायुक्त से अंगुली कट जाने की शिकायत कर उपायुक्त से आर्थिक मदद करने की गुहार लगाई, जिस पर उपायुक्त ने सारो देवी को 10000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से की। इसी तरह चैनपुर के नेउरा निवासी दिव्यांग मो. जमालुद्दीन अंसारी ने उपायुक्त से संबंधित विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल दिलवाने का गुहार लगाया। इसी तरह हरिहरगंज थाना क्षेत्र के विजनीवार निवासी गिरजा राम ने उपायुक्त से एन. एच. 98 में अधिग्रहित भूमि का गलत तरीके फर्जी कागजात बनाकर पैसा गबन कर लेने का शिकायत किया। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र का ग्राम सोनपुरवा निवासी तेतर भुइयां ने उपायुक्त से अपने भूमि पर अवैध रूप से दखल कब्जा कर लेने का शिकायत किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### सुआ रेलवे ट्रैक पर मिला जवान का शव



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सुआ रेलवे ट्रैक पर एक पुलिस जवान का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान सुआ निवासी महेंद्र राम के रूप में की गई। सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस जवान महेंद्र धनबाद जिला में कार्यरत था। वह कुछ दिन पहले छुट्टी में घर आया था। इनके तीन बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने मृतक के परिजन व पुलिस को सूचना दी कि रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा है। सदर थाना के एसआई रमता वाक्य और एएसआई अभिमन्यु सिंह वहां पहुंचकर घटनास्थल से स्व महेंद्र का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएमसीएम भेज दिया है। पुलिस घटना के कारणों का जांच कर रही है।

### पाटन पुलिस ने जागोडीह में किया पीड़िता मामले की जांच, लड़की को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया

**पाटन पलामू।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम जागोडीह में एक लड़की को उनके परिजनों व ग्रामीणों द्वारा मारपीट व सामाजिक रूप से प्रताड़ित कर घायलावस्था में गांव के बाहर छेछानी जंगल में छोड़ दिया गया था। पुलिस ने इस संबंध में थाना में सन्हा दर्ज कर सूचना का सत्यापन करते जागोडीह ग्राम पहुंची। मौके पर पाटन थाना प्रभारी पुअनि गुलशन गौरव, पुअनि रॉबिन्स कुमार, सअनि कुमार नीरज, महिला आरक्षी सुमिरन प्रभा मुंडु व पुलिस बल जागोडीह में पीड़िता के घर के आसपास के लोगों से पूछताछ किया। जिसके बाद लड़की की बरामदगी के लिए छापेमारी किया गया। लड़की को छेछानी जंगल से घायलावस्था में बरामद किया। पीड़िता को तत्काल इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पीड़िता को सदर अपस्पताल रेफर किया गया। पुलिस अस्पताल के सरकारी एंबुलेंस से महिला पुलिस के देखरेख में पीड़िता को भेजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में संदिग्ध तीन लोगों को पूछताछ के लिए पाटन थाना लाया गया है। प्रभारी ने कहा कि पीड़िता का विवाह जबरदस्ती कहीं कराया जाना था, जो पीड़िता के इच्छा के विरूद्ध था। इससे पीड़िता नाराज होकर कहीं चली गयी थी। वापस लौटने पर नाम कलंकित करने व परिवार का नाम खराब करने के आरोप में उसके परिजनों व ग्रामीणों ने पीड़िता के साथ घटना को अंजाम दिया है।

# रेल चक्का जाम पर रेल अधिकारियों ने संघर्ष समिति से किया वार्ता

**डीआरएम ने मांगा समय: उपभोक्ता संघर्ष समिति ने कहा- अब बात जाम स्थल पर ही होगा**

खबर मन्त्र संवाददाता




**हैदरनगर पलामू।** डीडीयू रेल खण्ड के सोननगर-सिगसिगी रेल खंड में वर्षो से रेल प्रशासन व विभाग के द्वरा इस क्षेत्र के लोगो से सौतेले व्यवर की जाती रही हैं जिसको लेकर लोगो ने अब आर पार की लड़ाई लड़ने की ठान लिया है।

हैदरनगर स्थित रेल फाटक संख्या 50 सी पर रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति की18 मई को सुबह नौ बजे से घोषित अनिश्चित रेल चक्का की सूचना पर रेल प्रशासन ने पहल शुरू की है। मंगलवार को इसे लेकर समिति सदस्यों के साथ कई रेल अधिकारियों ने हैदरनगर के पश्चिमी पंचायत सचिवालय में बैठकर वार्ता की है। जिसमें उक्त फाटक पर आये दिन जाम लगने से छुटकारा और आरओबी निर्माण कराने की मांग पर डीआरएम से वार्ता करने के लिए समिति सदस्यों से समय मांगा गया।

किन्तु सदस्यों ने कहा कि अब वार्ता जाम स्थल पर ही होगा। चुकी इस मामले में समिति कई बार रेल अधिकारियों तक पत्राचार कर चुकी है। बावजूद उनके कानों में जूँ तक नहीं रेंगी। इस वार्ता में आरपीएफ पोस्ट जपला के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन व सब इंस्पेक्टर निशांत कुमार, टीआई अमरीश भारतिया, इंटीसी जेन्स, सुशील डूंगडूंग के अलावे समिति सदस्यों में विधायक सह मुखिया प्रतिनिधि सज्जू खान, राजू खान, अजहर अली, बाबू खान, मुखिया जीतेन्द्र सिंह व सुदर्शन राम, गुप्तेश्वर पाण्डेय सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जीएलए कॉलेज में लगाया हेल्पडेस्क

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव की अध्यक्षता में जीएलए कॉलेज में स्नातकोत्तर में नामांकन ले रहे विद्यार्थियों की सहायता के लिए कॉलेज में हेल्पडेस्क लगाया। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के वरिष्ठ नेता विकास यादव ने कहा कि वाईजेके एसएफ छात्रों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहा है और आगे भी हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि फेडरेशन ने विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क लगाया है और विद्यार्थी इस हेल्पडेस्क से लाभान्वित भी हो रहें है। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा की विद्यार्थियो की परेशानी दूर करना हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए हमारा संगठन हर संभव प्रयत्न करेगा। जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव ने कहा कि फेडरेशन द्वारा यह हेल्पडेस्क आगे भी लगाया जायेगा ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहायता की जा सके। जीएलए कॉलेज अध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को सहायता चाहिए वे हमसे संपर्क कर रहें है, और हमारे हेल्पडेस्क से लाभान्वित हो रहें हैं। वेदप्रकाश ने कहा कुछ विद्यार्थियों को नामांकन से संबंधित विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां रहती है, जिसमें उन्हें हम सहायता करते हैं। इस मौके चंदन, सौरव समेत अन्य छात्र भी मौजूद थे।

# स्पष्ट जनादेश


निस्संदेह, यह भारतीय लोकतंत्र के परिवक्व होने का संदेश है कि एक ही दिन में उसने अलग-अलग राज्यों में अलग तरह का जनादेश देकर साबित किया कि सत्ताधीश उसे अपनी बपौती मानकर न चलें। जहां कर्नाटक में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत हासिल करके भाजपा के दक्षिण के द्वार पर अवरोधक लगा दिया है। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में निकाय चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ है। उ.प्र. में मुख्यमंत्री योगी की साधना सफल हुई है और पार्टी की अप्रत्याशित जीत से भाजपा में उनका कद बढ़ा है। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत व भाजपा की हार के सौ कारण बताये जा सकते हैं। लेकिन इतना तय है कर्नाटक की जनता ने राज्य में भाजपा के शासन को नकारा है। यह भी सर्वविदित है कि कर्नाटक कांग्रेस का हमेशा से गढ़ रहा है। एक निश्चित प्रतिशत जनादेश उसके हिस्से में हमेशा रहा है। वैसे तो भाजपा का जनादेश पिछले चुनाव के जनादेश के प्रतिशत के ही अनुरूप है, लेकिन जो निर्णायक वोट प्रतिशत है उसे हासिल करने में कांग्रेस सफल रही है। जो जेडीएस के हिस्से का वोट था। यह बात अलग है कि राज्य में मुस्लिम आरक्षण को खत्म करने से तिलमिलाए मुस्लिम मतदाताओं ने एकजुटता से वोट देकर कांग्रेसी जीत की राह को सुनिश्चित किया है। बहरहाल बजरंग दल पर प्रतिबंध समेत अन्य मुद्दों को लेकर भाजपा ने बहुसंख्यकों के ध्रुवीकरण की जो कोशिश की थी, वो सिरे नहीं चढ़ पायी। अगर भाजपा ने मुस्लिम आरक्षण खत्म करने को वोट पाने का मुद्दा बनाया तो कांग्रेस ने भी उसकी बहाली को चुनावी मुद्दा बनाया। फिर भाजपा की तर्ज पर भी कांग्रेसी नेता धार्मिक स्थलों पर खूब शीष नवाते नजर आये हैं। चुनाव के परिणाम साफ संकेत देते हैं कि अब आम लोग मूल मुद्दों के आसपास ही वोट देते हैं।

# द केरला स्टोरी का सच

आतंकवाद की पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म द केरला स्टोरी अपने प्रदर्शन के शुरूआती दिनों में ही जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन रोजाना करोड़ों में हो रहा है। इस फिल्म से जुड़े सभी लोगों के लिए मुनाफा है, लेकिन देश को इस फिल्म से और इस फिल्म के जरिए जो माहौल बनाने की कोशिश की गई है, उससे घाटा हो रहा है। फिल्म में 3 लड़कियों की कहानी दिखाई गई है, जिन्हें बहला-फुसलाकर उनका धर्म परिवर्तन किया जाता है और फिर आतंकी संगठन आईएसआईएस में उन्हें भर्ती किया जाता है। दुनिया में इस तरह की घटनाएं बहुत होती हैं। आतंकी संगठनों में शामिल करने के लिए लोगों का ब्रेन वॉश किया ही जाता है, क्योंकि कोई भी सामान्य समझ रखने वाला इंसान धर्म के नाम पर दूसरे की जान लेने या आतंक फैलाने के लिए तैयार नहीं होगा। उसे धर्मांध बनाकर ही आतंकवाद के कुत्सित इरादे सफल हो सकते हैं। धर्म परिवर्तन और आतंकवाद के इसी संबंध को दिखाकर, उसे केरल की पृष्ठभूमि से जोड़कर फिल्म बना दी गई और नाम रख दिया द केरला स्टोरी। नाम से एकबारगी धारणा यह बनती है कि यह पूरे केरल की कहानी है। इस फिल्म को बनाने के पीछे असली मकसद क्या है, कि केरल में हिंदू लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, ये स्पष्ट नहीं है। लेकिन इतना तय है कि देश के चुनावी माहौल में राजनैतिक मकसद पूरा करने के लिए यह फिल्म बढ़िया जरिया बन गई है। फिल्म के टीजर में दावा किया गया था कि केरल की 32,000 से अधिक महिलाओं को आईएसआईएस में भर्ती किया गया था। कांग्रेस ने फिल्म में आतंकवाद और धर्मांतरण के मुद्दे के ट्रीटमेंट का विरोध किया है, क्योंकि इससे केरल की छवि खराब हो रही है।

# योगी की जीत चकित करने वाली है





**-आर.के सिन्हा**

> कभी बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज न केवल घरेलू बल्कि विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित कर रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिडला, टाटा समूह के एन चंद्रशेखर से लेकर ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बिचर समेत उद्योगजगत के दिग्गजों की उपस्थिति इसका प्रमाण था। कुल 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

**भारतीय जनता पार्टी** ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगम में अपना परचम लहराया है। इसके अतिरिक्त सभी अन्य निकाय में भाजपा का प्रदर्शन अत्यंत ही प्रभावशाली रहा है । सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया , ऐसा कहें तो अतिशयोक्ति नहीं होगी । बेशक, इस चुनाव परिणाम से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का तो हौसला बढ़ेगा ही, ताज्जुब नहीं की लोकसभा चुनाव प्रचार में योगी के ह्यउत्तर प्रदेश मॉडलह्न की गूंज सुनाई दे ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए निकाय चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं था। क्योंकि यह पहला चुनाव था, जो ह्यअकेलेह्न योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लड़ रही थी। योगी के ऊपर पूरे चुनाव का दारोमदार था। ऐसे में जीत का श्रेय भी योगी आदित्यनाथ को ही मिलना स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश नगर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व जीत हासिल करते हुए सभी 17 नगर निगमों में अपना परचम लहराया है। 2017 के विधानसभा चुनाव से लेकर उत्तर प्रदेश में हुए अब तक के हर चुनाव पर नजर डालें तो योगी की छवि कद्दावर नेता के तौर पर उभरी है। 2017 में योगी आदित्यनाथ जब भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री बनाए गए तो उनकी अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी ने पहला चुनाव, नगर निकाय का ही लड़ा था। उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कुल 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी, यही नहीं 70 नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों में 100 सीटों पर जीत के साथ बढ़िया प्रदर्शन किया था। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद इस परिणाम के बाद योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम की प्रशंसा की थी लेकिन चुनावी पंडितों ने जीत की वजह ह्यमोदी मैजिकह्न को ही बताया था। इसके पांच साल बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दोबारा उत्तर प्रदेश की सत्ता हासिल की। इस प्रचंड जीत से योगी की बेहतर प्रशासक की छवि पुष्ट हुई । लेकिन राजनीतिक पंडित अभी भी इस सवाल से जूझ रहे थे कि क्या योगी अकेले पार्टी की चुनावी नैया पार लगा सकते हैं?

कर्नाटक विधानसभा और उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव एक साथ हुए। चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी की पूरी केंद्रीय टीम ने कर्नाटक में ताकत झोंक रखी थी। योगी आदित्यनाथ निकाय चुनाव में अकेले ही मोर्चे पर डटे रहे। वह अपने मंत्रियों, विधायकों के साथ राज्य भारतीय जनता पार्टी टीम की अगुवाई कर रहे थे। निकाय चुनाव की योगी के लिए क्या अहमियत थी इसका अंदाजा चुनावी रैलियों से लगाया जा सकता है। योगी आदित्यनाथ ने महज 13 दिन में संवाद का अर्धशतक लगाया, 50 रैलियां की। सपा मुखिया अखिलेश यादव से लेकर तमाम दूसरी पार्टियों की तुलना में योगी ने चुनाव प्रचार में कहीं ज्यादा पसीना बहाया। हर दिन वो अलग-अलग जिलों के दौरे पर रहे। इतना ही नहीं निकाय चुनाव के बीच में तीन दिन कर्नाटक में भी चुनाव प्रचार किया ।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक चुनावी रैली में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता, उत्तर प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज, हाइवे समेत इंफ्रास्ट्रक्चर एवं चौतरफा विकास पर खूब बोला । लेकिन , सबसे ज्यादा जोर अपराधियों के खिलाफ एक्शन पर दिया। पूरे चुनाव में ह्यमाफियाओं को मिट्टी में मिला देंगे वाला बयान सर्वाधिक चर्चा में रहा। उमेश पाल हत्याकांड के बाद उत्तर प्रदेश सरकार का बुलडोजर एक्शन से लेकर शूटर्स का एनकाउंटर हो या माफिया अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस कस्टडी में हत्या। भारतीय जनता पार्टी ने हाल के इन घटनाक्रमों को इस तरह से पेश किया जैसे योगी सरकार में ही यह संभव था।

अतीक-अशरफ की हत्या के बाद प्रयागराज पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिए बिना कहा भी था कि यहां की धरती अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती। प्रकृति न्याय जरूर करती है। जो जैसा करेगा, उसको वैसा ही फल मिलता है। जिन लोगों ने अन्याय किया था प्रकृति ने उनके साथ न्याय कर दिया। इसी निकाय चुनाव के दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने दुर्दांत गैंगस्टर अनिल दुजाना को एनकाउंटर में मार गिराया, जिसकी खूब चर्चा हुई। अपनी रैलियों में योगी ने ह्लनो कर्फ्यू, नो दंगा, उत्तर प्रदेश में सब चंगा। और ह्लरंगदारी न फिरौती, अब उत्तर प्रदेश नहीं है किसी की बपौती, जैसे लोकप्रिय नारे गढ़े।

योगी आदित्यनाथ ने तो नगर निकाय चुनाव को देवासुर संग्राम तक कह डाला था। सहारनपुर की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा था कि यह चुनाव देवासुर संग्राम से कम नहीं है। चुनाव में दानव के रूप में भ्रष्टाचारी हैं, दुराचारी हैं और अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं। जनता की मदद से निकाय चुनाव में ऐसी ताकतों को किनारे लगा देना है। सहारनपुर में बसपा उम्मीदवार इमरान मसूद चुनाव को हिंदू-मुसलमान में बांटने की कोशिश करते रहे। पर वे नाकाम रहे। वे हारे, भारतीय जनता पार्टी जीती।

योगी सरकार एक तरफ चौतरफा विकास पर ध्यान दे रही है तो वहीं दूसरी तरफ कानून व्यवस्था की बेहतरी पर प्राथमिकता से ध्यान दे रही है। दुर्दांत माफिया पर नकेल कसने के साथ सतत पुलिस सुधारों की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इसके सकारात्मक परिणाम अब दिखने लगे है। कानून व्यवस्था की स्थिति सुधरने की वजह से निवेश बढ़ा है।

कभी बीमारू राज्यों में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज न केवल घरेलू बल्कि विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित कर रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में मुकेश अंबानी, कुमार मंगलम बिडला, टाटा समूह के एन चंद्रशेखर से लेकर ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बिचर समेत उद्योगजगत के दिग्गजों की उपस्थिति इसका प्रमाण था। कुल 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## खास बात

### दिल्ली-कोलकाता एक्सप्रेस वे

**नागेन्द्र सिंह**

**देश** में एक्सप्रेस वे के कारण आना-जाना आसानहोता जा रहा है। निश्चित तौर पर बेहतर सड़क देश के विकास की रक्त धमनी की तरह है। अगले तीन सालों में वाराणसी एक्सप्रेस भी बनकर तैयार हो जाएगा। इस एक्सप्रेसवे के जरिये दिल्ली से कोलकाता महज 17 घंटे में पहुंचा जा सकेगा, यानी दिल्ली से देर शाम की ड्राइव आपको अगले दिन लंच तक कोलकाता पहुंचा सकती है। सड़कों के इस आधुनिक विस्तार से जहां ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के जरिए वाराणसी से कोलकाता का सफर 10 घंटे में तय होना निश्चित किया गया तो वहीं अब दिल्ली से कोलकाता का सफर भी 17 घंटे में पूरा कर करीब 7 घंटे की बचत करेगा।

अब दिल्ली से कोलकाता का सफर भी 17 घंटे में पूरा कर करीब 7 घंटे की बचत करेगा. यह यात्रा प्रस्तावित वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से संभव हो सकेगी। इस एक्सप्रेसवे से आप दिल्ली से कोलकाता मात्र 17 घंटे में पहुंच जाएंगे। अभी इस दूरी को तय करने में ज्यादा समय लगता है

दिल्ली से वाराणसी के सफर की बात की जाए तो पूर्वांचल, लखनऊ-आगरा और यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए 10 घंटे का यह सफर पहले ही संभव किया जा चुका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों का कहना है कि 3000 करोड़ रुपए की लागत वाला वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके एक बार बनकर तैयार हो जाने पर वाराणसी से कोलकाता जाने में लगने वाला समय 6-7 घंटे तक कम कर देगा. इस प्रस्तावित एक्सप्रेसवे की मंजूरी सितंबर 2021 में ही मिल गई थी।


यह एक्सप्रेसवे रफ्तार के साथ ही कई इलाकों की सूरत को भी बदल देगा। यह मोहनिया, रोहतास, सासाराम, औरंगाबाद, गया, चतरा, हजारीबाग, रांची, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, हावड़ा और अन्य जगहों से होकर गुजरेगा. एनएचएआई के मुताबिक, यह एक्सप्रेसवे वाराणसी के रिंग रोड से शुरू होगा और बंगाल के हावड़ा जिले के एनएच-16 पर जाकर मिलेगा।

इससे झारखंड और बिहार को विशेष लाभ मिलने से राज्य की विकास की गति तेज होगी।

**बीते** 9 वर्षो में हमने सरकारी भर्ती प्रक्रिया को ज्यादा से ज्यादा सरल और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया है। इसका सबसे बड़ा फायदा ये हुआ है कि भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की संभावनाएं खत्म हो गई हैं।
**–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

## आपके ट्वीट

**नई दिल्ली** में कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी से मुलाकात कर उन्हें कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर बधाई दी। खड़गे जी के साथ वर्तमान एवं भविष्य के राजनीतिक परिदृश्यों पर चर्चा भी हुई। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





**चंद्रशेखर** अग्रवाल जी ने पहल कर जुडको से रिपोर्ट बनवाई जो तीनपैसेप्रतिलीटर के दर पर आरओ से बेहतर पानी देता है। पर राज्य सरकार के अधिकारियों ने अपनी तंग अदा कर प्रस्ताव को ठंडा बस्ते डाल दिया।
**–महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

# जीवन शैली और संस्कृति

## विचार-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**मैं** योग को सिर्फ अभ्यास नहीं मानता बल्कि 'निरंजनानंद योग संहिता' में योग को चार वर्गों में शामिल किया गया है: अभ्यास, साधना, जीवन शैली और संस्कृति। मैं इस तरह योग देखता हूँ। मैं योग को अभ्यास देखता हूँ, मैं योग को साधना देखता हूँ, मैं योग को जीवन शैली और मैं योग को संस्कृति देखता हूँ। यही योग की प्रगति है।

बहुसंख्यक लोग केवल योग के व्यवसायी हैं। वे एक योग कक्षा में जाते हैं, कुछ व्यायाम करते हैं, कुछ आराम करते हैं, कुछ ध्यान करते हैं और कहते हैं कि मैंने अपना योग किया है। ₹क्षमा करें, आपने अपना योग नहीं किया है! आपने योग के कुछ पहलुओं का ही अभ्यास किया है। जब आप योगाभ्यास करते हैं, जब आप किसी क्लास में जाते हैं, तो आप इसे जिज्ञासा में या किसी व्यक्तिगत कारण से कर रहे हैं। आप या तो तनाव में हैं, इसलिए आप योग करना चाहते हैं, या आप में कुछ शारीरिक जटिलताएं आ रही हैं और आप उन्हें प्रबंधित करने के लिए योग का अभ्यास करना चाहते हैं। आप अपनी आवश्यकता के अनुसार योगाभ्यास कर रहे हैं। आप योग की आकांक्षाओं को अनुभव करने के लिए योग अभ्यास नहीं कर रहे हैं। योग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों का अनुभव करने के लिए योग अभ्यास करने वाले लोग साधक कहते हैं। जो लोग सिर्फ अच्छा और हल्का महसूस करते हैं, थोड़ा ज्यादा लचीला और अकड़न दूर करते हैं, वे योग साधक नहीं होते। मेरे लिए वो लोग हैं जो प्राथमिक वर्ग में अ, इ, उ, ऊ सीख रहे हैं। वर्षों से, आपके पास बीस अभ्यासों का चयन है जो आप हर सुबह अपने योग अभ्यास के रूप में करते हैं।

(रिखिया आश्रम देवघर)

## कार्टून वर्ल्ड




# आखिर देश के इस शीर्ष भवनों को लेकर विवाद क्यों?

**नागेन्द्र सिंह**

**सेंट्रल** विस्टा परियोजना का भी विरोध किया गया। अब मई माह में इसका उदघाटन होने वाला है। ऐसा भी नहीं है कि वर्तमान में यह इलाका कोई अच्छी तस्वीर पेश करता है। यह पूरी जगह आगंतुकों की दृष्टि से कतई अच्छी नहीं है, हरे-भरे इलाके में कारों ने अतिक्रमण कर रखा है और प्रमुख इलाकों में जमीन का इस्तेमाल भी सही ढंग से नहीं किया गया है। विभिन्न भवन संचालित हैं लेकिन उनका रखरखाव काफी खराब है। दरवाजों और खिड़कियों की उम्र नजर आने लगी है और शौचालयों से बदबू आती है। केंद्रीकृत वातानुकूलक का अभाव है जो आज के समय में अनिवार्य है। सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत नहीं है। इस पूरी जगह को आंतरिक और बाहरी बदलाव तथा बेहतर रखरखाव की जरूरत है। ऐसे में एक परियोजना जो जमीन का बेहतर इस्तेमाल करे, इमारतों के बीच बेहतर संबद्धता कायम करे, जहां भूमिगत पार्किंग और केंद्रीकृत वातानुकूलक हो, वह अपने आप में उत्कृष्ट होगी। परंतु क्या इतनी बात सेंट्रल विस्टा परियोजना के मौजूदा स्वरूप को उचित ठहराने के लिए पर्याप्त है? नहीं। मिसाल के तौर पर परियोजना में इतिहास को लेकर सम्मान का भाव नहीं दिखता भले ही वह हमारे औपनिवेशिक इतिहास का हिस्सा है। दूसरा, इमारतों में सुधार कार्य या नई इमारतें बनाने का काम सुसंगत होना जरूरी है। यदि इरादा खुली कार्यालयीन व्यवस्था बनाने और काम में कम गतिरोध (जैसा कि नरेंद्र मोदी कह चुके हैं) पैदा करने का है तो क्या सरकार केवल दो स्तरीय निर्णय वाली डेस्क-अधिकारी प्रणाली अपनाना चाहती है?

## सामयिक

तीसरी बात, पुरानी और अपनी पहचान कायम कर चुकी इमारतों का दूसरा इस्तेमाल हो सकता है, उन्हें भीतर से दोबारा बनाया जा सकता है ताकि बिना बाहरी बदलाव के उन्हें ढांचागत मजबूती प्रदान की जा सके। व्हाइट हाउस, बंडस्टैग और कई अन्य पुरानी इमारतों के साथ ऐसा किया जा चुका है। यदि लोकसभा का कक्ष इतना छोटा है कि उसमें अन्य सदस्य नहीं आ सकते तो केंद्रीय कक्ष को निचले सदन में बदला जा सकता है। चौथा, दूसरे विश्व युद्ध के काल के कुछ अस्थायी बैरकों की जगह पार्किंग टावर बनाए जा सकते हैं ताकि पार्किंग की मौजूदा दिक्कत दूर की जा सके। पांचवीं बात,सभी सरकारी कार्यालयों को एक पास रखने की चाहत में कोई विशेष अच्छी बात नहीं है। बल्कि यह सुरक्षा की दृष्टि से जोखिम भरा हो सकता है। यकीनन कार्यालयों को एक पास रखने के दावे के विपरीत नया सैन्य मुख्यालय काफी दूर कैंट इलाके में होगा। जबकि वायुसेना का मुख्यालय पुरानी जगह पर रहेगा। हालांकि रक्षा सेवाएं अपनी योजना और परिचालन को एकीकृत कर रही हैं।

इमारतों के डिजाइन का एकरूप होना भी कोई अच्छी बात नहीं। जरा वॉशिंगटन मॉल की वास्तु विविधता पर गौर कीजिए। छठी बात, राष्ट्रीय संग्रहालय और राष्ट्रीय अभिलेखागार की लाखों बेशकीमती और नाजुक कलाकृतियों को नॉर्थ और साउथ ब्लॉक (शायद वे बतौर संग्रहालय उपयुक्त न हों) ले जाने से पहले कैसे संभाला जाएगा। खासकर तब जबकि वे इमारतें असुरक्षित हैं?

मौजूदा सेना मुख्यालय यानी सेना भवन और लोक नायक भवन या उनमें अनावश्यक विस्तार होता है मसलन साउथ ब्लॉक के पीछे रक्षा अनुसंधान भवन, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नई इमारत और विदेश मंत्रालय का नया भवन जिसे मानो यह मानकर तैयार किया गया है जैसे यह प्रमुख जमीन असीम है और उसका कोई मूल्य ही नहीं है। देश के बड़ें भवन देश के धरोहर हैं और नये निर्माणाधीन भवन देश के रीढ़ है यह समझना होगा।

# अवैध कमाई पर कसता शिकंजा



**अजय दीप वाधवा**

**कुछ वर्ष** तक यह माना जाता था कि भारत की आधी अर्थव्यवस्था काली कमाई की है। कई बैंकिंग विशेषज्ञों का यह मानना था कि शायद इसी कारण रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भारत की मुद्रा आपूर्ति की प्रणाली को सफलतापूर्वक नियंत्रित नहीं कर पाता क्योंकि पूर्ण मुद्रा आपूर्ति का लगभग आधा भाग बैंकिंग प्रणाली में आता ही नहीं है क्योंकि उसका लेन देन बेकिंग प्रणाली के बाहर ही हो जाता है। और यह बहुत हद तक सही भी है। आप किसी भी बड़े लेन देन, जैसे संपति आदि की खरीद बिक्री, के बारे में किसी से भी बात करें, वो वह पहले यह जानना चाहेगा कि इस लेन देन में नकद का क्या प्रतिशत होगा, क्योंकि यह नकद राशि काले पैसे का हिस्सा होती है। भारत में रिश्वत मांगने और देने में अधिकांश लोगों को कोई शर्म भी अब महसूस नहीं होती। वास्तव में रिश्वत मांगने एक ढंग से भीख मांगना है क्योंकि दोनों में एक व्यक्ति दूसरे से पैसा मांगता है; पर अब रिश्वत लेने वाले इस हीन भावना से ऊपर उठ चुके हैं। हाल के वर्षों में भारत सरकार ने इस काले धन पर चोट करने कोशिश की है।

0 नोट बंदी, इनकम टैक्स की पूछ ताछ और एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) की रेड इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं। इसी दिशा में एक कदम और उठाते हुए भारत सरकार ने 3 मई 2023 को एक आदेश निकाला की अब चार्टेड एकाउंटेंट, कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट और कंपनी सेक्रेटरी अगर अपने क्लाइंट की तरफ से अवैध वित्तीय या पूंजीगत संपति लेन देन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होते हैं या इसे रोक पाने में या इसकी सूचना देने में असफल होते है तो वो भी इसमें दोषी माने जायेंगे।

## आर्थिक

इस आदेश के तहत अब सीए, सीएमए और सीएस को अपने मुवक्किल की तरफ से किए जाने वाले चल / अचल संपत्ति के कारोबार, वित्तीय प्रतिभूति की खरीद बिक्री आदि अनेक लेने देन पर नजर रखनी होगी और किसी भी संभावित लेन देन के पूर्व नियमों के पालन का ध्यान रखना होगा। हालांकि यह आदेश बहुत कड़ा है और इसका निर्दोष सीए/ सीएमए/ सीएस पर विपरीत प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना है पर इस आदेश को लाने के पीछे सरकार का एक अनुभव भी रहा है।

अभी हाल के वर्षों में जितने बड़े राजनीतिज्ञों या नौकरशाहों के यहां अवैध संपति एकत्र करने के लिए छापे पड़े है, उनमें अधिकांश में यह पाया गए कि उनकी अवैध कमाई का लेखा जोखा कोई न कोई अकाउंटेंट कर रहा था और ये अकाउंटेंट न सिर्फ लेखा जोखा कर रहे थे बल्कि अपने घरों या कार्यालयों में उस अवैध कमाई की नकदी का एक बड़ा हिस्सा रख भी रहे थे।

कुछ लोगों का तो यह भी मानना रहा है कि इतनी बड़ी अवैध कमाई को कहीं निवेशित करने या छुपाने का कार्य बिना प्रोफेशनल अकाउंटेंट के हो ही नहीं सकता। कुछ सरकारी वर्ग का यह भी मानना है कि अवैध और काली कमाई को कर प्रणाली से बचाने के उपाय बिना प्रोफेशनल अकाउंटेंट के हो ही नहीं सकता। यह सारे आरोप सही नहीं भी हो सकते हैं पर सरकार ने इस दिशा में एक कदम और उठा लिया है और अब सीए/सीएमए/ सीएस को अपने क्लाइंट लेन देन और अधिक ध्यान देने के लिए मजबूर कर दिया है।

**( कर एवम निवेश सलाहकार ,रांची।)**

## लेटर टू एडिटर

### छोटा परिवार देशभक्ति

**जनसंख्या** की वजह से आवास, परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षण आदि मूलभूत सुविधाओं को भी पूरा करना मुश्किल हो जाता है। बेरोजगारी पहले से ही एक ज्वलंत समस्या है। जागरूकता प्रसार में केंद्र और राज्य सरकारें पहल कर सकती हैं। एक तरह से देश भक्ति ही है। आम नागरिकों, सभी को साथ मिलकर एक बड़ी नीति जनसंख्या वृद्धि रोकने की बनानी होगी। **–पूनम, रांची**

### जिम्मेदार बनें

**दुनिया** में बड़ी आबादी वाला देश बनना खुशी नहीं बल्कि चुनौती है। देश की आबादी यूं ही निरंतर बढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं जब देश को इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। आबादी को नियंत्रित करने के लिए सरकार हस्तक्षेप करे या न करे लेकिन परिवार नियोजन प्रत्येक नागरिक की खुद की जिम्मेदारी होनी चाहिए। छोटा परिवार सुखी परिवार, बच्चे दो ही अच्छे।
**– सतपाल सिंह, जमशेदपुर**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### ग्राम सभा का आयोजन

**चरही।** सोमवार को बहेरा पंचायत भवन में उपमुखिया शिवचंद मुर्मू की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।ग्राम सभा में विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई ।जैसे सडक,नाली, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, राशनकार्ड, मनरेगा से सम्बंधित योजना,डोभा, तालाब, मेडबंदी, बागवानी, दीदी बाड़ी योजना के बारे में पंचायत के ग्रामीण अपने-अपने वार्ड क्षेत्र से योजनाओं को ग्राम सभा में अंकित करवाने की बात कही ।मौके पर मुख्य रूप से पंचायत सचिव रवि कुमार राणा,वार्ड सदस्य आशा मनी मुर्मू,अजहरुद्दीन अंसारी, हदीसा खातून,जावेद अली, अब्दुल्ला अली,ललन प्रसाद,बिरसा टुडू,रोजगार सेवक जगरनाथ महतो, सपोर्ट संस्था से प्रवचन कुमार महतो,महिला समुह से रोशनी देवी,गीता देवी, ममता देवी, पूजा देवी,पुनम देवी, प्रतिमा देवी, नागमा देवी,सदुम देवी, सुशीला देवी,रीना देवी, अनिता देवी,जयपति देवी एवं ग्रामीण महिलाओं पुरुष उपस्थित थे।

### पुनाई मुखिया अनिल देव अपने खर्च से कराएंगे मनरेगा मजदूरों का बीस लाख का बीमा

**दारू।** पुनाई पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ग्रामीणों की सेवा के लिए जाने जाते है और वे हमेशा उनके लिए तत्पर रहते है ।इसी तरह के एक अनूठी पहल करते हुए मुखिया ने मनरेगा मजदूरों विशेषकर कुवाँ बनाने में काम करने वाले मजदूरों का बीस लाख का बीमा निजी खर्च पर करवाने की घोषणा की है। अपनी इस अनूठी पहल के बारे में मुखिया ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत मजदूर काफी जोखिम भरे स्तिथि में कार्य करते है अभी कुछ दिन पूर्व ही कुआं निर्माण के दौरान हुए हादसे में कई मजदूरों की मौत हो चुकी है। इन मजदूरों की मौत के बाद उनके परिवार की आर्थिक स्तिथि काफी खराब हो जाती है और मृतक के परिजन बदहाली की जिंदगी जीने को विवश हो जाते है। इसी समस्या को देखकर उन्होने मजदूरों की बीमा करने का निर्णय लिया। भारतीय स्टेट बैंक में इन मजदूरों का खाता खोलकर एक हजार रुपैये सालाना दुर्घटना बीमा करवाया जाएगा जिसका हर वर्ष किस्त मुखिया के द्वारा भरा जाएगा। एक हजार सालाना प्रीमियम जमा करने पर मजदूर को बीस लाख रुपैये की दुर्घटना बीमा की सुबिधा मिलेगी। मुखिया की इस पहल की प्रखंड के लोग काफी सराहना कर रहे है ।

### चाकू से गोतिया पर हमला किया

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बकसपूरा पंचायत के वार्ड सदस्य किशोर कुमार राम उनके चाचा नारायण दास पर इसी गांव के गोतिया जग्गू राम पिता शंभू राम द्वारा चाकू से हमला किया गया। घटना सोमवार रात की है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल युवक के रिश्तेदार के घर शादी समारोह था,बारात जाने की तैयारी चल रही थी कि इसी बीच भीड़ में मौजूद जग्गू राम द्वारा किशोर व नारायण पर अचानक हमला बोल दिया। हाथ में चाकू लिए जग्गू द्वारा किशोर दास दास चाचा नारायण दास पर ताबड़तोड़ हमला करते हुए पेट व गर्दन के नीचे चाकू वार किया गया । मौके पर मौजूद लोगों द्वारा बीच-बचाव के बाद बड़ी घटना होने से टाला गया। घटना के बाद पुलिस को जानकारी दी गई । घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने पर घटना को अंजाम देने वाला फरार बताए गया है। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच पुरानी दुश्मनी बताई जाती है। घटना के बाद दोनों घायल युवकों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज किया गया वहीं बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। बरहाल इस संबंध में बिष्णुगढ़ पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### एनएमओपीएस के सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

**हजारीबाग।** एनएमओपीएस की सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक मंगलवार को वीर कुंवर सिंह पार्क में जोन प्रभारी जगदीश राम एवं प्रभारी प्रकोष्ठ त्रिभुवन प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिला के सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य मुद्दा 2004 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पुरानी पेंशन से संबंधित मामले एवं उनसे जुड़ी अन्य मुद्दों के निपटारे आदि पर मंथन किया गया। बैठक में जोन प्रभारी अशोक राम ने कहा कि उनकी मांगों पर सरकार का रुख सकारात्मक है। बैठक को जिला संयोजक रंजीत वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जल्दी ही हम पुरानी पेंशन के हकदार होंगे। बैठक में जिला कार्यकारिणी के मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी संजय कुमार के अलावा सेवानिवृत कर्मचारी संघ से भीम कुमार यादव, सुरेंद्र किशोर मेहता, लोकनाथ राम, भोलानाथ पांडे, शिव शंकर प्रसाद, अभय कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार सिन्हा, उमेश कुमार पासवान, कार्तिक राम, प्रवीण कुमार, चुन्नू लाल श्रीवास्तव, गुरुदयाल रविदास, अभय कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, शशिकांत पांडे, दिनेश कुमार सहित कई सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### गाड़ीसाड़म पहुंचे हांथी

**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गाड़ीसाड़म में सोमवार की रात्रि हांथी पहुंचे और यहां फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। रात के अंधेरे में पहुंचे हांथीयों के पहुंचने की भनक ग्रामीणों को मंगलवार की सुबह हुई जब उन्होंने उनके पैर के निशान और फसलों की बबार्दी को देखा। झुंड से बिछड़े तीन हांथी लगातार विचरण करते हुए फसलों को बर्बाद कर रहे है। गाड़ी साड़म में करीब दो एकड़ में लगी टमाटर की फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया जिससे किसान को करीब एक लाख रुपैये की आर्थिक छती पहुंची। मंगलवार की शाम को भी बगल के जंगल मे डेरा जमाए हुए है जिससे ग्रामीण काफी डरे सहमे हुए है।

# नीचे धौड़ा भुरकुंडा में श्रीश्री 1008 तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न

## भक्ति जागरण पर रातभर झूमे लोग, भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नीचे धौड़ा में चल रहे श्रीश्री 1008 तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा सह मां भगवती काली मंडल जिर्णोद्धार महायज्ञ प्रतिष्ठा आवाहित, देवी-देवताओं व कन्या पूजन, हवन एवं पुर्णाहुति के साथ महायज्ञ संपन्न हो गया। वहीं महायज्ञ को ले मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ो महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ को संपन्न कराने में पुरोहित आचार्य ष्णा मिश्रा, विनय मिश्रा, अविनाश उपाध्याय, मुरारी पांडेय, कुल्लू मिश्रा, गिरजानंद पांडेय का विशेष योगदान रहा। इधर महायज्ञ को ले सोमवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर अंबा प्रसाद ने यज्ञ स्थल में मत्था टेक क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि महायज्ञ से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। अंबा प्रसाद ने कहा कि भक्ति आयोजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का भी अवसर मिलता है। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद धनबाद भजन मंडली की टीम ने एक से बढ़कर एक भजन व भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को रातभर झुमाए रखा। इसके पूर्व महायज्ञ समिति ने विधायक अंबा प्रसाद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। महायज्ञ व भंडारा को संपन्न कराने में कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया अजय पासवान, सचिव आजाद भुइयां, कोषाध्यक्ष संजीत राम, सदस्य राजेंद्र करमाली, दीपक भुइयां, विनय कुमार, राहुल पासवान, बसंत करमाली, राममूर्ति नायक, सूरज कुमार, रामकुमार, शंकर करमाली, सनी करमाली, रोशन पासवान, गोलू कुमार, करमाली, राज करमाली, जीतू भुईयां, लाली करमाली, सूरज चौधरी, मोहन भुइयां, छोटू भुइयां, संतोष कुमार, अनीश कुमार, अशोक राम, मनीष कुमार, निहाल कुमार, विवेक कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।



विधायक को अंग वस्त देकर सम्मानित करते मुखिया अजय पासवान

# चारमाइल के जंगल में लगी भीषण आग

## विभाग की लापरवाही से घंटो जलते रहे पेड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत चारमाइल के जंगल में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे दूर दूर तक दिखाई देने लगी। जंगल से भीषण धुआं का गोला निकलने लगा।ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय उप मुखिया रोहित यादव को सूचित करने पर अग्निशामक वाहन से संपर्क करने का प्रयास किया।परंतु संपर्क स्थापित नही होने के कारण उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी। लेकिन वन विभाग द्वारा तत्परता नही दिखाने के कारण परिणाम स्वरूप चारमाइल के सैकड़ों पेड़ जल कर राख हो गए। इस बाबत रोहित यादव ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वन विभाग लाखो खर्च कर वन संरक्षण को लेकर प्रचार प्रसार करती है। करोड़ो रुपए खर्च कर हरा भरा वन बनाने के लिए पेड़ पोधे लगाती है। लेकिन जब वन बचाने की बात आती है तो वन विभाग कर्मी अपने आंख एवं कान बंद कर लेते है ऐसे में कैसे वन संरक्षण होगा ? और कैसे पर्यावरण संतुलित रह पाएगा ?उन्होंने इस बाबत संबंधित मंत्री, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों से करने की बात कही।



आग की लपेट में सैकड़ो पेड़ जलकर स्वाहा

### मिशन मेरी लाइफ योजना के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

**कुजू।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकी डूंडी में केंद्र सरकार के निर्देश पर मिशन मेरी लाइफ योजना के तहत मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन विभाग के वनरक्षी, वन समिति के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, विद्यालय के बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान वन रक्षियों ने सरकार की मिशन लाइफ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कहा कि मिशन ऐसे अभियान से है जिससे पर्यावरण का संरक्षण हो। इसमें हर एक इंसान को अपनी जिम्मेदारी समझने के साथ छोटे से लेकर बड़े-बड़े काम में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाने की अपील की गई है। मौके पर वनरक्षी नितेश कुमार मुंडा, पवन कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार, देवेंद्र धर, अजीत कुमार, वन समिति के अध्यक्ष वीरू महतो, पंचायत समिति सदस्य रीना कुमारी, शिक्षक आशीष कुमार महतो, राजेश महतो, पालो कुमारी, अरुण कुमार, नेमधारी महतो, हेमलाल महतो आदि उपस्थित थे।

### पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मावन जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा : सत्यंवती देवी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी और पूर्व मुखिया लव कुमार महतो ने अपने विवाह के 34वें वर्षगांठ पर मंगलवार को 34 छायादार, फलदार व विभिन्न किस्म के पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पूर्व मुखिया सत्यवंती देवी एवं पूर्व मुखिया लव कुमार महतो ने शादी के 34वें वर्षगांठ पर पूरे विधि-विधान से देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना किए। साथ ही हवन कर अपने पंचायत सहित समस्त देशवासियों के सुख-शांति व समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी व लव कुमार महतो ने प्रत्येक नागरिक को अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह व पूर्वजों की बरखी पर पौधे लगाकर पर्यावरण को संतुलित रखने में योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगकर इसका संरक्षण करना होगा। मुखया सत्यवंती देवी ने कहा कि पौधा लगाना ही काफी नहीं, इसकी सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे धरती के गहने होते हैं। जितना अधिक लगायेंगे उतना बेहतर होगा।

### लोकल फॉर वोकल पर परिचर्चा

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत लोकल फॉर वोकल विषय पर प्रशिक्षुओं ने चर्चा-परिचर्चा की। इसमें उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि सही दिशा में संसाधनों के सदुपयोग से देश आत्मनिर्भर बनेगा। विभिन्न समूहों में बंटकर प्रशिक्षुओं ने मुद्दे पर चर्चा की। इसमें कहा गया कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में लघु एवं कुटीर उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है. इसमें कृषि संबंधी व्यवसाय, मानवीय संसाधनों की बौद्धिक क्षमता की उपयोगिता और प्राकृतिक संसाधनों के उपभोग से भी भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। प्रशिक्षुओं ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहले खुद को स्वावलंबी बनाना होगा. स्वयं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कारगर कदम उठाना होगा।

# तम्बाकू जीवन का धीमा जहर : रविकांत

## बालिका विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही में अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से तम्बाकू निषेध क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीनाक्षी कुमारी पिता महादेव प्रसाद, द्वितीय रानी कुमारी पिता प्रकाश यादव व तृतीय स्थान तनीषा कुमारी पिता विनय सिंह ने प्राप्त किया। उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस सम्बंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत ओम ने छात्राओं को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तम्बाकू जीवन का धीमा जहर है ।यह शरीर मे धीरे धीरे जहर का काम करता है। इसके प्रभाव से शरीर मे रोग प्रतिरोधक क्षमता का नाश हो जाता है ।साथ ही इसके दुष्प्रभाव के कारण मनुष्य के शरीर मे विभिन्न बीमारियों की प्रभाव दिखना शुरू हो जाता है ।जिनमे कैंसर एवं टीवी प्रमुख है ।और मनुष्य कमजोर होकर मारने की स्थिति में पहुच जाता है ।यह शरीर के साथ साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहा है। इसके सेवन से करीब 70 फीसदी लोग फेफड़े के कैंसर से ग्रसित हैं। विश्व मे ज्यादातर मौते तम्बाकू से होती है। मौके पर प्रधानाचार्य रविकांत ओम, समीर सोरेन, उपेंद्र कुमार दास, एमपीडब्ल्यू संतोष कुमार, कुलदीप कुमार, सज्जाद अहमद, ज्योति कुमारी, संजय कुमार पासवान, बिनोद कुमार, कमलेश कुमार सिन्हा, खेमलाल ठाकुर सहित अन्य शिक्षकेत्तर मौजूद थे।



क्विज प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी

## नकारी कलोनी में पेयजल के लिए मचा त्राहीमाम, 20-25 दिनो से बंद है पानी की सप्लाई

# दूर-दराज क्षेत्रों से लाना पड़ रहा है पानी, घंटो इंतेजार के बाद मिलता है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भदानीनगर (रामगढ़)।** गर्मी के दस्तक के साथ ही नकारी कलोनी में पेयजल के लिए त्राहीमाम मचा हुआ है। इस कॉलोनी में पतरातू वाटर सप्लाई के द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन करीब 20-25 दिनों से पानी की सप्लाई बंद है। जिसके कारण लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा है। पेयजल के लिए यहां के ग्रामीणों को 2-3 किमी दूरी तय करना पड़ है। जहां घंटो इंतेजार के बाद ग्रामीणों को पानी मिल पाता है। पानी के दौड़-भाग में लोगों की दिनचर्या ही खराब हो गई। प्रतिदिन दो-तीन घंटा लोगों का पानी की खोज में समय बीत रहा है। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर बताया कि नकारी कलोनी (एके कोलियरी) में लगभग एक माह से पानी की सप्लाई बंद होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस चिलचिलाती धूप में ग्रामीणों सहित मैं खूद और मेरा परिवार 3 किमी दूरी तय कर जलमीनार से पानी ढोने को विवश हैं। इतना ही नहीं ग्रामीणों द्वारा पेयजल के लिए सौंदा मुख्य पथ एकता क्लब की ओर रूख कर रहे हैं। उन्होंने सीसीएल प्रबंधन से अविलंब नकारी कलोनी में पीने की पानी सप्लाई सुचारू रूप से कराने की मांग की है। ताकि ग्रामीणों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। श्री कुमार कहा कि प्रबंधन मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अविलंब पानी की सप्लाई सुचारू रूप से कराए, अन्य ग्रामीण बाध्य होकर आंदोलन का रूख अख्तिार करेगी। जिसमें हमारी यूनियन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी।



पानी के इंतेजार में खड़े ग्रामीण

## एक नजर में

### लारा में नौ कुंडी यज्ञ से क्षेत्र में रुकेगा धर्मांतरण : अनूप

चरही। चुरचू के लारा स्कूल मैदान में तीन दिवसीय श्री-श्री गायत्री 9 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है ।यह महायज्ञ 15 मई से कलश यात्रा के साथ शुरूआत किया गया ।351 महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।लारा स्कूल मैदान से गाजे-बाजे के साथ भक्ति भाव के साथ इस कलश यात्रा को गांव के झुमरी टोला एवं बालीडीह होते हुए लारा नदी तट पर पहुंचे ।सभी कलश यात्रियों ने लारा नदी से विधिवत जल भरकर मंत्रोच्चारण के साथ संकल्प लेकर नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचकर परिक्रमा कर विधिवत कलश स्थापित किया गया ।गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार के सुरेश जी द्वारा विधिवत पूजन के साथ महाआरती किया गया ।सभी कलश यात्रियों और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया ।16 मई प्रात :5 बजे ध्यान योग,7 बजे यज्ञ एवं विभिन्न प्रकार के संस्कार,दोपहर 2 बजे कार्यकर्ता गोष्टी एवं महा भंडारा,संध्या 6 बजे महाआरती एवं शक्तिपीठ के द्वारा संगीत प्रवचन का कार्यक्रम ।17 मार्च 2023 को प्रात :5 बजे ध्यान योग,7 बजे यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार,दोपहर 12 बजे यज्ञ का विसर्जन,दिशाओं की विदाई,दोपहर में महा भंडारा एवं संध्या 6 बजे से माता रानी का भव्य जागरण किया जाएगा ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार चंद्रवंशी,सचिव शिव कुमार चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष खगेश राम, कोषाध्यक्ष जुगल चंद्रवंशी सहित ग्रामीणों की अहम भूमिका रही।

### अपने अधिकारों का गलत उपयोग कर रही ट्रैफिक पुलिस : विश्वरंजन सिन्हा

**बासल (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कहा है कि आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली सहित अन्य आजसू नेताओं पर दुर्भावना से ग्रसित होकर केस दर्ज किया गया है। दुनिया तकनीकी रूप से निरंतर आगे निकल रही है बावजूद रामगढ़ जिले में वाहन चेकिंग के नाम पर वाहनों को रोक कर चालान काटना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि बाजार के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन जांच के नाम पर आम जनता को परेशान किया जा रहा। यहां तक की महिलाओं को भी नहीं छोड़ा जा रहा। जिस दिन की घटना है उस दिन एक ग्रामीण सांप काटे जाने की जाने जैसी गंभीर स्थिति पर अपने भाई का इलाज कराने अस्पताल जा रहा था। बावजूद इसके ग्रामीण को परेशान किया गया। इलाज न होने की स्थिति में उस व्यक्ति के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। इसी की सूचना पर आजसू नेताओं ने अपना विरोध जताया। जिस तरह का आरोप एवं धाराएं लगाकर केस दर्ज किया गया है वो पूर्णत: द्वेष की भावना से ग्रसित प्रतीत होता है। किसी आपराधिक घटना के अंदेशा पर वाहन को रोक कर जांच करना तो समझ में आता है, लेकिल चालान तो अनलाइन तरीके से अत्याधुनिक उपकरणों से भी काटा जा सकता है। इस तरह वाहन जांच कर चालान काटने से आम जनता का समय की बर्बादी है। कौन व्यक्ति किस परिस्थिति में कहां जा रहा है। गंभीर परिस्थिति बताने और प्रमाणित करने पर भी उन्हें परेशान किया जाता है। वाहन जांच के दौरान जांच संबंधी नियमों का उल्लंघन किया जाता है। जिसकी जानकारी वरीय पदाधिकारियों को भी नहीं रहती। श्री सिन्हा ने कहा कि जल्द हीं पूरे मामले पर संबंधित केंद्रीय मंत्री, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को पत्र लिख कर जानकारी दी जायेगी। इस तरह चालान काटे जाने से जनता परेशान है। आजसू नेताओं पर द्वेषपूर्ण भावना से दर्ज केस खारिज हो। पुरे मामले पर उच्चस्तरीय जांच की मांग की जाती है।


e-Procurement Cell
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
COMBINED OFFICE BUILDING ,
BUILDING CONSTRUCTION
DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

e-Procurement Notice

Letter.No-19 Notice Date:-15.05.2023

Due to unavoidable reasons the tender floated vide P.R .No-297274 dated 12.05.2023 for the work "Construction of 150 Bedded Hostel in schedule Tribe Residential School Mahuadanr,Latehar" is cancelled.

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the chief engineer
Combined office Building
BuildingConstruction Department, Line Tank Road ,Ranchi.

PR297531 (Building)23-24*D P.R.No:-297274

GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR

E-Procurement Notice (3rd Call)

Very Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-29/2022-23 Dated : 16-05-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 17.05.2023 / 12.30 P.M. |
| 3 | Last date / Time for receipt of Bid | 23.05.2023 / 05.00 P.M. |
| 4 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 24.05.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 5 | Date & time of Opening of Tender | 25.05.2023 / 04.00 P.M. |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 7 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 10 | Detailed survey, designing and drawing, construction of 71469 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. | |

| SL. No. | Group No. | Name of Block | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | SVS/CLUSTER-85 | Untari Road | 3 | 13 | 89 | 946.78 | 9.47 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar

PR 297529 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

झारखण्ड सरकार
जिला खनन कार्यालय, लातेहार
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

-:: आम सूचना ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर निम्नांकित राजसात वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में निम्नलिखित राजसात वाहनों का आम नीलामी दिनांक-27.05.2023 को समय 03:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति द्वारा जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक- 26.05.2023 तक कार्यालय अवधि में इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

| क्र० सं० | राजसात वाद संख्या | संबंधित थाना | वाहन निबंधन संख्या | वाहन का प्रकार एवं निर्माण वर्ष | वाहन का अनुमानित न्यूनतम सुरक्षित राशि/अनुमानित न्यूनतम बाजार मूल्य | सुरक्षित जमा राशि का 10 % प्रतिभूति/ अग्रधन राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 107/2022 | बालूमाथ (काण्ड सं 145/22) | JH03F-8156 | J.C.B 2018 | 13,64,000.00 (तेरह लाख चौसठ हजार) रूपये मात्र। | 1,36,400.00 (एक लाख छत्तीस चार सौ) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| 2. | 02/2023 | बालूमाथ काण्ड सं० (106/22) | JH01AC-6414 | Motercycle 2009 | 20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र। | 2,000.00 (दो हजार) रूपये। | बालूमाथ थानान्तर्गत वाहन सुरक्षार्थ रखा गया है। |
| | | | JH01R-4796 | Motercycle 2007 | 10,000.00 (दस हजार) रूपये मात्र। | 1,000.00 (एक हजार) रूपये। | |

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 297508 Mines and Geology(23-24)#D

स्पीड न्यूज

## नाबालिग गिरफ्तार, बाल सुधार गृह गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु में पेट्रोल पंप के समीप अंडा दुकानदार ने विवाद करते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप नाबालिग ने लगाया। अनिता उरांव ने बताया कि अपने भाई सुजीत उरांव के साथ शकील अंसारी को अंडा दुकान से अंडा लाने गयी थी। उसी दौरान मेरे भाई को बेवजह गाली गलौज कर लोहे के रड से मारपीट करने लगा। बचाव में आगे आयी तो मेरे साथ भी अभद्र व्यवहार कर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जानकारी थाना प्रभारी धनंजय पासवान को दी। थाना प्रभारी ने संज्ञान लेते हुए कांड संख्या 67/23 दर्ज कर धारा 341,323,354 आईपीसी के तहत पुलिस द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए नाबालिग लड़का को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया।

## बाइक से गिरकर दो युवक गंभीर

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के झिकिरमा के समीप रोड में मवेशी के दौड़ने से बाइक सवार बनईडेगा पटाटांगर के आशीषन किंडो (18) व रामा टोली के सुमित किंडो (19) गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। आशीषन के दाहिने पैर की हड्डी टूट गयी है और शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोट लगी है। वहीं सुमित के सिर व हाथ में चोट लगी है।

## बीडीओ ने की मनरेगा योजना की समीक्षा



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को मनरेगा की समीक्षा बैठक बीडीओ पवन महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मनरेगा योजनाओं की प्रगति पर पंचायतवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। मनरेगा की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ससमय बागवानी लगायें। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को अधिक काम दें। मनरेगा की अधूरी योजनाओं को पूर्ण कर अभिलेख बंद करें। अन्य मुद्दों पर भी चर्चा कर जरूरी निर्देश दिये। बैठक में बीपीओ रघुनाथ मुंडा, किशोर उरांव थे।

## डीसी ने की बैंकर्स समिति संग बैठक



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। जिसमें सर्वप्रथम अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की उपलब्धि पर प्रकाश डाला। इसमें डिपोजिट, एडवांस, सीडी रेश्यो, ग्रॉस एनपीए, एमएमएमई, कृषि, केसीसी, पीएमईजीपी, मुद्रा, एसएचजी, एनयूएलएम-एसईपी, स्टैंड अप इंडिया और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि आदि विषय थे। उपायुक्त ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को निदेश दिया गया कि केसीसी ऋण स्वीकृत नहीं करनेवाले बैंक प्रबंधकों पर कड़ी कार्रवाई करें। केसीसी से संबंधित जो भी डेटा है उसे कृषि विभाग से अवश्य साझा करें और केसीसी ऋण का निष्पादन कराएं। बैठक में उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा लोहरदगा जिला के वार्षिक क्रेडिट प्लान संबंधी बुकलेट का विमोचन किया गया। बैठक में आरसेटी निदेशक ने आरसेटी से वर्ष 2023-24 में संस्थान की ओर से प्रशिक्षण कराने संबंधी कोर्स व अन्य जानकारी दी। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी, आरसेटी निदेशक मयंक और विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## कृषि ऋण माफी, राशन कार्ड और केसीसी को लेकर लगा मेगा शिविर



**सिसई।** ब्लॉक परिसर में मंगलवार को कृषि ऋण माफी, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, केसीसी को लेकर मेगा शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरत से कम अनुपात में ही लोग राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ऋण वितरण व माफी के लिए आवेदन किये। चूंकि अधिकतर लोगों का राशन कार्ड नहीं बनने से कृषि ऋण माफी के लिए ई केवाईसी नहीं करा सके। शिविर को लेकर दूरदराज से काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। शिविर में योजना को लेकर कृषि, स्वास्थ्य विभाग, अंचल व प्रज्ञा केंद्र से स्टॉल लगाये गये थे। शिविर में व्यवस्था अभाव होने से लोगों का जितना कार्य होना चाहिए उतना नहीं हो सका। जिससे बहुत लाभुकों को बैरंग लौटना पड़ा। वहीं शिविर में राशन कार्ड के लिए 46, ई केवाईसी के लिए 22 व आयुष्मान कार्ड के लिए कुल 22 लोगों का ही आवेदन ऑनलाइन हो सका।

## नप पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप फुटपाथी दुकानदारों ने की स्थायी व्यवस्था की मांग



**गुमला।** फुटपाथी दुकानदार संघ के सदस्यों ने मंगलवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर फुटपाथी दुकानदारों के लिए स्थायी व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की। फुटपाथी दुकानदारों का कहना था कि अतिक्रमण के नाम पर उन्हें बार-बार हटा दिया जाता है। जिसे जीविकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मौके पर विनय गोप, विवेक कुमार, सोनू केसरी, उपेंद्र महतो, चंदन सिंह, बॉबी साहु, विजय केसरी, रघुनंदन केसरी, खिलेश्वर सिंह, सरोज कुमार, दिनेश्वर प्रसाद, दीपू सिंह, दिलीप सिंह, राकेश सिंह, भूषण एक्का, रमेश गोप, निरंजन ठाकुर आदि थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शिक्षा और संस्कार का मंदिर : थाना प्रभारी

**गुमला।** श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखंड ने मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवडीहा में सात दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अमित चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि कृपा प्रसाद सिंह मार्गदर्शक अखिल भारतीय ग्राम विकास, अखिल भारतीय ग्राम विकास प्रमुख बिन्देश्वर साहु, कोषाध्यक्ष श्री हरि वनवासी विकास समिति पवन मंत्री क्षेत्र संगठन मंत्री विनोद उपाध्याय, प्रांत शिक्षा प्रमुख, सुभाष चंद्र दुबे ने मां सरस्वती, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### संघ प्रमुख पहुंचे लोहरदगा, तीन दिन रहेंगे, संघ के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रशिक्षुओं का करेंगे मार्गदर्शन

# संघ के प्रशिक्षुओं में देश सेवा का जज्बा भरेंगे मोहन भागवत

■ सुरक्षा के व्यापक है इंतजाम, बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत मंगलवार को लोहरदगा पहुंचे। मोहन भागवत आरएसएस के संघ शिक्षा प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रशिक्षुओं को संबोधित करेंगे। साथ ही आरएसएस की कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। 16 मई से 18 मई तक तीन दिन संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत लोहरदगा में रहेंगे।

विदित हो 13 मई से 2 जून तक चलने वाले इस वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड और बिहार प्रांत के स्वयंसेवक शामिल हो रहे है। जिले के सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पर पूरी तरह रोक है।

इस कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 16 से 18 मई तक लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में मौजूद रहकर स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। कार्यक्रम स्थल के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई है।





सुरक्षाकर्मी के साथ मोहन भागवत और कार्यक्रम स्थल पहुंचे संघ प्रमुख।

जिससे की विधि व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पन्न ना हो। जिला पुलिस बल के अलावे सीआरपीएफ के जवानों को सुरक्षा में लगाया गया है। संघ शिक्षा वर्ग में झारखंड और बिहार के लगभग 800 कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

अलग-अलग दिन अलग-अलग पदाधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जायेगा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अगले 3 दिनों तक लोहरदगा में रहने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एक बड़ी चुनौती होगी।

हालांकि कार्यक्रम स्थल के आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा इंतजामों को लेकर जिला प्रशासन ने बैठक भी की थी। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव सहित पुलिस के कई वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। कार्यक्रम स्थल में किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है। स्वयंसेवकों के अलावा कोई भी प्रवेश नहीं कर पा रहा है।

आरएसएस प्रमुख मीडिया प्रतिनिधियों से भी किसी भी प्रकार की बातचीत नहीं की। कार्यक्रम स्थल के आसपास बेहद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आरएसएस के कई दिग्गज नेताओं की उपस्थिति कार्यक्रम स्थल में है। स्वयंसेवकों को आरएसएस के उद्देश्य और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया जाएगा. इस कार्यक्रम का समापन आगामी 2 जून को होगा।

# जनता दरबार : सहायक समाहर्ता ने दिया समस्या समाधान का भरोसा

■ सिकल सेल से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए दो परिवार के सदस्यों ने लगायी गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सहायक समाहर्ता सह प्रशिक्षु आइएएस आशीष गंगवार की अध्यक्षता में जनता दरबार मंगलवार को लगाया गया। श्री गंगवार ने दूर दराज से आये लोगों की समस्याओं को सुना एवं उसके निराकरण हेतु अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जनता दरबार में घाघरा प्रखंड से आयी राजकुमारी देवी ने अपनी पुत्री करिश्मा कुमारी के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु सहायक दंडाधिकारी के समक्ष आवेदन समर्पित कर अनुरोध किया। जिसके पश्चात उन्होंने प्राप्त आवेदन को शिक्षा विभाग को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं सिसई निवासी करमचंद्र लोहरा ने अपनी पुत्री एवं मुरकुंडा चपाटोली निवासी बीरेंद्र महतो ने अपने पुत्र के सिकल सेल के गंभीर बीमारी के इलाज हेतु सहायता की मांग की। जिसपर सहायक दंडाधिकारी ने दोनो ही अभिभावकों को सर्व प्रथम आयुष्मान कार्ड बनाने की सलाह दी। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को उक्त आवेदन को अग्रसारित करते हुए आवश्यक सहायता करने का निर्देश दिया।



जनता दरबार में समस्या सुनते प्रशिक्षु आइएएस।

**खास बातें :** सिसई की कलावती देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग की। जिसपर सहायक दंडाधिकारी ने बीडीओ सिसई को आवेदन को अग्रसारित कर जरूरी कार्रवाई करने को कहा। वहीं कामडारा अंतर्गत संचालित खुशी आजीविका सखी महिला मंडल की अध्यक्ष सीता देवी ने अपने क्षेत्र में एनओएलबी अंतर्गत निर्मित व्यक्तिगत शौचालय के 21 लाभुकों के भुगतान राशि की मांग की । उक्त आवेदन के गंभीरता को समझते हुए सहायक दंडाधिकारी ने आवेदन को कामडारा के पीएचइडी विभाग के जेई को अग्रसारित करते हुए अगले 7 दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। इस दौरान बसुआ बरहा ग्राम पंचायत निवासी द्वारा बसुआ बरहा टोली से हाई स्कूल फोरी तक दो किलो मीटर सड़क निर्माण करने हेतु आवेदन समर्पित किया।

### वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला

# विद्यार्थियों को दी गयी घातक बीमारी से बचाव की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में संचालित कन्या मध्य विद्यालय, राजकीय उत्क्रमित उच्च बुनियादी विद्यालय एवं उर्दू मध्य विद्यालय के प्रांगण सेन्हा में राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी घातक बीमारी से बचाव को लेकर कार्यशाला आयोजित कर विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य किर्मी मंसूर अंसारी एवं देवेंद्र गिरी के द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



**कार्यक्रम की खास बातें :** डेंगू और चिकनगुनिया जैसी घातक बीमारी के लक्षण के बारे में बताते हुए देवेंद्र गिरी ने कहा कि अचानक तेज बुखार आना पहचान खोना तेज सिर दर्द आंखों के पिछले हिस्से में दर्द होना जोड़ो एवं मांसपेशियों में दर्द होना छाती और हाथों में खसरा जैसे चकते दाने निकल आना सहित अन्य लक्षण का जानकारी दी गयी। वहीं इससे बचाव को लेकर मंसूर अंसारी ने कहा घरों के आसपास गंदगी से निजात पाना सभी पुराने टायरों बर्तनों तथा व्यवहार में नहीं आने वाली वस्तुओं को हटाने की बात बताते हुए छात्र छात्राओं को साफ सफाई के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही कहा कि बिना उपयोग वाले वस्तु को घर के आसपास फेकने से पानी का जमाव होने की संभावना होती है। जिससे गंदगी फैलता है और डेंगू मच्छर उत्पन्न होता है। जिसे वह हम सभी के लिए घातक साबित होता है। सहित स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## तीसरी बार संवेदकों ने टेंडर का किया बहिष्कार, नहीं भरे गये एक भी प्रपत्र

■ पूर्व के काम का भुगतान नहीं किये जाने तक टेंडर बहिष्कार का लिया गया निर्णय

■ जिले के संवेदकों का करीब 60 करोड़ बकाया है विभाग पर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला संवेदक संघ के बैनर तले मंगलवार को संवेदकों ने तीसरी बार टेंडर का बहिष्कार किया है। ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल गुमला के द्वारा मंगलवार को सात योजनाओं को लेकर टेंडर निकाला गया था। जिसको लेकर टेंडर पेपर की बिक्री हो रही थी। संवेदकों ने टेंडर पेपर ही नहीं खरीदा। जिससे टेंडर को रद करना पड़ा। संवेदकों का कहना है कि पहले विभाग पूर्व में किये गये कार्य का भुगतान करें। उसके बाद ही संवेदक निविदा प्रक्रिया में भाग लेंगे। संवेदकों का कहना है कि लगभग 60 करोंड रूपया संवदेकों का विभाग पर बकाया है। बकाया राशि भुगतान नहीं होने के कारण संवदकों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिस दुकान से वे निर्माण कार्य के लिए सामग्री लिये थे वह बार-बार पैसे की भुगतान को लेकर दबाव बना रहा है। एसीए मद से काम करने वाले सभी संवेदक पैसे नहीं मिलने से काफी नाराज हैं।

## मनरेगा व पीएम आवास योजना की भंडरा बीडीओ ने की समीक्षा

■ नये कार्यों में अधिक से अधिक मजदूरों को जोड़ने का दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को योजनाओं में गति लाने को लेकर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस व 15वें वित्त से संबंधित योजनओं की समीक्षा की गई। वहीं लाभुकों के लंबित आवेदनों पर शीघ्र ही पहल करने का निर्देश दिया गया। बैठक में 2021-22 के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्धारित कार्य को मई के अंदर पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में मजदूर बजट को पूरा करने का सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया है। साथ हि बैठक में बीडीओ ने पंचायतवार पीएम आवास की समीक्षा की। जिसमें अधूरे पीएम आवास निर्माण कार्य का जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा।

## टाइल्स काटने के दौरान ब्लेड टूटने से मिस्त्री जख्मी

**गुमला।** थाना अंतर्गत लक्ष्मण नगर के एक घर में काम करने के दौरान टाइल्स मिस्त्री का बाया हाथ कटर ब्लेड से कट गया। जिसे वह गंभीर रूप से जख्म हो गया। वहीं काम कर रहे हैं मिस्त्री के द्वारा तत्काल घायल को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। घटना की जानकारी देते हुए घायल धनबाद निवासी 20 वर्षीय जिया उल्लाह अंसारी ने बताया कि वह गुमला आजाद बस्ती में रहकर टाइल्स मिस्त्री का काम करता है। उसने बताया कि टाइल्स काटने के दरम्यिान मशीन का बुलेट टूट कर बायें हाथ में जा लगा। जिसे काफी गहरा जख्म हो गया।

## घाघरा पुलिस ने अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**घाघरा।** घाघरा थाना पुलिस ने मंगलवार को बिशनपुर थाना कांड संख्या 5/18 के अभियुक्त नौनी ग्राम निवासी संतु उरांव के घर में इश्तेहार चिपकाया। इस क्रम में पुलिस ने नगाड़ा और मांदर बजवाकर लोगों को जानकारी दी। एसआई अभिषेक कुमार ने संतु के परिजनों को समझाते हुए कहा कि 15 जून को दिन के 7:30 बजे संतु को न्यायलय में आत्मसमर्पण करवायें अन्यथा अन्य कानूनी कार्रवाई होगी। इस क्रम में बिशुनपुर पुलिस के भी पदाधिकारी मौजूद थे।

## खनन क्षेत्र की पंचायत को कुपोषण व एनीमियामुक्त बनाने का निर्देश

■ बीडीओ और सीओ ने खनन क्षेत्र के स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी कर्मियों के साथ बैठक की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में मंगलवार को बीडीओ और सीओ ने संयुक्त रूप में खनन क्षेत्र के पंचायत रुकी, आदर, विमरला और सरांगो के स्वास्थ्य सीएचओ, एएनएम, सहिया आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने एनीमिया और कुपोषण मुक्त पंचायत बनाने हेतु कार्य में तेजी लाने का निर्देश कर्मियों को दी। इसके साथ ही ससमय स्वास्थ्य उपकेंद्र और आंगनबाड़ी सेंटर को खोलने का निर्देश दिया ताकि अधिक से लोगों की जांच हो सके। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## दो बाइक की भिड़ंत में दंपती घायल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के टेंगरा मोड़ के समीप दो बाईकों की भिड़ंत में कोटामाटी गांव निवासी 21 वर्षीय मैदीन अंसारी व उसकी पत्नी 20 वर्षीय सितारा खातून गिरकर घायल हो गये। घटना में सितारे के चेहरे सहित कई अन्य जगहों पर गंभीर चोट है जबकि मैदीन को हल्की चोट आयी है। घटना के बाद सितारा को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है। मैदीन ने बताया कि बाइक में सवार होकर दोनों पति पत्नी घाघरा मुख्यालय किसी काम को लेकर आ रहे थे तभी टेंगरा मोड़ के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने धक्का मार दिया।

## सालों बीतने के बावजूद किसानों की खेत में नहीं लगा कुसुम योजना का सोलर पंपसेट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने सरकार द्वारा संचालित कुसुम योजना के तहत सिंचाई व्यवस्था को लेकर सोलर आधारित पम्पसेट लगवाने के लिए कृषि विभाग सह आत्मा के माध्यम से आवेदन जमा किया था। किंतु करीब दो वर्ष पूर्ण होने को है और अभी तक किसानों को इसका लाभ नही मिल सका है जबकि किसानों द्वारा योजना का लाभ लेने के नाम पर निदेशक जरेडा के नाम पर ड्राफ भी जमा कर दिया गया है। इधर लगातार हो रही देरी के कारण जहां एक तरफ किसानों का उम्मीद टूटता नजर आ रहा है वहीं दूसरी तरफ इसकी सही सही जानकारी नही मिलने से ड्राफ्ट से जमा पैसा भी डूबने की शंका में किसान मायूस हैं।

**खास बातें :** जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम ने बताया कि कुसुम योजना के तहत लगने वाली सोलर पैनल सिस्टम में डीडीसी के निर्देश पर कृषि विभाग सिर्फ आवेदन को कंपाइल किया, किंतु जरेडा से विलंब होने के मामले पर कोई ठोस जानकारी देने में खुद को असक्षम बतलाया। वहीं डीडीसी को दूरभाष में संपर्क करने की काफी कोशिश की गयी, किंतु फोन नहीं उठाने से बात नही हो सकी।

## फाइनल में पहुंची क्रीड़ा प्रशिक्षण व किस्को टीम



**लोहरदगा।** स्थापना दिवस समारोह पर नदिया हाई स्कूल में चल रहे युवा सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के 2 मुकाबले खेले गये। प्रथम मैच क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र लोहरदगा बनाम बीएस कॉलेज, लोहरदगा के बीच खेला गया। जिसमें क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र की टीम पेनाल्टी शूट आउट में 4-3 से जीती। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच विकास उरांव बने। वहीं दूसरा मुकाबला प्रतिभा केंद्र बनाम किस्को के बीच हुआ। जिसमें किस्को की टीम 4-3 से विजयी हुए और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार किस्को के खिलाडी रामेश्वर को दिया गया। 17 मई को फाइनल मैच क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र बनाम किस्को की टीम के बीच नदिया हाई स्कूल के मैदान में खेला जायेगा।

# कांग्रेस के नये इंटक जिलाध्यक्ष का पार्टी नेताओं ने किया स्वागत

■ पार्टी हित मे इंटक को मजबूत कर लोगों का आवाज बनूंगा : अमित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष कमल रंजन दुबे द्वारा घाघरा प्रखंड के हेठ आदर निवासी अमित कुमार साहू को इंटक गुमला का जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर मंगलवार को स्थानीय परिसदन में जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। साथ ही लोगो ने उन्हें बधाई दी।

मौके पर उपस्थित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव व प्रदेश सचिव अकील रहमान ने अमित कुमार साहू को जल्द जिला कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया। साथ ही दोनों ने अमित को संगठन मजबूती की दिशा में कार्य करते हुए मजदूरों की आवाज बनने की बात कही। कहा कि किसी भी छेत्र में जो भी मजदूर परेशान है उनकी मदद करें।



कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

मौके पर अमित साहू ने भी कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है उसपर खरा उतरते हुए पार्टी को मजबूत करूंगा। साथ ही लोगों के हित में उनकी आवाज बनूंगा। छात्र जीवन से ही अमित का जुड़ाव कांग्रेस से रहा है। देश का विकास इसी पार्टी ने की है और आगे भी अनवरत जारी रहेगा। अमित को बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष चैतू उरांव, नपं अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, बॉबी भगत, रमेश चीनी, अकील रहमान, मानिक चंद साहू, राजनील तिग्गा, रोहित उरांव, जय सिंह, प्रेम दत्ता, संदीप कुमार, प्रकाश सिंह, विजय साहू, बिंदेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू, शिवनारायण साहू, राजेश साहू, शिवकुमार सोनी, तरुण गोप, मो सादाब, उत्तम साहू, सचिन साहू, अनूप कुमार, मुकेश साहू, पवन साहू, श्याम लाल साहू, मनीष उरांव, धीरज कुमार आदि भी थे।

# जिला स्थापना दिवस पर स्टार्टअप मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एसडीओ अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज 17 मई को ललित नारायण स्टेडियम, लोहरदगा में आयोजित होनेवाले स्थापना दिवस समारोह को लेकर आवश्यक बैठक उनके कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा व विभिन्न कार्यक्रमों हेतु दिये गये दायित्वों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि ललित नारायण स्टेडियम में स्टार्टअप मेला-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अपराह्न 3 बजे से किया जायेगा। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।



बैठक में रणनीति बनाते एसडीओ अरविंद कुमार लाल।

**कार्यक्रम की खास बातें :** इसमें सर्वप्रथम अतिथियों को सम्मानित किया जायेगा। जिसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता व उपविजेता टीमों व प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। इसमें क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती और बैडमिंटन की प्रतियोगिता में शामिल होनेवाली टीमें/प्रतिभागी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करनेवाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र शामिल हैं। अतिथियों के संबोधन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। एकल प्रस्तुति, कलादलों की प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। पद्मश्री मुकुंद नायक और मधु मंसूरी हंसमुख द्वारा प्रस्तुति समारोह का मुख्य आकर्षण होगा। इस मेला जेएसएलपीएस और शिक्षा विभाग की ओर से स्टॉल लगाये जायेंगे। आज की बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, होप संस्था की संचालिका, कार्यक्रम के उद्घोषक समेत अन्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## आसमान से बरस रही है आग, घरों में भी लोग बेचैन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में गर्मी का सितम जारी है, झुलसा देने वाली इस गर्मी से दिन के 10 बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। सड़क सूनी रहती है, जबकि सरकारी कार्यालयों में लोगों की आवाजाही काफी कम हो गई है। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। इधर गर्मी बढ़ने के साथ ठंडे पेय पदार्थ की डिमांड भी बढ़ गई है। गले में तरावट के लिए लोग डाभ, बेल, गन्ना, मौसमी के जूस व अन्य सॉफ्ट ड्रिंक का जमकर सेवन कर रहे हैं।

## पुलिस ने संचालक को भेजा जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिला टास्क फोर्स ने खटोलिया में संचालित अवैध क्रशरों को ध्वस्त करते हुए संचालकों पर केस दर्ज किया है। नवलशाही पुलिस ने छापेमारी कर एक क्रशर संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए क्रशर संचालक? गोलू यादव उर्फ संजय यादव है जो पुरनानगर का निवासी है। गौरतलब हो कि जिला टास्क फोर्स द्वारा मारुती चौक व खटोलिया में अवैध रूप से संचालित करीब एक दर्जन क्रशरों को ध्वस्त किया था। उनके संचालकों के खिलाफ डीएमओ ने नवलशाही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## डीईओ ने पांच शिक्षकों से मांगी स्पष्टीकरण

**कोडरमा।** कक्षा के संचालन के दौरान शिक्षकों के क्लासरूम के बाहर पेड़ के नीचे बैठकर गप हांकने के मामले में डीईओ अलका जायसवाल ने झुमरीतिलैया के सीएच प्लस टू हाई स्कूल के 5 शिक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग की है। जिनमें राधिका नवीन चौधरी, दिनेश कुमार सिंह, शशि शेखर कुमार व सनोज यादव के नाम शामिल हैं। स्पष्टीकरण को लेकर निर्गत किए गए पत्र में डीईओ ने कहा है कि कक्षा के संचालन की अवधि में आप सभी शिक्षकों के स्कूल परिसर में पेड़ के नीचे बैठे पाए जाने से संबंधित वीडियो फुटेज वायरल हुआ है। डीईओ ने संबंधित शिक्षकों से 24 घंटे के अंदर साक्ष्य के साथ अपना मंतव्य देने का निर्देश दिया है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण पथ में केबी उच्च विद्यालय के समीप सोमवार की रात मोटरसाइकिल दुर्घटना में केशोटांड मोहल्ले का निवासी अशोक भुइयां की मौत हो गई। इस दुर्घटना में धीरज रविदास गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल से इटखोरी से अपने घर जा रहे थे। केबी हाई स्कूल के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के पश्चात स्थानीय थाना की पुलिस ने दोनों घायल युवकों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। लेकिन हजारीबाग ले जाने के क्रम में अशोक भुइयां की रास्ते में ही मौत हो गई। वही घायल धीरज रविदास को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसकी हालत चिंता चिंताजनक बनी हुई है। मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त कैसे हुई फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है।

## तीन लड़कीयों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया रांची

**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर के अंतर्गत चल रहे जेएसएलपीएस के तहत 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान के अध्यक्षता में बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव के निगरानी में तीन लड़कियों को सिलाई सीखने व प्रशिक्षण लेने के लिए मोबिलाइजर ऑडिटेक के तहत उज्जवल कुमार सिन्हा के साथ मंगलवार को रांची भेजा गया है। जहां लड़कियों को 90 दिन का प्रशिक्षण करवाया जाएगा । उसके बाद स्वरोजगार के लिए उन्हें सिलाई सेंटर कंपनी में काम करने के लिए भेजा जाएगा। जहां अपने आजीविका के लिए रुपए कमा सकती हैं। बीपीएम के द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण के उपरांत लड़कियों को सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

# डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित होगी शहर की 60 साल पुरानी पुस्तकालय

### युवाओं को मिलेगा विशेष लाभ

**पंकज सिंह**

**चतरा।** जिला मुख्यालय की 60 वर्ष पुरानी उप-विभागीय पुस्तकालय बहुत जल्द डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में भी विकसित किया जाएगा। जिलेवासियों अब घर बैठे ही अपनी पसंद की पुस्तकों की सूची एक क्लिक पर ऑनलाइन देख सकेंगे। उपायुक्त अबू इमरान ने शहर के केशरी चौक स्थित 60 वर्ष पुराने उप-विभागीय पुस्तकालय के नवीनीकरण के लिए कदम उठाए हैं, बल्कि वह इसे डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में भी विकसित कर रहे हैं। 60 साल पुरानी पुस्तकालय का करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपए से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। पुस्तकालय का काम लगभग खत्म हो गया है और अगले तीन से चार दिनों में, यह तैयार हो जायेगा। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजीव रंजन ने कहा कि पुस्तकालय 25,000 रुपये के आजीवन शुल्क के भुगतान के बाद राष्ट्रीय डेटा केंद्र के सर्वर से जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कैनिंग और इंडेक्सिंग के लिए, हमारे पास इस उद्देश्य के लिए एक ऑपरेटर भी होगा। रंजन ने कहा कि इस महीने में कभी भी, यह नई सुविधा उपलब्ध होगी।



पुस्तकालय का निरीक्षण करते डीसी व अन्य

> डिजिटल लाइब्रेरी छात्रों के लिए न केवल अध्ययन में मददगार बनेगी, बल्कि सरकारी सेवाओं की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी उपयोगी होगी। वर्तमान में 15,000 पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी।
>
> **अबु इमरान, उपायुक्त**

**15 हजार से ज्यादा किताबें होगी अपलोड:** शहर के केशरी चौक के पास स्थित, यह पुस्तकालय लगभग 60 साल पुराना है। 1963 में पुस्तकालय का निर्माण हुआ था। ऐसे में उस दौर की कुछ ऐसी किताबें भी होंगी जो अनोखी होंगी। यह ई-पुस्तकालय लगभग 15,000 पुस्तकों को ऑनलाइन उपलब्ध कराएगा। जो किताबें आज के दौर में भी कामयाब हैं उनको पहले अपलोड किया जाएगा।

## डीसी ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आए हुए आमजनों की समस्याएं

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। चुड़िहार मुहल्ला के निवासी ने बताया कि उन्हें अचानक दस हजार रुपये का बिजली बिल प्राप्त हुए जिससे वो काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि उनकी वित्तिय स्तिथि ठीक नही है जिसके कारण वे किसी भी हाल में बिजली बिल जमा करने में असक्षम हैं। 2 वर्षों से अधूरे पेयजल टंकी के कार्य को पूर्ण करने हेतु ग्राम राजगुरू के जोलडीहा पंचायत से आये व्यक्ति ने बताया कि उनके निवास स्थान के निकट पेयजल की टंकी है जो दो वर्षों से अर्धनिर्मित है। उन्होंने उक्त कार्य को पूर्ण करने का अनुरोध किया है जिससे कि वहाँ के निवासियों को पेयजल टंकी की सुविधा जल्द मिल सके। ग्राम राजपुर की निवासी ललिता देवी ने बताया कि इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत शुरूआती राशि प्राप्त होने के उपरांत उनकी बकाया राशि किसी और के खाते में डाल दी गई है। उन्होंने उक्त समस्या के निराकरण हेतु अनुरोध किया है ताकि वे अपने अर्धनिर्मित आवास को पूर्ण करा पाएं। अन्य समस्याओं में मुख्य रूप से मानदेय संबंधित, भूमि संबंधित, अनुकम्पा संबंधित मामले शामिल थे।

## सदर अस्पताल में मना राष्ट्रीय डेंगू दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सिविल सर्जन सभागार में मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। वहीं जिला मलेरिया पदाधिकारी, डॉ. मनोज कुमार द्वारा बताया गया कि डेंगू फैलाने वाले एडिस मच्छर ठहरे हुए एवं साफ पानी में पनपते हैं। बरसात के मौसम में अपने घर के आस-पास या छत पर टुटे-फुटे बर्तनों, फ्रिज, कुलर, टायर, गमला, नारियल का खोपडा आदि में बरसात का पानी जमा नहीं रखें, क्योकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं। पानी जमा करने वाले सभी बर्तनों एवं पानी की टंकी को अच्छी तरह ढक कर रखें, कूलर को हमेशा साफ रखें। उसमें दुबारा पानी भरने से पहले उसे रगड़ कर साफ करके सुखा लें। फूलदान, पैन तथा पालतू पक्षियों के पानी पीने के बर्तन में सप्ताह में एक बार पानी को बदल दें। एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकनेवाले कपड़े पहनें। जिन क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप अधिक है, उन क्षेत्रों में जाने से पहले अपनी त्वचा पर मच्छर रोधी क्रीम का प्रयोग करें। मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें। डेंगू बुखार के उपचार के लिए कोर्ड विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू के लक्षण दिखाई दें, तो तुरन्त अस्पताल में चिकित्सक से सम्पर्क करें। मौके पर डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, डीयूएचएम विनीत अग्निहोत्री, डॉ. विकस चौधरी, अविनाश आनंद, ललन कुमार राणा, आयुष विभाग के सभी सीएचओ आदि मौजूद थे।

## लायंस क्लब ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोचनपुर के बच्चों की दांतों की जांच



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** स्थानीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोचनपुर में लायंस क्लब के द्वारा मंगलवार को दंत जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें लायंस क्लब के दंत चिकित्सक डॉ. सागर मणि सेठ एवं डॉ. अंकिता ने समस्त बच्चों के दातों की जांच की एवं उन्हें दंत स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी, जिसमें उन्होंने बताया की प्रतिदिन सुबह एवं रात्रि भोजन के बाद अवश्य करना चाहिए। उन्होंने ब्रश करने के उचित तरीके भी बताए, साथ ही साथ सभी उपस्थित 120 बच्चों को टूथ ब्रश एवं पेस्ट भी प्रदान किया गया। इस शिविर में डॉ. सुनील कुमार बरनवाल, आई स्पेशलिस्ट ने भी भाग लिया, जिन्होंने बच्चों को बताया की आंखों की देखभाल कैसे करनी चाहिए और कई बच्चों के आंखों में कई प्रकार की खराबी एवं बीमारियों का भी जिक्र किया। डॉ सेठ ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में इस प्रकार की जांच शिविर को लगाकर लोगों को सही मार्गदर्शन करना एवं जानकारी प्रदान करना लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य है। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन गजेंद्र राम, कल्याण मजूमदार जगदानंद झा, रामबालक राय मौजूद थे। विद्यालय में मौजूद प्रभारी प्रधानाध्यापिका एवं अन्य सहायक शिक्षिका का भी काफी सहयोग रहा, जिन्होंने बच्चों को व्यवस्थित करने में काफी सहयोग किया। वहीं कार्यक्रम को सफल एवं उपयोगी बताते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी ने लायंस क्लब के प्रति आभार जताया।

## 19वें झारखंड राज्यस्तरीय सबजूनियर वूशु प्रतियोगिता में कोडरमा तीसरा स्थान पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** रांची मुर्री स्थित एसटी माइकल स्कूल में हो रहे 19 झारखंड राज्यस्तरीय सबजूनियर वूशु प्रतियोगिता में कोडरमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें जिले के संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, डिवाइन पब्लिक स्कूल, त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, यूनीक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। जहां संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के 32 वर्ग भार में आयुष कुमार ने स्वर्ण पदक, स्वेता कुमारी कांस्य पदक, 28 वर्ग भार वाले हरिओम कुमार रजत पदक, आरुषि कुमारी ने रजत पदक, त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के 42 वर्ग भार स्वास्तिक शारदा ने रजत पदक, 42 वर्ग भार वाले दीपक कुमार ने रजत पदक, 42 वर्ग भार में मोहित कुमार ने कांस्य पदक, डिवाइन पब्लिक स्कूल के 24 वर्ग भार वाले दिव्या कुमारी ने रजत पदक तथा यूनिक पब्लिक स्कूल के 52 वर्ग भार वाले कुंदन कुमार ने कांस्य पदक जीतकर पूरे झारखंड में जिले को तृतीय तक पहुंचाया। इस प्रतियोगिता में कोडरमा के वूशु संघ के सचिव अमर कुमार, साजिद अंसारी, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के राजेश कुमार यादव शामिल थे। खिलाड़ियों के वापसी पर वूशु संघ के अध्यक्ष अनिल यादव, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष मनोज कुमार ने मेडल जीते खिलाड़ियों को फूल मालाएं एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया व भविष्य में वूशु में और बेहतर करने की कामना की।

## छात्रों की समस्याओं के साथ हमेशा मैं खड़ी हूं: डॉ. नीरा यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय कोडरमा जिले का एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय जगन्नाथ जैन महाविद्यालय के शिक्षकों और महाविद्यालय प्रशासन की लापरवाही की वजह सैकड़ो छात्र फेल हो गए, जिस कारण कई विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गई। बीए समसत्र-1 के सैकड़ो छात्र-छात्राओं के आंतरिक परीक्षा में उपस्थित होने के बावजूद अनुपस्थित कर दिया गया। इस तरह की घटना इस महाविद्यालय की आम हो चुकी है। कई विद्यार्थियों दुसरे सेमेस्टर में भी आंतरिक परीक्षा में अनुपस्थित करते हुए प्रमोटेड कर दिया गया। बीए खंड चार में भी इसी तरह की कई घटनाएं हुई है। इस तरह की घोर लापरवाही को कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव ने अखबार में छपी खबरों को पढ़ कर त्वरित संज्ञान में लिया। उन्होंने इस विषय पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथलेश उपाध्याय से बात की। उन्होंने महाविद्यालय के इस लापरवाही पर घोर नाराजगी जताते हुए प्राचार्य को निर्देश दिया कि सभी छात्र-छात्राओं के रिजल्ट को तत्काल सुधार किया जाए। उन्होंने प्राचार्य को स्पष्ट तौर पर कहा कि छात्र-छात्राओं के भविष्य और कैरियर से इस तरह की लापरवाही और उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्राचार्य डॉ. उपाध्याय ने आश्वासन दिया कि कल ही वे एक कमिटी बना कर छात्र-छात्राओं के आंतरिक परीक्षा में हुई गलतियों को शीघ्र निष्पादन करेंगे। इस गंभीर विषय पर विधायक ने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय में भी इसकी सुधार की बात की जाएगी।

## बच्चों की बुनियादी सुविधाओं का रखें ख्याल : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को डोमचांच प्रखंड का दौरा किये। इस क्रम में उपायुक्त द्वारा सी.एम प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच, उच्च विद्यालय बच्छेडीह, उच्च विद्यालय बेहराडीह, उच्च विद्यालय मसमोहना और उत्क्रमित उच्च विद्यालय डगरनवा का औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने विद्यालय के संरचनात्मक विकास हेतु किये जा रहे कार्य यथा (भवन निर्माण कार्य, बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य, विद्यालय के क्लास को व्यवस्थित करना) आदि समेत अन्य कार्यों की पूरी जानकारी ली। उपायुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने उत्कृष्ट विद्यालय के चयन को लेकर किये गये कार्यों की जानकारी ली और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके अलावे नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत डीएमएफटी से बन रहे तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

**उपायुक्त ने विद्यालय के बच्चों से बात-चीत कर उनके पठन-पाठन की ली जानकारी :** उपायुक्त ने विद्यालयों में बच्चों से बात चीत की और शिक्षकों के द्वारा बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता के साथ साथ वहां के आधारभूत संरचना की विस्तृत जानकारी ली और उपस्थित सम्बंधित अधिकारियों, प्रधानाचार्य व शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं उपायुक्त ने विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों की बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देने को कहा। जिन विद्यालयों में चहारदीवारी वॉल नहीं है, वहां जल्द से जल्द इसे बनवाने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, एडीपीओ शिव मल्लिक, पीएमयू सदस्य अनुज व अन्य मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में नवनियुक्त शिक्षकों की काउंसलिंग संपन्न

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा नवनियुक्ति हेतु कुल 5 विषयों जीवविज्ञान, गृह विज्ञान, संस्कृत, इतिहास, नागरिकशास्त्र और संगीत में अनुशांसित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग किया गया। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोगों को जिस विद्यालय में आवंटित किया गया है, वहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करेंगे। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, डीईओ अलका जायसवाल, डीएसई नयन कुमार व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### ज्ञान निकेतन में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**गढ़वा।** स्थानीय ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं बढ़-चढ़ कर खेलों व तमाम प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के नृत्य एवं गायन में अपने कला को प्रदर्शित किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि हम में से कई के पास ग्रीष्मकालीन शिविरों की शानदार और सुंदर यादे हैं। साल का यह समय सभी को प्यारा होता है क्योंकि बच्चों को अकादमिक कक्षाओं में रोजाना नियमित रूप से उपस्थित होने के बजाए यह छुट्टियाँ छात्रों को बहुत आनन्ददायक साबित होता है। ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यालय द्वारा छात्रों के समग्र विकास के लिए की गयी एक कार्यक्रम है जिसके माध्यम से बच्चे समस्या निवारण कौशल हासिल करते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में काजल, वैष्णवी, अभिषेक कश्यप, रिमझिम वैष्णवी, साक्षी, विद्या, खुशी, विद्या, रानी, चाँदनी, काजल, चाँद रजा, आदित्य सोनी, युवराज कुमार, अभिषेक कश्यप, मो. फैज, अमित कुमार, आर्यन केशरी, मो. अशरफ, निखिल कुमार का नाम शामिल है। मौके पर उप प्राचार्य बसंत ठाकुर, उदयप्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, दीपक कुमार, नरेन्द्र सिन्हा, अजय कुमार, नीश शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना शाहिन, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, सुनिता कुमारी, निलम कुमारी, निधि कुमारी, संतोष प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड कार्यालय के सहायक को दी गई विदाई

**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय के प्रखंड सहायक ताहिर हुसैन को सेवानिवृत्त होने पर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अरूण कुमार सिंह व सभी प्रखंड कर्मियों ने पूरे सम्मान के साथ उनकी विदाई की। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि यह एक सरकार की प्रक्रिया होती है। जिसमे अपना योगदान देने के बाद जनहित के कार्य को करना पड़ता है। बीडीओ ने कहा की सेवानिवृत्त प्रखंड सहायक ने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत जिम्मेवारी के साथ अपने कर्तव्य का पालन किया है। इसी के सम्मान में विदाई समारोह कर इन्हे विदा किया जा रहा है। प्रखंड सहायक ने भावुक होते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान धुरकी प्रखंड कर्मियो का परिवार की तरह सहयोग मिलता था। आज जब वह सेवानिवृत्त हुए हैं तब ऐसा लग रहा है की जैसे वह अपने परिवार से विदा हो रहे हैं। इस दौरान बीडीओ और अन्य प्रखंड कर्मियो ने सेवानिवृत्त प्रखंड सहायक को शॉल ओढ़ाकर और अंगवस्त्र देकर विदा किया। मौके पर प्रखंड सहायक फैयाज खान, जेई प्रमेन्द्र विश्वकर्मा, मुखिया महबूब अंसारी, एनामुल हक अंसारी, तेजु कोरवा, इस्लाम खान, शिक्षक सरफराज अहमद, रशीद अंसारी आदि कर्मी उपस्थित थे।

### बस के धक्का से आठ वर्षीय बालक की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क स्थित रतनगढ़ मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह राजधानी बस के धक्का से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक हरिहरपुर गांव निवासी गणेश चौधरी का 8 वर्षीय पुत्र मिथिलेश चौधरी बताया जाता है। जानकारी के अनुसार बालक मिथिलेश चौधरी एक महिला के साथ लमारी गांव में नाखून पर सगुन कराने गया था। रतनगढ़ मोड़ के समीप कांडी से गढ़वा चलने वाली राजधानी बस अनियंत्रित हो कर उस बच्चे को धक्का मार दी । धक्का लगने से बच्चा गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कांडी पुलिस ने घायल बालक को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजवाया। उसके बाद पुलिस बस को जप्त कर थाना ले गई। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई।

### क्षतिग्रस्त दोहर पुल के ढलाई निर्माण कार्य की शुरूआत

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत मुखिया अनीता देवी ने क्षतिग्रस्त दोहर पुल के ढलाई निर्माण कार्य की शुरूआत की। मुखिया ने नारियल फोड़कर काम चालू कराते हुए बताई कि उक्त पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से लगभग आधा दर्जनों से ज्यादा गांवो के लोगों आवागमन बाधित था। पुलिया की बन जाने से राहगीरों को आने जाने में सहूलियत होगी। उक्त पुल के मरम्मती का कार्य 15वें वित्त मद से किया जा रहा है। मौके पर कनीय अभियंता रवि कुमार, पंचायत सचिव सुरेंद्र सिंह, पंचायत स्वयंसेवक प्रदीप कुमार मेहता, वार्ड सदस्य विनय ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, सुजित ठाकुर, शिव कुमार साह, सत्येंद्र राम, उमेश महतो, लक्ष्मण साह, प्रदीप विश्वकर्मा, शिव पूजन साह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रक्त की कमी से न जाए किसी की जान, इसके लिए हूं संकल्पित : दौलत सोनी

**गढ़वा।** युवा समाजसेवी दौलत सोनी के प्रयास से सदर अस्पताल में रक्त की कमी से जूझ रहे तीन मरीजों की जान बचाई गई। रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने के बाद दौलत ने अपने सहयोगियों से रक्तदान के लिए संपर्क किया। आग्रह पर गढ़वा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर मुकेश दास, प्रियम सिंह राजपूत एवं हंसराज गुप्ता ने रक्तदान किया। जिससे तीन मरीजों की जान बचाई गई। मौके पर श्री सोनी ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी के रक्तदान से किसी को नया जीवन मिला है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। गढ़वा में रक्त की कमी से किसी की जान नहीं जाए इसके लिए मैं संकल्पित हूं। जानकारी मिलने के बाद मैं दिन हो या रात 24 घंटे प्रयास कर अपने सहयोगियों व मित्रों से रक्तदान करवाता हूं । गढ़वा के युवा रक्तदान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं यह बहुत ही गर्व की बात है। मौके पर उमेश कश्यप, संजय चौधरी, विशाल गुप्ता, सुनील कुमार, अमित सिंह, दीपू सिंह, नवीन उपाध्याय आदि लोग उपस्थित थे।

### यक्ष्मा पीड़ितों के बीच पोषाहार का वितरण

**गढ़वा।** गढ़वा जिला रेडक्रॉस की ओर से यक्ष्मा रोग से पीड़ित बारह मरीजों को लगातार पांचवां महीना पोषाहार दिया गया। मौके पर गढ़वा जिला यक्ष्मा केंद्र प्रभारी डॉ कमलेश कुमार ने रेड क्रॉस के दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने गढ़वा के संस्थाओं से अपील करते हुए कहा कि वे आगे बढ़ कर आए और यक्ष्मा रोगियों के लिए पोषाहार देने की कृपा करें। क्योंकि यक्ष्मा रोगी का जब इलाज चलता है तब उन्हें भरपूर पौष्टिक आहार की जरूरत होती है, तभी उन्हें जल्द रोग से मुक्ति मिल सकती है। मौके पर रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉ जेपी सिंह आदि उपस्थित थे।

### पुनीत सागर अभियान के तहत दानरो नदी की सफाई

**गढ़वा।** 44 झारखंड बटालियन एनसीसी डाल्टनगंज के समादेशी पदाधिकारी कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निदेर्शानुसार पुनीत सागर अभियान के तहत शहर के दानरो नदी की सफाई की गई। इस अभियान में एसपीडी कॉलेज के 32, गोविंद उच्च विद्यालय के 33 तथा रामासाहू उच्च विद्यालय के 35 कैडेटों ने भाग लिया। अभियान में नदी की सफाई के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने का भी कार्य किया गया। कैडेटों ने अपने हाथों में तख्ती लेकर नदी को प्लास्टिक एवं कचरा मुक्त करने वाले स्लोगन से लोगों को जागरूक किया। बता दें कि पुनीत सागर अभियान की शुरूआत एनसीसी द्वारा नदियों और झीलों सहित समुद्रतट एवं अन्य जल निकायों में मौजूद प्लास्टिक तथा अन्य कचरे को साफ करने और स्थानीय लोगों को स्वच्छता सबंधी जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया है।

### अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन आए 6 मामले सभी लम्बीत

**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर के अंतर्गत अंचल ऑफिस में मंगलवार को अंचल कोर्ट का आयोजन अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के द्वारा किया गया। जहां प्रखंड से कुल 6 मामले आए। जिसमें सभी लंबित चल रहा है। बता दें कि सभी पुराने मामले हैं। छोटन गंझू बनाम शुकर ठाकुर बारीयातु गांव का मामला चल रहा है। नागेश्वर रजक एवं भेखलाल महतो मारंगी गांव निवासी,अनिल बान्डो बनाम फोदारी सिंह व अन्य लोग बांय गांव, तथा राम रोहन बैठा वनाम जितेंद्र नाथ दांगी व अन्य लोग मारंगी का मामला जयराम यादव बनाम टेको माहतो इंदिरा गांव, गंगा भुइयां बनाम शैलेश यादव कुरकुरा गांव निवासी को अस्थल जांच करने की बात कही गई है।

# तुबेद कोल ब्लॉक के अधिकारियों से रंगदारी उगाही करने पहुंचे अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

## लातेहार थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरा मोड़ स्थित यात्री शेड से हुई है गिरफ्तारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में लातेहार पुलिस की टीम ने तुबेद कोल माइंस के अधिकरियों एवं रैयतों से रंगदारी उगाही करने के फिराक में पहुंचे पांच अपराधियों को दबोच लिया व जिससे बड़ी घटना टल गई। मंगलवार को लातेहार थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार-बालूमाथ मुख्य मार्ग पर मंगरा मोड़ स्थित यात्री शेड के पास 08-10 कि संख्या में अपराधकर्मी तुबेद कोल माइंस के संवेदकों एवं रेयतों को डीवीसी कंपनी के द्वारा जमीन के बदले मिले पैसों को गोलीबारी, आगजनी एवं जानलेवा हमला कर रंगदारी वसूलने के लिए एकत्रित है। सूचना के आलोक में एसपी श्री अंजन के निदेर्शानुसार पूअनि गौरव सिंह के नेतृत्व में सशस्त्र बल के साथ एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल जैसे ही मंगरा मोड़ स्थित यात्री शेड पहुंची, पुलिस को देखते ही अपराधी भागने का प्रयास करने लगे, इसी क्रम में पुलिस ने 5 अपराधियों को पकड़ लिया। वहीं श्री चौधरी ने आगे बताया कि चार अपराधी फिरोज अंसारी, विशाल ठाकुर, उपेंद्र उरांव, जोगेन्द्र भागने में सफल रहे। जिसे धर पकड़ के लिए पुलिस की अभियान जारी है, भागे हुए अपराधी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते थाना प्रभारी चन्द्रशेखर चौधरी

**इन अपराधियों की हुई है गिरफ्तारी:** गिरफ्तार अपराधियों में मो. मजहर (उम्र 28 वर्ष) पिता मो. जलील ग्राम मानकेरी, नरेश प्रसाद (उम्र 24 वर्ष) पिता नन्ददेव साव (तरवाडीह), रूपेश कुमार नायक (उम्र 21 वर्ष) पिता लालदेव नायक (तरवाडीह), राजा प्रसाद (उम्र 20 वर्ष) पिता प्रदीप साव उर्फ पेरू (तरवाडीह) व प्रशांत उरांव (उम्र 19 वर्ष) पिता सहादूर उरांव (सलैया) सभी लातेहार शामिल है।

### अपराधियों के पास देशी कट्टा व गोली हुआ बरामद

पकड़े गए अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, 2 जिंदा गोली, 4 मोबाइल, 3 मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

### छापामारी दल में ये अधिकारी थे शामिल

छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर चौधरी, पुअनि गौरव सिंह, पुअनि मो. शाहरुख, पुअनि देवानंद कुमार समेत आईआरबी सशस्त्र बल, पुलिस केंद्र लातेहार के जवान शामिल थे।

## मंदिर में चोरी के बाद मंदिर को शुद्धीकरण को लेकर निकाला गया कलश यात्रा

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ग्राम के कसियाडीह टोला में बिगत 18 मार्च को कुछ चोरों द्वारा मंदिर में घुसकर घंटा दीपक गागर समेत कई सामग्री की चोरी कर ली गई थी। वहीं भगवान शिव की प्रतिमा को खंडित करने का प्रयास किया गया था। उसके बाद मंगलवार को ग्रामीणों ने मंदिर की शुद्धिकरण व खंडित प्रतिमा को पुनः स्थापित करते हुए प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक एक कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा कासियाडीह नगड़ा शिव मंदिर से आरंभ होगा पूरे टोली मोहल्ले का भ्रमण करते हुए जरी नदी पहुंचा।कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव, जय श्री राम समेत कई भक्ति नारे लगा रहे थे। कलश लेकर मंदिर पहुंचने के बाद पुजारी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ खंडित प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा करते हुए मंदिर का शुद्धिकरण किया गया। इस पूजन कार्य में मुख्य जजमान की भूमिका में दीपक साहू एवं उसकी पत्नी मनीषा देवी शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### सरयू मुख्य पथ पर गिरा विशाल आम का पेड़, घंटों तक बाधित रही आवागमन

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के तेतर टोला स्थित चुटिया बगीचा के पास मुख्य सड़कों पर गिरा विशाल आम का पेड़ कई घंटों तक बाधित रही आवागमन। वहीं मुख्य पथ पर पेड़ गिरने से आवागमन करने वाली राहगीरों को घंटों तक भारी मशक्कत सामना करना पड़ा । बताया जाता है कि पेड़ गिरने के दौरान आवागमन करने वाली राहगीरों के साथ बड़ी अनहोनी घटना घट सकती थी जिससे लोग बाल-बाल बचे। इसी पथ से सरयू से लातेहार व गारू महुआडांड़ का रूख किया जाता है। जोकि सरयू मुख्य पथ पर 24 घंटा आवागमन रहतीं हैं। ज्ञात हो कि पेड़ गिरने के दौरान किसी प्रकार की हताहत नहीं हुआ है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सरयू मुख्य पथ पर गिरा हुए विशाल आम का पेड़ को काटकर हटाया गया।

### सामुदायिक पुलिसिंग के तहत काली में मैत्री फुटबॉल मैच व जागरूकता कार्यक्रम आज

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बुधवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती डूमारो पंचायत के काली ग्राम में एकदिवसीय मैत्री फुटबॉल मैच व डायन कुप्रथा के प्रति जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रभारी थानेदार विकाश शर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय थाना की देखरेख में किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के आला पुलिस अधिकारी समेत पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला के अध्यक्षता में आयोजित इस जनता दरबार मे एक दर्जन से अधिक मामले आए। जिसमे से छह मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। जिसमें अलख गंझु ग्राम इचाक का वृद्धा पेंशन, रीता देवी ग्राम बसिया का राशन कार्ड, विशेश्वर यादव ग्राम जर्री का विकलांग पेंशन, मानती मसोमात ग्राम जाला का विधवा पेंशन एवं तेतरा उराँव ग्राम विशनपुर और सलेश्वर यादव ग्राम लूटी का मृत्यु प्रमाण पत्र स्वीकृत किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए बीडीओ ललिता बाखला ने कहा कि हर शुक्रवार और मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलता रहा है। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा होता है। बीडीओ ने ग्रामीणों से अपील करते हुए जनता दरबार का लाभ उठाने की अपील किया। मौके पर एलियो मोनिका मिंज, प्रधान सहायक राजीव रंजन, ऑपरेटर सोनू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### खबर का असर: छिपादोहर में खराब पड़े जलमिनार की बीडीओ ने कराई मरम्मती

**बरवाडीह।** सोमवार को खबर मंत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने के बाद बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देश पर छिपादोहर के भट्टी मोहल्ला वार्ड नंबर चार में पिछले छह माह से खराब पड़ी जलमिनार की मरम्मती मंगलवार को करा दी गई हैं। वहीं जलमिनार के खराब पड़े समरसेबल को बदल दिया गया है। सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने बीडीओ राकेश सहाय को मामले से अवगत कराते हुए जलमिनार की शीघ्र मरम्मती कराने की मांग की थी। उधर जलमिनार बनाए जाने से स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल देखा गया। इस भीषण गर्मी में अब शुद्ध पानी के लिए लोगों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

### साप्ताहिक हाट में शराब बेचने वालों को पुलिस ने खदेड़ा

**बालूमाथ।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर बालूमाथ पुलिस ने मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में अवैध रूप से महुआ शराब बेचने वालो को खदेड़ा। बालूमाथ थाना एसआई कुबेर साव के नेतृत्व में चले इस अभियान में पुलिस के जवानों ने साप्ताहिक हाट में अवैध रूप से शराब बेच रहे 50 लीटर से अधिक शराब को नष्ट कर दिया। हालांकि पुलिस को देखकर शराब बेचने और शराब पीने वाला भाग गए। मौके पर से पुलिस ने जब्त शराब, हड़िया को सड़कों पर बहा दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि अवैध शराब बिक्री को लेकर लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि अवैध शराब की बिक्री नहीं हो सके। अभियान में एएसआई कसिमुदिन समेत पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

### विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**बारियातू।** सीएचसी प्रभारी डॉक्टर सुरेश राम के निर्देशानुसार स्वास्थ्य कमीर्यों ने मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गाना के साथ किया गया। जहाँ स्वास्थ्य कर्मी संदीप कुमार व बलराम कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को डेंगू बिमारी के लक्षण व बचाव पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कहा कि डेंगू के लक्षण तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, चमड़ी पर दाने, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, सहित कई लक्षण होते हैं। मनुष्य के एड़ी में डेंगू मच्छर काटने से डेंगू जैसा खतरनाक बिमारी होता है। डेंगू मच्छर स्वच्छ पानी में रहता है। इसलिए पिने वाले पानी को सही से ढक कर रखें और साफ बर्तन से पीए। खुला पानी पीने के लिए उपयोग न करें। किसी व्यक्ति के अन्दर उपर्युक्त कोई भी लक्षण पाया जाए तो उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल मे जाँच करवाकर कराएं।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर का दसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न

**चंदवा।** स्थानीय सरोज नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का दसवां वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर सोमवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था। जिसका समापन मंगलवार की दोपहर अखंड पूणार्हुति के साथ हुई। इस मौके पर पंडित नागेंद्र पाठक के सानिध्य में यजमान भोला गुप्ता सपत्नीक के द्वारा विधिवत हवन पूजन भी किया गया। इसके उपरांत संध्या बेला में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, सचिव मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष भोला गुप्ता, राजू प्रसाद, आमोद प्रसाद, आरएन पांडेय समेत सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी।

## वर्ग एक से 7 तक का मुल्यांकन एवं रिजल्ट तैयारी के लिए प्रधानाध्यापक का एक दिवसीय प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में वर्ग एक से सात तक मुल्यांकन एवं रिजल्ट तैयारी के लिए प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। एक दिवसीय प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कविता खलको, जिला कार्यक्रम समन्वयक संजित कुमार पांडेय, जिला स्वच्छता प्रभारी विकास कुमार ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों को कहा कि रिजल्ट का कार्य गर्मी छुटटी से पहले ही कर लेना अनिवार्य है। तैयारी लिए एफए वन, एफए टू एवं एस ए वन के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अर्द्ध वार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा का मुल्यांकन एक साथ करते हुए रिजल्ट बनाने, ऑनलाइन इंट्री करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिक्षक श्रीमति खलखो ने प्रधानाध्यापकों को कहा कि नए सत्र में आप सभी इ-विद्यावाहिनी के तहत सुबह सात बजे से आठ बजे तक एवं बच्चों की उपस्थिति का बॉयोमैट्रिक एवं पोषण वाटिका संबंधित तैयारी करने के साथ विद्यालय में नामांकित छात्र छात्राओं का बैंक खाता शुन्य बैलेंस पर खोलवाने की बात कही. प्रखंड के सभी उपस्थित प्रधानाध्यापकों ने एक स्वर में कहा कि हमलोगों का उपस्थिति रिपोर्ट एवं मध्याह्न भोजन का रिपोर्ट बालूमाथ जाकर देना पड़ता है जिसके कारण हमलोगों को समय के साथ-साथ आर्थिक नुकसान होता है वहीं विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य भी प्रभावित होता है। प्रधानाध्यापकों की समस्या सुनकर जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने बीपीओ बिरेन्द्र भगत को कहा कि बारियातू प्रखंड के सभी विद्यालयों का रिपोर्ट बारियातू बीआरसी में ही जमा कराना सुनिश्चित करें। मौके पर ऑपरेटर नितेश कुमार, शिक्षक रामाशिष राम, अशोक राम, सुरेश उरांव, रंजीत उरांव, नन्दलाल भगत, राजेश भगत, अजय कुमार उरांव, ब्रजभूषण सिंह, अशेश्वर गंझु, अशोक कुमार सिंह, सुनिल सिंह, सुरेश प्रसाद यादव, संजय पासवान, बबन राम, भोला यादव, रूपेश कुमार, जय काली नाथ शाहदेव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# बरवाडीह रेलवे कॉलोनी अंतर्गत बाबा चौक में स्थाई केंटिंग खुलवाने की मांग

## दैनिक उपयोग की सामग्री की खरीदारी के लिए कर्मचारियों को उठानी पड़ती है परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता



बरवाडीह स्टेशन

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत बरवाडीह रेलवे स्टेशन के कॉलोनियों में रहने वाले रेल कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को दैनिक उपयोग अथवा खाद्य सामग्री की खरीदारी को लेकर काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को मार्केटिंग के लिए कॉलोनी से काफी दूर जाना पड़ता है। गर्मी, ठंड व बरसात हर सीजन उन्हें बाजार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं रेलकर्मियों को ड्यूटी से लौटने के उपरांत जहां उन्हें आराम की जरूरत महसूस होती है। वहीं वह थके हारे हुए मायूस चेहरा लेकर घरेलू उपयोग के साथ- साथ अन्य सामग्रियों की मार्केटिंग के लिए बाजार निकल जाते है। जिनसे उनके सेहत पर भी खासा प्रभाव पड़ता है। कर्मचारियों की माने तो बरवाडीह रेलवे स्टेशन के समीप बाबा चौक के पास एक कैंटीन और जेनरल स्टोर की व्यवस्था होनी चाहिए। जिसमें दैनिक उपयोग की सामग्री हो। इससे उन्हें और उनके परिवार के लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी। इसके लिए बाबा चौक पर पर्याप्त जगह भी उपलब्ध है। बता दें कि आज से लगभग एक दशक पूर्व बाबा चौक की रौनक अस्थाई दुकानों से थी। यहां सभी तरह की दुकानें मौजूद थी। दैनिक उपयोग की हर सामग्री आसानी से मिल जाया करती थी और देर रात दस से ग्यारह बजे तक दुकानें संचालित होती थी। लेकिन रेल प्रशासन के निर्देश पर सभी दुकानों को हटवा दिया गया। जिससे अब स्थिति ऐसी हो गई है कि शाम होते ही पूरा बाबा चौक सुना हो जाता है। रौनक खत्म होने से कॉलोनियों में चोरी जैसी घटनाओं में भी वृद्धि आई है। वहीं कैंटिंग नहीं होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी रनिंग कर्मचारियों को होती है, जो मुगलसराय, पतरातू, खलारी और रेनुकूट वगैरा से बरवाडीह रनिंग रूम आते हैं, और उन्हें अपने खाने के लिए राशन लेने बाजार जाना पड़ता है, जो लगभग एक से डेढ़ किमी पड़ता है। बाजार आने-जाने में और खाना बनाने में उन्हें देर हो जाता है। जिससे कि क्रू कर्मचारियों को उचित आराम नहीं मिल पाता है।

## मनिका प्रखंड के सेवधरा उच्च विद्यालय में वर्षगांठ एवं पास आउट बच्चों का फेयरवेल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पाठक रहे उपस्थित





कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के रांकीकला पंचायत अंतर्गत स्थित सेवधरा गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में दिन मंगलवार को 73वां वर्षगांठ एवं पास आउट बच्चे का फेयरवेल कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह,विशिष्ट अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पाठक एवं कई अन्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए जिनका स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप पासवान एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा फूल माला एवं बुके देकर किया गया। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार पाठक के द्वारा विधायक रामचंद्र सिंह को विद्यालय की पोषण वाटिका से प्राप्त सब्जी देकर सम्मानित किया गया। एवं सभी बच्चों को फाइल एवं कलम देकर उच्च शिक्षा के लिए शुभकामनाएं दिए गए।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आज सेवधरा हाई स्कूल प्रखंड नहीं बलिक राज्य में अपना परचम लहरा रहा है इसका एक ही वजह है प्रधानाध्यापक संदीप पासवान एवं विद्यालय के शिक्षकों के बीच समन्वय के साथ काम करना। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि अच्छे विद्यालय का निर्माण पहले गांव से ही शुरू हो। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने भी संबोधित किया। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,वृंद बिहारी प्रसाद यादव,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान,सीआरपी संतोष तिवारी,संजय कुमार सिंह,सुरेंद्र भारती, अरुण सिंह ,तस्लीम अंसारी, विजेंद्र कुमार, विद्यालय के शिक्षक रविंद्र कुमार सिंह,लॉरेंस भेंगेरा,अनूप लाल, मनोज कुमार,राम गुप्ता,नीरज कुमार यादव, कुंदन कुमार,समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मोटा अनाज की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य बालूमाथ केवीके में दिया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से जेएसएलपीएस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों मे चयनित किए गए आजीविका कृषक मित्र और आजीविका पशु सखी को इसकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण देते हुए बालूमाथ स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सुनीता कांडयान ने बताया कि मोटा अनाज की खेती के रूप में मड्डुआ, ज्वार, बाजरा तथा मक्का की खेती की जा सकती है और अपने आमदनी को काफी हद तक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मोटा फसल की उपज की सेवन करने से सभी लोगों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और वे बीमारियों से दूर रहते है। उन्होंने कहा कि मड्डुआ, ज्वार, बाजरा तथा मक्का की खेती में पानी कि खपत नाम मात्र कि होती हैं।

इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों को क्षेत्र में मोटे अनाज की खेती को लेकर जागरूक करने और इससे होने वाले लाभ को बताने की अपील की। मौके पर जेएसएलपीएस के बालूमाथ प्रखंड प्रबंधक आलोक कुमार ने भी मोटे अनाज की खेती को लेकर कई सुझाव दिए।

मौके पर ग्रामीण क्षेत्रो मे चयनित किए गए आजीविका कृषक मित्र और आजीविका पशु सखी काफी संख्या मे मौजुद रहे।

## जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने हेरहंज के विभिन्न विघालयों के शौचालय व रसोईघर का किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश

# त्रुटियां मिली हैं, संबंधित एचएम एवं शिक्षकों के ऊपर करवाई की जाएगी: कविता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** हेरहंज प्रखण्ड क्षेत्र में शिक्षा की लचर व्यवस्था की खुली पोल, सलैया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय होंजर में पिछले कई दिनों से मध्याह्न भोजन बन्द का मामला आ रहा था जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने संज्ञान लिया और होंजर सहित विभिन्न विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम डीएसई राजकीय मध्य विद्यालय हेरहंज पहुँची। जहां प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार सिन्हा अनुपस्थित मिले। कुछ देर बीतने के बाद प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे। उनसे अनुपस्थित होने के कारण पूछा गया जिसपर उन्होंने बीईओ को जानकारी देकर छूटी में जाने की बात कही। जिसपर डीएसई कविता खलखो ने उनसे पूछा कि आप छुट्टी का आवेदन क्यों नहीं दिए या फोन के माध्यम से मुझे क्यों नही जानकारी दिए। जबकि आप प्रधानाध्यापक के साथ साथ डीडीओ भी हैं। प्रधानाध्यापक के बारे में शिकायत मिली थी कि अंजनी सिन्हा सप्ताह में दो दिन स्कूल आते हैं बाकी दिन डीडीओ के काम का हवाला देकर विद्यालय से गायब रहते हैं।



निरीक्षण करते पदाधिकारी

श्रीमती खलखो ने विद्यालय के शौचालय एवं रसोईघर में बन रहे भोजन का भी निरीक्षण किया। जिसमें शौचालय में गंदगी देख डीएसई प्रधानाध्यापक एवं सहयोगी शिक्षकों को जमकर फटकार लगाई व जल्द से जल्द सफाई करवाने एवं बाल्टी, हैण्ड वास, फिनेल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। रसोईघर को साफ सुथरा रखें व खाना बनाने वाले नमक मशाला इत्यादि सामग्रियों को डब्बे में रखें जिससे वह सुरक्षित रहे।

**शौचालय व रसोईघर का भी जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया निरीक्षण, दिया निर्देश :** वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने मीडिया के माध्यम से होंजर व बोंगादाग विद्यालय के मामले पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय होंजर पहुंची। शिक्षकों एवं बच्चो से पूछताछ की जिसपर मामला सत्य पाया गया कि मध्याह्न भोजन पिछले कई दिनों से बंद था। वहीं शौचालय व रसोईघर का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें शौचलय की स्थिति जर्जर पाई गई। मध्याह्न भोजन जांच के क्रम में घटिया किस्म का भोजन पाया गया। श्रीमती खलखो ने मंगलवार के मीनू के बारे में प्रधानाध्यापक राजदेव उरांव से पूछा जिसपर शिक्षक ने कहा कि संयोजिका चलाती है मुझे इसके बारे में जानकारी नही है। यह सत्य है कि चावल खत्म होने के कारण मध्याह्न भोजन बन्द था। आज मैं बोंगादाग विद्यालय से मांग कर चावल लाया हूँ उसके बाद आज खाना बनाया गया। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बोंगादाग में बच्चों को आधा अंडा देने का मामला भी सत्य पाया गया। लौटने के क्रम में बच्चों को सड़क में देख डीएसई की नजर उत्क्रमित मध्य विद्यालय घूरे में पड़ी। जहाँ बच्चों को 12:40 बजे ही छुट्टी कर छोड़ दिया गया था। जिसे देख डीएसई तुरंत विद्यालय पहुंची। जहां प्रधानाध्यापक पवन कुमार उपस्थित थे अन्य शिक्षक घर चले गए थे। सूचना मिलने पर अन्य दो शिक्षक प्रेम कुमार जायसवाल व विकास कुमार विद्यालय पहुँचे। सभी शिक्षकों से बच्चों को समय से पहले छोड़ने के बारे में पूछा गया। जिसपर प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने कहा कि मैडम धूप बहुत ज्यादा है जिसके चलते बच्चो को 20 मिनट पहले छोड़ दिया गया।

स्पीड न्यूज

# बीआइटी सिंदरी के 1965-70 बैच के छात्रों ने संस्थान को दिये दो सोलर स्ट्रीट लाइट

## झरियाः पत्रकार को मातृ शोक

**झरिया।** कोयलांचल पत्रकार संघ धनबाद के सचिव सह मंडे मॉर्निंग झारखंड प्रमुख पत्रकार अरुण कुमार की माता 65 वर्षीय स्व धरोपति देवी का निधन सोमवार की देर रात केन्द्रीय अस्पताल धनबाद में इलाज के दौरान हो गया। संघ के सचिव अरुण कुमार ने बताया जाता है कि केंद्रीय अस्पताल धनबाद में बीते कई दिनों से ईलाज चल रहा था, इलाज के क्रम उनका निधन हुआ है। मंगलवार की शाम 4 बजे मोहलबनी घाट में उनका दाह संस्कार किया गया। शोक व्यक्त करने वालो में संघ के अध्यक्ष मुख्तार अहमद, महामंत्री राहुल मिश्रा, सहकोषाध्यक्ष समीम हुसैन, सुनील सिंह, कतरास प्रभारी वसीम अंसारी, रामनारायण राय, काजल राय, साधु सिन्हा, कार्तिक वर्मा, कार्यालय प्रभारी सद्दाम हुसैन, राकेश सिंह, श्रीकांत कुमार, सीडी मिश्रा, जितेंद्र चौधरी आदि थे।

## डीसीए एसपी ने कसमार के विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला

**बोकारो।** एसएस2 उच्च विद्यालय कसमार से 11वीं पास कुछ विद्यार्थियों ने गर्मी छुट्टी के दौरान अपने असाइनमेन्ट के लिए जिला संरचना एवं प्रशासन पर जानकारी प्राप्त करने हेतु समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष मे उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मुलाकात की ।मौके पर पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार झाए अपर समाहर्ता सादात अनवरए अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहने को कहा। मौके पर राहुल कुमार भारती उपस्थित थे।

## आयुष फाउंडेशन ने किया वर्कशॉप का आयोजन

**धनबाद।** आयुष फाउंडेशन धनबाद ने सीसी डब्लू ओ मिडिल स्कूल कोल वाशरी में वैदिक मैथ्स का वर्कशॉप आयोजित किया गया ।वर्कवाप राष्ट्रीय शिक्षक रत्न शंकर मुर्मू सर द्वारा किया गया । शंकर मुर्मू सर इंडिया प्राइड अवॉर्ड (बेस्ट सोशल एक्टिविस्ट ,बेस्ट एजुकेटर और सॉफ्ट स्किल ट्रेनर) से सम्मानित है। मुर्मू सर ने बच्चों को आसान तरीके से झटपट गणित के गुण सिखलाया। बच्चे नई और आसान तरीका सिख बहुत उत्साहित दिखे। सचिव अर्पिता अग्रवाल ने बताया आयुष फाउंडेशन धनबाद नीत अलग अलग जगह अनेकों तरह के वर्केशॉप करते रहती है। संयोजक आर्टिस्ट गणेश शर्मा ने कहा आयुष फाउंडेशन धनबाद निस्वार्थ भाव से लोगो की सेवा करने को आतुर रहती है और लोगो से अपील की अगर वो हमारे द्वारा कोई भी वर्कशॉप/ सेमिनार करना चाहती है तो संस्था हर सम्भव कोशिश करेगी उनकी मदद करने की संस्था की तरफ से सभी टीचर्स और शंकर जी को पंछियों के लिए मिट्टी का बर्तन और दाना दिया गया। प्रीसिपल पूजा प्रियदर्शनी ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया.कार्यक्रम में सचिव अर्पिता अग्रवाल ,संयोजक आर्टिस्ट गणेश शर्मा ,सनातन हसदा ,प्रिंसिपल , पूजा प्रियदर्शनी, उषा, संध्या, निशी कुमारी , कुलदीप प्रसाद आदि टीचर मौजूद थे।

---

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बिजली की बचत पर पूरा विश्व कार्य कर रहा है और इसमें सोलर एनर्जी काफी लाभदायक साबित हो रही है। इसे देखते हुए बीआईटी सिंदरी के 1965-70 बैच के एल्युमनी विद्यार्थियों ने संस्थान को दो सोलर स्ट्रीट लाइट अनुदान किया है। इसे असैनिक अभियंत्रण विभाग के पास व गर्ल्स हॉस्टल के समीप इंस्टॉल किया गया है। बीआईटी सिंदरी के एल्युमिनाई छात्र देश के कई क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इसके साथ ही संस्थान के विकास के लिए भी कार्य करते हैं। बीआईटी सिंदरी निदेशक डॉ डी के सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इसे संस्थान परिसर में लगाया गया है। इसका डिजाइन और इंस्टॉलेशन का काम पॉजर रिवेल्स व विद्याथीयों की मदद से किया गया है। प्रो आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में विद्युत अभियंत्रण विभाग के चौथे सेमेस्टर के अमनदीप, कृतिका, आलोक, निकिता, मनीषा, रीना, अभिषेक व अभिनव के द्वारा किया गया है। इसके साथ ही कुछ छात्रों को सोलर स्ट्रीट लाइट डिजाइन और इंस्टॉलेशन की ट्रेनिंग भी दी गई।



## 8 घंटे गुल रही बिजली, बढ़ी परेशानी

कतरास क्षेत्र के छाताबाद ,कतरास बाजार पचगढ़ी बाजार सहित वार्ड नंबर 1,2, व 3 में मंगलवार सुबह से ही बिजली गायब है। आखिर इस प्रचंड गर्मी में लोग पंखे के अभाव में जीने को मजबूर हैं ,व्यवसायियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# बिजली की आंखमिचौली से कतरास के लोग परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** सोमवार को 10.00 मिनट के लिए आई आंधी और पानी ने मंगलवार को पूरे कतरास के विद्युत व्यवस्था को चमारा कर रख दिया है। एक और जहां कोयलांचल में 41 डिग्री तापमान के साथ दोनों को गर्मी के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ रहा है, वहीं दूसरी और विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। वहीं लोगों की समस्याओं को सुनने के बजाय कतरास विद्युत विभाग के द्वारा सरकारी टेलीफोन नंबर को बिजी कर दिया गया है। जूनियर इंजीनियर फोन नहीं उठा रहे हैं। जनता परेशान है लोग जाएं तो जाएं कहां शिकायत करें तो किससे करें।

वही मामले को लेकर जब कतरास विद्युत विभाग के एसडीओ सुनील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे खुद मालूम नहीं है कि फॉल्ट कहां है और कहां से लाइन खराब हुई है। वहीं उन्होंने बताया कि कतरास के किसी भी बिजली विभाग के अधिकारी से बात भी मेरी नहीं हो पा रही है। बताते चले कि सुनील कुमार को इस वक्त गणेशपुर के अलावे कतरास का भी एसडीओ का प्रभार मिला हुआ है।

एक नजर में

## कतरासः एटीएम का किया गया उद्घाटन





**कतरास।** नवागढ़ खरखरी तालाब के पास पेप्लेक्स एटीएम का कल उद्घाटन हुआ ।उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के कर्मठ एवम झुझारू नेता कारू यादव ने किया। एटीएम खोले जाने पर श्री कारू यादव ने आसपास की जनता को बधाई दी, और बताया की पेप्लेक्स एटीएम नवागढ़ ,खरखरी और आस पास के क्षेत्र का ऐसा पहला एटीएम है ,जहा पर एटीएम से पैसा निकालने वाले उपभोगता एटीएम के साथ साथ, क्यूआर कोड के द्वारा,और आधार कार्ड की सहायता से भी पैसा निकाल और जमा कर सकते है। मौके पर अतिथि स्वरूप नेता सुभाष राय, सुभाष पासवान, प्रदीप यादव, मन्नू यादव ,कमलेश यादव, मनी विश्वकर्मा ,राजकुमार यादव ,बजरंगी पासवान ,छोटू पासवान इत्यादि मौजूद थे।

## सीआरएम-3 के एसपीएम में रिकॉर्ड उत्पादन पर ईडी ने दी बधाई



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीआरएम.3 की महत्वपूर्ण इकाई स्किन पास मिल के कर्मियों ने मुख्य महाप्रबंधक ;सीआरएम.3द्ध वेद प्रकाश के नेतृत्व में 168 इनपुट कॉइल के साथ 3650 टन का उत्पादन कर स्थापना के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड बनाया है। इससे पूर्व 2019 में 141 इनपुट कॉइल के साथ 2711 टन का उत्पादन हुआ था। टीम स्किन पास मिल की इस उपलब्धि पर अधिशासी निदेशक बीके तिवारी ने सीआरएम.3 के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उत्कृष्टता के इस क्रम को जारी रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर सीआरएम.3 के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मिथिला अकादमी के बच्चों का कराटे में उम्दा प्रदर्शन



**बोकारो।** मिथिला अकादमी के छात्रों ने उदनाबाद स्थित मोंगिया स्कूल गिरिडीह में आयोजित इंडो नेपाल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागी रही लगभग 12 राज्यों एवं नेपाल की टीम के बीच प्रथम स्थान पर वेस्ट बंगाल की टीमए द्वितीय स्थान पर असम की टीम एवं तृतीय स्थान पर झारखंड की टीम रही। झारखंड की ओर से चैंपियनशिप में मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल के प्रतिभागी रहे दो छात्रों तनिश कुमार साहू ने 12 से 14 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक एवं आयुष कुमार ने 10 से 12 आयु वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। यह जानकारी कोच नईम अंसारी ने दी। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव पीके झा चंदनए प्राचार्य अशोक कुमार पाठक एवं विद्यालय प्रबंधन के सदस्य ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्कार्पियो लूट कर भाग रहे दो अपराधियों को पुलिस ने दबोचा, भेजे गये जेल

## अपोलो अस्पताल रांची जाने के लिए बुक करायी थी स्कार्पियो



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट।** गिरिडीह से रांची भागने के क्रम मे पेटरवार गेस्ट हाउस के पास लूट के स्कॉर्पियो गाड़ी सहित दो अपराधियों को पुलिस ने पकड़ने मे सफलता पाईण्मामले के संबंध में बताया जाता है कि अपराधियों ने 15 मई को गिरिडीह से रांची अपोलो अस्पताल जाने के लिए चालक मो शमीम अंसारी के साथ किराये पर स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठकर अस्पताल के लिए निकला। वही जब अपराधी पेटरवार गेस्ट हाउस के समीप पहुंचे तो चालक को डरा.धमकाकर गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया और अपराधियों ने गाड़ी में लगे जीपीएस को वहां खोलने का प्रयास करने लगे। इसी बीच मौका देखकर चालक जोर जोर से बचाओ बचाओ कहकर हल्ला करने लगा। तभी पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी को देखकर अपराधियों ने गाड़ी एवं चालक को छोड़कर घने जंगल की ओर भागने लगे। भागने के दौरान अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग भी कियेएपरन्तु पुलिस के आगे अपराधियों का एक भी नही चलाण वंही पुलिस ने दो अपराधी को दौड़ा कर पकड़ लिया। वंही पुलिस के पूछ .ताछ के दौरान अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। ण इधर मंगलवार को तेनुघाट स्थित एसडीपीओ कार्यालय में बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इस मामले का उद्भेदन करते हुए पुरे घटना क्रम से पर्दा उठाया। जबकि आयोजित प्रेस कांफ्रेंस उपरांत पुलिस ने अपराधियों को जेल भेजनें की तैयारी मे जुटी हैं।

# बीसीसीएल सीएमडी को ईआरए के पत्रकारों ने किया सम्मानित



**धनबाद।** मंगलवार को इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन (ई आर ए) द्वारा कोयला भवन के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता, डायरेक्टर पर्सनल मुरली कृष्णा रमैया, डायरेक्टर टेक्निकल ऑपरेशन संजय सिंह, डायरेक्टर टेक्निकल उदय ए कोले, डायरेक्टर फाइनेंस आरके सहाय उपस्थित थे। इंडियन रिपोर्टर एसोसिएशन द्वारा सीएमडी समीरण दत्ता को ई आर ए के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें ई आर ए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम. अली. राष्ट्रीय सचिव जहांगीर आलम एवं अनिल पांडे ने मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बीसीसीएल के सीएमडी को सामाजिक उत्थान एवं चौमुखी विकास के लिए (आई आर ए) राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। बीसीसीएल सी एम डी समीरण दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मिडिया समाज का आईना है। खबरों कि विश्वस्नीयता बनाये रखा एक बड़ी जिम्मेदारी का काम है ।गलत खबरे प्रकाशित न हो जाए इसपर ध्यान रखना जरुरी है ।निष्पक्ष होकर खबरों को प्रकाशित करना ही सच्ची पत्रकारिता है ।अगर बी सी सी एल से संबंधित भी कोई खबर होती है और कोई दुविधा हो तो बेहिचक हमसे आकर मिले।

# धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम भवन में रोजगार मेला आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** देश में बढ़ते बेरोजगारी को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां देने के संकल्प को साकार करने के लिए देशभर में 45 स्थानों पर 71 हजार से अधिक नियुक्त पत्र देने हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। धनबाद जिला के रेलवे ऑडिटोरियम भवन में पांचवे चरण का 'रोजगार मेला का आयोजन मंगलवार को किया गया। धनबाद में आयोजित इस रोजगार मेला में विशिष्ट अतिथि के रूप में कोडरमा की सांसद और शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी,और मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला सांसद पशुपतिनाथ सिंह,धनबाद विधायक राज सिन्हा और धनबाद के आईआईटी डायरेक्टर, धनबाद जिला डाक विभाग के हेड उपस्थित थे, धनबाद में इस रोजगार मेला का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अन्नपूर्णा देवी,मुख्य अतिथि सांसद पशुपतिनाथ,धनबाद विधायक राज सिन्हा इन सभियो ने पहले दीप प्रज्वलित करके किया ।इस रोजगार मेला की शुरूवात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश को संबोधन किया।

मौके पर विशिष्ट अतिथि अन्नपूर्णा देवी, धनबाद सांसद और धनबाद विधायक ने धनबाद जिला के 30 युवाओं को पोस्टल विभाग और रेलवे के अलावा कई सरकारी विभागों की सहभागिता को नव नियुक्ति पत्र सौंपा।

# पानी की मांग को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने जलसहिया को घेरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** जल संकट से जूझ रही ग्रामीण महिलाओं ने 15 मई को पंचायत के जलसहिया को घेर लिया तथा जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण जलापूर्ति सुचारू रूप से करने की मांग पर अड़े रहे। बाद में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि के समझाने के बाद मामला शांत हो सका।प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के हद में कथारा पंचायत के वाशरी मार्ग पर स्थित माइंस रेसक्यू कॉलोनी के पीछे जलसहिया गुलिस्ता कमाल की देखरेख में पाइप मरम्मति का कार्य कराया जा रहा था। इसी बीच सूचना पाकर महीनों से जल संकट का दंश झेल रही कथारा बस्ती की दर्जनों महिलाएं नियमित जलापूर्ति की मांग को लेकर जलसहिया से उलझ गई ।जल सहिया द्वारा लाख समझाने की कोशिश का उन महिलाओं पर कोई असर नहीं दिख रहा था। ग्रामीण महिलाओं का आरोप था कि जल सहिया अपने गांव असनापानी में बेहतर जलापूर्ति की व्यवस्था कर रखी है। जबकि उनके गांव में या तो जलापूर्ति नहीं की जाती है अथवा रुक रुककर पानी की आपूर्ति की जाती है। किसके कारण उनके घरों में पानी की किल्लत हमेशा बना रहता है ।इस संबंध में जल सहिया गुलिस्ता कमाल का कहना है कि उक्त गांव में जलापूर्ति की स्थिति ठीक नहीं रहता है। उन्होंने बताया कि उक्त गांव के कुछ दबंगो द्वारा टुल्लू पंप से पानी खींच लेने के कारण भी जलसंकट बना रहता है। उन्होंने महिलाओं से इस मामले में सहयोग की अपील कीए जिससे वैसे दबंगो के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।

पेज 1 का शेष

## डीके या सिद्धारमैया...

**मंथन जारी :** मंगलवार को कर्नाटक में सीएम पद के दोनों उम्मीदवारों डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने कांग्रेस अध्यक्ष से उनके आवास पर मुलाकात की। इस गहन मीटिंग के बाद कर्नाटक के सीएम का नाम तय किया गया है। राहुल गांधी ने भी अपनी पसंद के बारे में पार्टी अध्यक्ष को बता दिया है। श्री खड़गे ने पहले राहुल गांधी के साथ चर्चा की। फिर दोनों दावेदारों सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार से मुलाकात की। पहले शिवकुमार खड़गे के आवास पर पहुंचे और वहां करीब आधे घंटे तक रहे। उनके जाने के बाद सिद्धरमैया ने खड़े से मुलाकात की।

## अमन श्रीवास्तव मुंबई से...

**मुंबई एटीएस की मदद से धराया :** एटीएस की टीम को जानकारी मिली थी कि अमन श्रीवास्तव मुंबई और बेंगलुरू से अपने गैंग को चला रहा है। इसके बाद एक रणनीति के तहत झारखंड एटीएस की दो टीम पिछले एक महीने से बेंगलुरू और मुंबई में डेरा डाले हुए थी। इसी बीच अमन श्रीवास्तव के मुंबई में होने की पुख्ता जानकारी एटीएस को मिली। झारखंड एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर महाराष्ट्र एटीएस में बतौर डीआईजी के रूप में काम कर चुके हैं। ऐसे में उन्होंने अविलंब अमन की गिरफ्तारी के लिए महाराष्ट्र एटीएस के अधिकारियों से संपर्क किया। महाराष्ट्र और झारखंड एटीएस की संयुक्त टीम ने मुंबई के वर्ली रेलवे स्टेशन के पास जाल बिछाया और सोमवार की शाम उसकी पहचान होने पर उसे रेलवे स्टेशन पर ही दबोचा लिया। **अमन पर हत्या और रंगदारी 23 से मामले दर्ज :** अमन श्रीवास्तव झारखंड के कोयला बेल्ट वाले इलाकों में आतंक का पर्याय बना हुआ था। उस पर हत्या, रंगदारी के दो दर्जन से ज्यादा मामले रामगढ़, हजारीबाग, रांची और लातेहार जैसे जिलों में दर्ज है। अमन श्रीवास्तव कुख्यात अपराधी सुशील श्रीवास्तव का बेटा है। 2010 में हजारीबाग कोर्ट में दिनदहाड़े सुशील श्रीवास्तव को एके-47 से भून दिया गया था। तभी से अमन श्रीवास्तव इस गैंग को अपने हाथों में लेकर उसे ऑपरेट करने लगा था। **रंगदारी के पैसे निवेश मामले में हुई थी कार्रवाई :** हाल के दिनों में झारखंड एटीएस की टीम ने अमन श्रीवास्तव गैंग के खिलाफ कई बड़ी करवाई की है। रांची, चतरा, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़ से करोड़ों में रंगदारी लेने वाले अमन श्रीवास्तव रंगदारी के पैसों का हवाला के जरिए बाहर निवेश करता था। एटीएस ने इस मामले में अमन श्रीवास्तव, उसके छोटे भाई अभिक श्रीवास्तव, बहन मंजरी श्रीवास्तव, बहनोई चंद्रप्रकाश रानू, चचेरे भाई प्रिंस राज, करीबी विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान, सिद्धार्थ कुमार साहू, पिंटू और सुनील के खिलाफ चार्जशीट भी दायर किया गया है।

## जैक बोर्ड का गठन...

इनके अलावा पदेना माध्यमिक शिक्षा निदेशक और जेसीईआरटी के निदेशक सदस्य होंगे। वहीं राज्य के विश्वविद्यालयों से एक-एक प्रतिनिधि होंगे। रांची विश्वविद्यालय से डॉ विजय सिंह सदस्य होंगे। इनके अलावा राजकीयकृत प्लस-2 उच्च विद्यालय तमाड़ के हेड मास्टर डॉ सुरजीत सिंह, नेतरहाट आवासीय विद्यालय के डॉ प्रसाद पासवान, डुमरी डिग्री कॉलेज के भरत बड़ाईक, शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ धनबाद के अरुण कुमार महतो, बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज डालटेनगंज की सुशीला मिश्रा, डीपीएस रांची के उप प्राचार्य एसएम ओमैर, प्लस टू जिला स्कूल दुमका के अजय कुमार गुप्ता, बीएसवी उच्च विद्यालय निवारणपुर के रिटायर्ड शिक्षक डॉ दीपचंद राम कश्यप, उच्च विद्यालय सरोतिया महगामा के मो. सिराजुद्दीन के अलावा झारखंड विधानसभा के सदस्य डॉ सुदिव्य कुमार, नारायण दास और दीपिका पांडे सिंह सदस्य बनाये गये हैं। इनके अलावा पीपीके कॉलेज बुंडू के रिटायर्ड टीचर डा राधा रमन साहू और अमानत अली इंटर कॉलेज बुंडू के प्राचार्य डॉ अली अल अराफा को सदस्य बनाया गया है। राज्यपाल के आदेश से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अपर सचिव कुमुद सहाय ने इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि यहां आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## दिल्ली, गुरुग्राम और पटना...

जांच के सिलसिले में सीबीआइ की टीम ने किरण देवी के आधिकारिक आवास के अलावा उनके विधानसभा क्षेत्र संदेश में उनसे जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली। बार-बार प्रयास के बावजूद किरण देवी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं हुईं। **जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं :** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने राजद नेताओं पर सीबीआई की छापेमारी को जायज ठहराते हुए संवाददाताओं से कहा, सीबीआई सहित केन्द्रीय जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। वे (राजद) सीबीआई की कार्रवाई से इतने डरे हुए क्यों हैं?

## छवि रंजन भेजे गये जेल...

गौरतलब है कि 4 मई को जमीन घोटाले में संलिप्त पाये जाने के बाद छवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया था। जमीन घोटाले मामले में लंबी पूछताछ के बाद 4 मई को रात के लगभग 9.44 बजे छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने उन्हें 5 मई को ईडी के विशेष अदालत में पेश किया था। जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया था। 5 मई को ही ईडी ने अदालत से छवि रंजन को रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया था। उस दिन अवकाश रहने की वजह से रिमांड की मंजूरी शनिवार की सुबह मिली। जिसके बाद 12 मई की दोपहर तक पूछताछ करने के बाद छवि को विशेष अदालत में पेश किया गया।

# जन समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधानः उपायुक्त

जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जांच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में टुंडी थाना क्षेत्र के महाराजगंज से आए स्वपन कुमार पाल ने सुखाड़ राहत का मुआवजा नहीं मिलने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि सुखाड़ पंजीकरण का सत्यापित हो जाने के बाद भी अभी तक सुखाड़ का मुआवजा राशि अबतक उनके खाते में नहीं आया है। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। जनता दरबार में बैंक मोड़ से आए गोपाल शर्मा ने गोविंदपुर अंचल के सुसनीलेव मौजा के सरकारी भूमि का अतिक्रमण के खिलाफ उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की सुसनीलेव मौजा के मौजा नंबर 88, में अवस्थित खाता नंबर 51 के तहत प्लॉट संख्या 1229 जो गैरबाद खाते की सरकारी जमीन है, को सेवा निर्वित सरकारी शिक्षक बुद्धेश्वर मुर्मू एवं उनके पुत्रों द्वारा उस भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर उनके द्वारा कार वाशिंग सेंटर, मोटर रिपेयरिंग दुकान, साईं ग्लास एंड अप्लाई के नाम से दुकान बना कर भाड़े पर लगाया जा रहा है। उपायुक्त ने इस मामले को गोविंदपुर अंचलाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।



## शिक्षा, रोजगार, पेंशन के लिए आवेदन

इसके अलावे उपायुक्त संदीप सिंह जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## तालाब जीर्णोद्धार के लिए सौंपा आवेदन

बाघमारा प्रखंड के महुदा थाना क्षेत्र से आए अभिजीत भट्टाचार्य ने तालाब खुदाई और जीर्णोद्धार के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया की तेलमोचो मौजा में लगभग 1 एकड़ में एक तालाब अवस्थित है। तालाब के आस पास निवास करने वाले ग्रामीण इस तालाब पर निर्भर है एवं गर्मी के समय में पानी का एकमात्र सहारा है। इस तालाब की खुदाई और जीर्णोद्धार करवाना अति आवश्यक हो गया है। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए।

## स्पीड न्यूज

### वेलिंग्टन के चार मंजिला लॉज में आग, 10 की मौत

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंग्टन स्थित एक चार मंजिला लॉज में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी। प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस ने कहा कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।

### यूपीएससी के अध्यक्ष बने डॉ. मनोज सोनी

**नयी दिल्ली।** डॉ मनोज सोनी ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। आयोग की वरिष्ठतम सदस्य स्मिता नागराज ने उन्हें शपथ दिलायी। डॉ सोनी 28 जून, 2017 को आयोग में सदस्य के रूप में शामिल हुए और बाद में पांच अप्रैल, 2022 को यूपीएससी के अध्यक्ष के पद के कर्तव्यों का पालन करने के लिए नियुक्त किये गये।

### पहली जून से आम लोगों के लिए खुलेगा राष्ट्रपति भवन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन पहली जून से अगले छह दिनों तक आम नागरिकों के लिये खुला रहेगा। वे राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच कुल सात समय स्लॉट में राष्ट्रपति भवन की यात्रा कर सकते हैं। इस दौरान आगंतुकों के लिये राष्ट्रपति भवन संग्रहालय परिसर भी खुला रहेगा।

### सीबीआइ ने पत्रकार पर केस दर्ज किया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी के खिलाफ जासूसी का मामला दर्ज किया है। उस पर डीआरडीओ और भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की खरीद से संबंधित संवेदनशील जानकारी एकत्र करके विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करने का आरोप है। सीबीआइ ने मामला दर्ज करने के बाद दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और जयपुर में 12 स्थानों पर तलाशी ली है।

### ब्लास्ट के बाद पहुंचे पुलिसकर्मियों को पीटा

**कोलकाता।** पूर्व मेदिनीपुर के एगरा में जहां अवैध पटाखा कारखाने में विस्फोट से कम से कम तीन लोगों की मौत हुई और चार लोग घायल हुए, वहां घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय थाने की देखरेख में ही अवैध कारखाने चल रहे हैं।

### उप्र में सड़क हादसा नौ लोगों की मौत

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में चिल्ली मोड़ के पास मंगलवार दोपहर को अनियंत्रित ट्रक ने यात्रियों से भरे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो में सवार नौ लोगों की मौके पर मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है।

# बागेश्वर बाबा ने पटना के महावीर मंदिर में लगायी हाजिरी



**पटना (हि.स.)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र शास्त्री अपनी पांच दिवसीय पटना दौरे पर हैं। नौबतपुर के तरेत पाली गांव में आयोजित कार्यक्रम में लाखों लोगों को हनुमंत कथा सुना रहे हैं। इसी बीच, मंगलवार को बाबा बागेश्वर पटना के महावीर मंदिर पहुंचे और बजरंगबली के दरबार में हाजिरी लगायी। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने मंदिर में पूजा अर्चना की और भगवान के दर्शन किये। इस दौरान मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग बागेश्वर सरकार की एक झलक पाने के लिए उतावले दिखे। आज सुबह से ही यह संभावना जतायी जा रही थी कि बाबा बागेश्वर बजरंगबली के दर्शन के लिए पटना के महावीर मंदिर में पहुंच सकते हैं।

महावीर मंदिर के आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि हनुमंत कथा के आयोजकों ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के महावीर मंदिर में पहुंचने की जानकारी दी थी, लेकिन यह जानकारी नहीं दी गयी थी कि बाबा बागेश्वर किस समय मंदिर पहुंचेंगे। पहले कहा जा रहा था कि 17 मई को हनुमंत कथा समाप्त करने के बाद बाबा बागेश्वर महावीर मंदिर पहुंचेंगे, लेकिन मंगलवार होने के कारण आज ही वे दर्शन के लिए मंदिर पहुंच गये। इस दौरान भीड़ को संभालने में मंदिर प्रबंधन और पुलिस के पसीने छूट गये।

#### उमड़ा भक्तों का हुजूम

बागेश्वर बाबा जब होटल पनास से तरेत पाली मठ के लिए सड़क मार्ग से निकले तो उनके भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। बाबा ने भी लोगों को निराश नहीं किया और कार का सनरूफ खोलकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। अपने बीच में बाबा को पाकर श्रद्धालु गदगद हो गये।

### अमेरिका के दौरे पर जायेंगे राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 10 दिवसीय दौरे पर अमेरिका जायेंगे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी 30 मई को अमेरिका के लिए रवाना होंगे। इस दौरान वे न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। सूत्रों का कहना है कि मैडिसन स्क्वायर में आयोजित होनी वाली रैली में 5000 के आसपास भारतीय लोग शामिल होंगे। वह स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पैनल चर्चा और भाषण के लिए वाशिंगटन और कैलिफोर्निया जायेंगे। अपनी यात्रा के दौरान वह नेताओं और उद्यमियों से भी मिलेंगे।

# मानसून 4 जून को पहुंचेगा केरल

## भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा- 4 दिनों की देरी होने की संभावना

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** मानसून इस बार कुछ दिनों की देरी से केरल पहुंचेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने मंगलवार को कहा कि केरल के ऊपर दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत में थोड़ी देरी होने की उम्मीद है और इसके 4 जून तक आने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रूप से लगभग 7 दिनों के मानक विचलन के साथ 1 जून को केरल में प्रवेश करता है। पिछले साल मानसून 29 मई को केरल के तट पर पहुंचा था।

मौसम कार्यालय ने एक बयान में कहा, इस वर्ष केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत में थोड़ी देरी होने की संभावना है। केरल में मानसून की शुरुआत 4 जून को 4 दिनों की देरी के साथ होने की संभावना है।

भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन केरल में मानसून के आरंभ से होता है और गर्म और शुष्क मौसम को वर्षा ऋतु में बदलने इशारा करता है। जैसे-जैसे मानसून उत्तर की ओर बढ़ता है, झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलती है। आइएमडी ने पिछले महीने कहा था कि अल नीनो की स्थिति के बावजूद भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। वर्षा आधारित कृषि भारत के कृषि परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसमें शुद्ध कृषि क्षेत्र का 52 प्रतिशत इस बारिश पर निर्भर है। यह देश के कुल खाद्य उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत है, जो भारत की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

इस बीच, मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों के दौरान हरियाणा और दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में धूल भरी आंधी चल सकती है। अगले दो दिनों के दौरान मध्य प्रदेश और विदर्भ क्षेत्र में भी धूल भरी आंधी और धूल भरी हवा चलने की संभावना है। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि हाल ही में पश्चिमी विक्षोभ का असर रहा है और अब तेज हवा चल रही हैं। पिछले एक हफ्ते से तापमान काफी अधिक रहा है। तापमान ज्यादातर 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर ही रहा है। मौसम विभाग के अधिकारी के अनुसार वातावरण शुष्क है और गर्म वातावरण के कारण मिट्टी हलकी हो जाती है। इसलिए 40-45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं सतह से धूल उठा रही हैं और इसे वायुमंडल में फैला रही हैं। मुख्य रूप से ये 1-2 किमी की ऊंचाई तक फैल रही हैं।

#### बंगाल में आंधी-तूफान और बारिश में 9 लोगों की जान गयी

**कोलकाता (हि.स.)।** बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान मोचा के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में आयी आंधी और तूफान के साथ बारिश में नौ लोगों की जान ले ली। जबकि, कई लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। इसे देखते हुए मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की भी आशंका है। आंधी-तूफान और बारिश के दौरान ज्यादातर लोगों की मौत बिजली तार की चपेट में आने या पेड़ों की शाखा गिरने से हुई। चक्रवाती तूफान मोचा का राज्य के तटीय इलाकों में व्यापक असर पड़ा। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के सूत्रों की तरफ से मंगलवार सुबह इसकी पुष्टि करते हुए बताया गया है कि मरने वालों में शामिल खुशबू यादव (12 साल) सोमवार देर शाम हावड़ा शिवपुर के पीके रॉय लेन से ट्यूशन पढ़कर लौट रही थी, उसी समय चक्रवात की वजह से टूट कर गिरे बिजली की तार की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। नदिया जिले के राणाघाट के कौशिक ढाली की बैरकपुर के पार्क में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। तेज आंधी के कारण पेड़ के नीचे खड़े इस व्यक्ति के सिर पर पेड़ की शाखा गिर गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## वाणिज्य की खबरें

### एफटीए पर बातचीत तेज करने पर भारत और इयू सहमत

**नयी दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (इयू) ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) से संबंधित सभी मुद्दों पर आम राय तलाश कर समझौते से संबंधित बातचीत की प्रक्रिया तेज करने पर सहमति जतायी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी बयान में यह जानकारी दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय संघ के कार्यकारी निकाय यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष वाल्दिस दाम्ब्रोवस्की के साथ ब्रसेल्स में हुई मुलाकात के दौरान एफटीए वार्ता को तेज करने पर सहमति जतायी गयी। दाम्ब्रोवस्की के साथ पीयूष गोयल की इस मुलाकात में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। यह बैठक भारत-यूरोपीय संघ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद की पहली मंत्री-स्तरीय बैठक से इतर हुई।

### मुनाफावसूली के दबाव में टूटा बाजार

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को पूरे दिन मुनाफावसूली का दबाव बने रहने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 0.6 प्रतिशत से अधिक गिरकर बंद हुए। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन बिकवाली के दबाव से बाजार ने शुरुआती बढ़त को थोड़ी देर बाद ही गंवा दिया। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.66 प्रतिशत और निफ्टी 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 59 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो गया। बीएसइ का सेंसेक्स आज 413.24 अंक की कमजोरी के साथ 61,932.47 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसइ का निफ्टी 112.35 अंक की कमजोरी के साथ 18,286.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### रवनीत कौर सीसीआइ की चेयरपर्सन नियुक्त

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रवनीत कौर को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) का चेयरपर्सन नियुक्त किया है। सीसीआइ प्रमुख के तौर पर कौर की नियुक्ति पांच साल या 65 वर्ष की उम्र तक के लिए की गयी है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गयी है।

### देश में उत्पादित कच्चे तेल पर नहीं लगेगा विंडफॉल टैक्स

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) घटाकर शून्य कर दिया है। घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 4,100 रुपये प्रति टन से घटाकर शून्य किया गया है। इसके साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर कर की शून्य दर जारी रखी गयी है। नयी दरें मंगलवार से लागू हो गयी हैं।

### अश्विनी वैष्णव ने लांच किया 'संचार साथी' पोर्टल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को एक समारोह में मोबाइल उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए संचार साथी पोर्टल लांच किया। यह पोर्टल दूरसंचार विभाग की एक पहल है। यह नागरिकों को उनके नाम पर जारी किये गये मोबाइल कनेक्शनों को जानने, अनावश्यक कनेक्शनों को डिस्कनेक्ट करने और चोरी व खोए हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक और ट्रेस करने की अनुमति देकर उन्हें सशक्त बनाता है।

## दूसरों को भी रोजगार मेला योजना के संबंध में बतायें : सीतारमण



**चेन्नई/नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार मेला योजना के तहत नौकरी पाने वालों को सलाह दी है कि वे दूसरे लोगों को भी इस योजना के फायदे बतायें। सीतारमण ने चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों को नियुक्ति पत्र दिये। वित्त मंत्री ने मंगलवार को डाक विभाग, रेलवे, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेट्रोलियम और रक्षा सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नयी भर्तियों के लिए करीब 250 लोगों को नियुक्ति पत्र दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह एक कदम है।

निर्मला सीतारमण ने नवनियुक्त लोगों से बात करते हुए कहा कि आप अपने परिवार के अलावा अन्य लोगों को भी रोजगार मेला योजना के फायदे बतायें और उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए कहें। वित्त मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों के साथ सेल्फी भी ली।

#### युवाओं को नयी दिशा देने का काम करेगा मेला : स्मृति ईरानी

**लखनऊ।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बोलते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को एक नयी दिशा देने का काम करेगा। इस मेले से कई लोगों को राष्ट्रसेवा का मौका मिलने वाला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रोजगार मेला प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक पहल है। रोजगार मेला रोजगार सृजन तथा युवाओं के सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभायेगा। स्मृति ईरानी ने कहा कि सरकार ने 2023 तक 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### त्र्यंबकेश्वर मंदिर में जबरन प्रवेश की होगी एसआइटी जांच : देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि नासिक जिले के त्र्यंबकेश्वर में जबरन प्रवेश की छानबीन एसआइटी के माध्यम से करवायी जायेगी। एसआइटी पिछले वर्ष भी त्र्यंबकेश्वर मंदिर में हुए जबरन प्रवेश की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि इस समय त्र्यंबकेश्वर मंदिर के आस पास स्थिति नियंत्रण में है। उर्स के दौरान सोमवार को कुछ लोगों ने त्र्यंबकेश्वर मंदिर में जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया था, लेकिन इन लोगों को मंदिर प्रशासन ने रोक दिया था।

## सोशल मीडिया पर बाल यौन शोषण सामग्री में इजाफे से एनएचआरसी चिंतित, नोटिस जारी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सोशल मीडिया पर चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटेरियल (सीसैम) के चलन में 250 से 300 प्रतिशत इजाफे पर चिंता जाहिर करते हुए राज्यों को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मंगलवार को इस संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है। कथित तौर पर सीएसएएम सामग्री विदेशी है और भारतीय जांच एजेंसियों को अभी तक किसी भी भारतीय निर्मित सीएसएएम का पता नहीं चला है। आयोग ने दिल्ली पुलिस आयुक्त, सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशकों, निदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) और सचिव, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को नोटिस जारी कर सोशल मीडिया पर इस तरह के खतरे को रोकने के लिए उठाये गये कदमों पर 6 सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री के दुष्प्रभावों से चिंतित है। इससे बच्चों की अपूरणीय मनोवैज्ञानिक क्षति हो सकती है।

## पूरे ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की मांग वाली याचिका पर 22 मई को सुनवाई

**वाराणसी (हि.स.)।** ज्ञानवापी परिसर में मिली शिवलिंग जैसी आकृति ही नहीं बल्कि पूरे ज्ञानवापी परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) से सर्वे कराने की मांग वाली याचिका मंगलवार को जिला जज की अदालत में दायर की गयी। इस पर 22 मई को सुनवाई होगी। अदालत ने प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी को आपत्ति दाखिल करने के लिए 19 मई तक समय दिया है।

याचिका राम प्रसाद सिंह, महंत शिवप्रसाद पांडेय, लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दाखिल की। याचिका दाखिल करने के पहले अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी केस की वादिनी महिलाओं के साथ बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन किया। ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग जैसी आकृति मिलने के एक वर्ष पूरे होने पर वादी महिलाओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक और पूजन किया। इस दौरान मंदिर परिसर से ही महिलाओं ने पूरे ज्ञानवापी परिसर की एएसआइ सर्वे कराने की मांग की।

#### वैज्ञानिक सर्वे के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट में केविएट

**नयी दिल्ली।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग का वैज्ञानिक सर्वे के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के बाद हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट याचिका दायर की है। हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट दाखिल कर अपील की है कि अगर दूसरा पक्ष इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देता है तो बिना उनका पक्ष सुने कोई आदेश पारित ना किया जाये।

### खत्म हुआ इंतजार, 7 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी 'अवतार : द वे ऑफ वॉटर'




दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर हिट रही फिल्म 'अवतार : द वे ऑफ वॉटर' अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इस फिल्म का हिंदी वर्जन रिलीज किया जायेगा। सबकी निगाह इस बात पर थी कि यह फिल्म किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म 'डिज्नी प्लस हॉटस्टार' पर 7 जून को रिलीज होगी। यह फिल्म अंग्रेजी के साथ हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भी होगी। फिल्म 'अवतार : द वे ऑफ वॉटर' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया था। फिल्म ने दुनियाभर में अच्छी कमाई की।

## मोदी की यात्रा से पहले अमेरिकी रिपोर्ट में मुस्लिमों पर हमलों का जिक्र

**वाशिंगटन (हि.स.)।** अगले महीने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले अमेरिका ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें भारत को नसीहत दी गयी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय मुस्लिमों के घरों पर बुलडोजर चलाने और मध्य प्रदेश के खरगोन में मुस्लिमों के घरों पर हमले का भी जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की सद्भाव की पहल व इस दिशा में दिये उनके बयानों की भी चर्चा हुई है।



अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर वार्षिक रिपोर्ट 2022 जारी करते हुए कहा कि इस रिपोर्ट का उद्देश्य उन क्षेत्रों को उजागर करना है, जहां जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता का दमन किया जा रहा है। रिपोर्ट के भारत खंड में कहा गया है कि इस वर्ष के दौरान कई राज्यों में धार्मिक अल्पसंख्यक सदस्यों के खिलाफ हिंसा की कई रिपोर्ट सामने आयी है। रिपोर्ट में जानकारी दी गयी है कि सितंबर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मुस्लिम समुदाय के पांच प्रमुख सदस्यों से उनकी चिंताओं को सुनने और मुसलमानों एवं हिंदुओं के बीच सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के बारे में चर्चा करने के लिए मुलाकात की। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में भागवत ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि देश में हिंदुओं और मुस्लिमों के साथ धर्म के आधार पर अलग-अलग व्यवहार नहीं करना चाहिए और गोकशी के लिए गैर-हिंदुओं की हत्या हिंदुत्व के खिलाफ है।

#### अमेरिकी दौरे पर बाइडन दंपति के अतिथि होंगे मोदी

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले माह अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और देश की प्रथम महिला नागरिक के अतिथि होंगे। भारत के प्रधानमंत्री मोदी 22 जून को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जायेंगे। इस यात्रा को लेकर अमेरिका खासा उत्साहित है। व्हाइट हाउस ने घोषणा की है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन अगले महीने आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए अमेरिका दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेजबानी करेंगे।

#### पीएम तीन देशों की यात्रा पर 19 मई को होंगे रवाना

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7, भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच और क्वाड से जुड़े शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए 19 से 24 मई तक तीन देशों की यात्रा पर जायेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापानी अध्यक्षता में हो रहे जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जापान के प्रधान मंत्री किशिदा फुमियो के निमंत्रण पर 19-21 मई को हिरोशिमा, जापान का दौरा करेंगे। 22 मई को प्रधानमंत्री पापुआ न्यू गिनी के पोर्ट मोरेस्बी की यात्रा करेंगे। इसके बाद क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के सिडनी का दौरा करेंगे।

